ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
12 मई, 2024
वैशाख, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 201
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही




### चतरा के सिमरिया में विपक्ष पर जम कर बरसे प्रधानमंत्री

# नोटों का पहाड़ उगा रहा कांग्रेस-झामुमो : मोदी

- यह चोर-लुटेरों से देश को बचाने का चुनाव है
- शहजादे को अपनी उम्र से भी कम सीट मिलने जा रही
- ये लोग देश की संपत्ति मुसलमानों को देना चाहत हैं
- ये आपका आरक्षण अपने वोट बैंक को देना चाहते हैं
- घुसपैठियों को संरक्षण दे रही झामुमो सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2024 का चुनाव सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है। ये चुनाव देश बनाने का चुनाव है। ये चुनाव चोर-लुटेरों से देश को बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि झामुमो और कांग्रेस के ठिकानों से नोटों के पहाड़ निकल रहे हैं। यहां मंत्री, मंत्री का पीएस, पीएस का भी नौकर भ्रष्टाचार में डूबा है। यहां नोटों के पहाड़ उगाने का काम झामुमो और कांग्रेस ने किया है। इनकी बेशर्मी देखिये, इतने नोट निकलने के बाद शर्म से आंख झुक जानी चाहिए, लेकिन इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। कर्मचारियों के घरों से करोड़ों निकल रहे हैं। मालिकों के घर से कितना निकलेगा। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि ऐसे लोगों पर कौन कार्रवाई कर सकता है। आपका बेटा मोदी ये काम करेगा। प्रधानमंत्री शनिवार को चतरा के सिमरिया में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने चतरा से कालीचरण सिंह और हजारीबाग से मनीष जायसवाल को विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज की भीड़ बता रही है 4 जून के नतीजे। इंडी अलायंस वाले अपनी हार मान चुके हैं। पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि शहजादे को अपनी उम्र से भी कम सीट मिलने जा रही है।

**आपके वोट की ताकत ने आदिवासी को राष्ट्रपति बनाया:** प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ने आदिवासी बेटी को देश का राष्ट्रपति बनाया है। वह तीनों सेनाओं को कमान करती हैं। आप बताइये उनको राष्ट्रपति किसने बनाया। मोदी ने नहीं बनाया, आपके वोट ने बनाया। आपके वोट की ताकत है कि द्रोपदी मुर्मू देश की राष्ट्रपति है। आपके वोट की ताकत से 500 साल के इंतजार के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण किया गया। हम प्रभु राम की भक्ति करते हैं।



## झामुमो और कांग्रेस का एक ही एजेंडा है, ना करेंगे, ना करने देंगे

प्रधानमंत्री ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस का एक ही एजेंडा है। ना करेंगे, ना करने देंगे। ये भ्रष्टाचार के अलावा कुछ करते भी नहीं है। मोदी जो काम करता है, उसे भी ये करने नहीं देते हैं। साथियों मैं गरीब परिवार में पैदा हुआ हूं, गरीबी क्या होती है मैं जानता हूं। इसीलिए मैं चाहता हूं कि मेरे देश के गरीब का चूल्हा जलता रहना चाहिए। लेकिन ये लोग चाहते है कि मोदी का भेजा राशन आपको मिले ही नहीं।

## अब विपक्ष में बैठने के लिए मान्यता की जुगाड़ में जुटे

मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ये जो छोटे-छोटे दल हैं, उन सबको अपना विलय कांग्रेस में कर देना चाहिए। मैं सोच रहा था कि ऐसा उन्होंने क्यों किया। क्योंकि उनके मन में हताशा घर कर गयी है। वे क्षेत्रिय पार्टियों का अस्तित्व खत्म कर देना चाहते हैं। पिछले तीन चरण के मतदानों के रुझान के बाद उन्होंने ऐसा सुझाव दिया है। विपक्ष को जितनी सीटें चाहिए यानि दस प्रतिशत होती है, उनको लग रहा इतनी भी नहीं आयेगी। अगर विलय कर देंगे तो मान्य विपक्ष के रूप में उनको मान्यता मिल जाये। देश के मतदाताओं ने तीन चरणों में ही ऐसा सबक सीखा दिया है कि वे अब विपक्ष में बैठने के लिए मान्यता की जुगाड़ में जुटे हैं।

**झामुमो सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है :** मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग देश की संपत्ति मुसलमानों को देना चाहते हैं। ये आपका आरक्षण अपने वोट बैंक को देना चाहते हैं। आंध्रप्रदेश में इन लोगों ने यही किया। ओबीसी का आरक्षण मुलसमानों को दे दिया। झामुमो सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। गरीब आदिवासियों की बेटियों की इज्जत लूटी जा रही है। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि आदिवासियों के बच्चे भी ज्यादा से ज्यादा इंजीनियर डॉक्टर बने। इसी को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार की ओर से स्थानीय भाषाओं में हायर स्टडी को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, लेकिन, ये लोग विरोध कर रहे हैं। झारखंड में एक ही उद्योग लगा, अफीम का उद्योग। ये आपके बच्चों को नशे की दलदल में धकेलना चाहते हैं।

**इंडी वाले विकास में रोड़ाः** प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार झारखंड के बच्चों की शिक्षा के लिए प्रयास कर रही है। हमारी कोशिश है कि इस क्षेत्र में अच्छी सड़कें बनें। हाइवे बने। उद्योग लगे। लेकिन, इंडी गठबंधन के लोग इन विकास कार्यों में रोड़ा अटका रहे हैं। मैं पूछ रहा हूं कि ऐसा क्यों कर रहे हो। दरअसल, उनको आपकी चिंता नहीं है। वे अपना स्वार्थ देख रहे हैं। भ्रष्टाचार करके किसी भी तरह से सत्ता में बने रहना चाहते हैं।

**इंडी गठबंधन के दलों से देश को बचाना जरूरीः** मोदी ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है, ये चुनाव देश बनाने का चुनाव है। ये चुनाव चोर लुटेरों से देश को बचाने का चुनाव है। ये चुनाव आपके बच्चों का भविष्य सुनिश्चित करने का चुनाव है। आप तो जानते हैं कि वे कौन लोग ह, जिनसे देश को बचाना जरूरी है। कांग्रेस, झामुमो और इंडी गठबंधन के दलों से देश को बचाना जरूरी है।

**विधानसभा में भी एनडीए की सरकार बनेगीः** प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं बड़ी जिम्मेवारी के साथ कह रहा हूं, लोकसभा चुनाव के साथ ही जहां-जहां विधानसभा के लिए चुनाव हो रहे हैं, वहां भी भारी बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि शहजादे की पार्टी को उनकी उम्र से भी कम सीटें मिलेंगी।

# झामुमो-कांग्रेस ने झारखंड में लूट मचा रखी है: बाबूलाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सभा को किया संबोधित

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमरिया।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग अपने लिए राजनीति करते हैं। अपने परिवारवालों के लिए राजनीति करते हैं। पैसों के लिए राजनीति करते हैं। इसलिए इंडी वालों में अधिकांश लोग आज जेल में हैं। कोई बेल पर है। कोई सजायाफ्ता है। ऐसे लोग भारत के भाग्य विधाता बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो-कांग्रेस वालों ने झारखंड में लूट मचायी हुई है। सब कुछ लूट कर बेच दिया। बालू, लोहा, कोयला, गैरमजरुआ जमीन तक का पेपर बना कर के लूटने का काम किया। इन्होंने तो सेना की जमीन तक को नहीं छोड़ा, उसे भी लूटा। बाबूलाल सिमरिया में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

**मंत्री के निजी सचिव मामले में साधा निशानाः** बाबूलाल ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग कहते हैं कि हेमंत सोरेन को जेल में क्यों डाला। अरे भाई अगर लूटेगा, तो जेल ही जायेगा न। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के मंत्री और कांग्रेस के बड़े नेता आलमगीर आलम के निजी सचिव के नौकर के यहां से इडी की छापामारी के दौरान 32 करोड़ नगद पैसे मिले हैं। अब बतायें कि यह पैसा किसका है। क्या यह लूट का पैसा नहीं है। इनके नौकरों के पास इतना पैसा मिल रहा है, तो इनके आकाओं के पास कितना लूट का पैसा मिलेगा, इनके मंत्रियों और निजी सचिवों के यहां कितना पैसा होगा। यह समझा जा सकता है। अब इसके बाद भी कांग्रेस और झामुमो के लोग कहते हैं कि हेमंत सोरेन का क्या कसूर है।



## प्रत्याशी को भारी मतों से जीताने की अपील की

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि हमें देश को विकसित भारत बनाना है, समृद्ध भारत बनाना है। यह तभी पूरा होगा, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र 2024 में भारी मतों से जीतेंगे और 400 पार लक्ष्य हासिल करेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 10 वर्षों में गरीबों, महिलाओं, आम लोगों के हित में उठाये गये कदमों का जिक्र किया। बाबूलाल ने केंद्र की योजनाओं के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि ने कहा कि मैं आप लोगों निवेदन करता हूं कि इस बार मनीष जयसवाल और कलीचरण सिंह को रिकार्ड मतों से विजयी बनायें।

## हमारा गठबंधन विकास के नाम पर वोट मांग रहा: मनीष

सिमरिया (आजाद सिपाही)। हजारीबाग के भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसजवाल ने कहा कि एनडीए गठबंधन बहुत मजबूत है। हमारा गठबंधन विकास के नाम पर वोट मांग रहा है। हमारा लक्ष्य झारखंड की सभी 14 सीटें हासिल करना है। इस बार भाजपा 400 पार का लक्ष्य जरूर तय करेगी। जहां धर्म नहीं रहेगा, तो वहां जाति कैसे सुरक्षित रहेगी। हमे धर्म की रक्षा करनी है।

## झारखंड में सभी 14 सीटं जीतेंगे : कालीचरण

सिमरिया (आजाद सिपाही)। चतरा से प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा कि मैं एक सामान्य कार्यकर्ता रहा हूं। अगर आज मैं भाजपा से चतरा का प्रत्याशी हूं, तो यह मेरे चतरा की जनता का योगदान है। हम झारखंड की सभी 14 सीटें जीतेंगे। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा 400 पार का लक्ष्य तय करेगी।



# सिमरिया में दिखी मोदी लहर की बानगी

- सिमरिया की सड़क और चौक हो गया चोक
- सभास्थल से जैसा देखा सुना
- चहका बचपन, तो युवा-बुजुर्ग-महिलाओं का उत्साह उफान पर
- मोदी...मोदी...मोदी और जय श्री राम के नारों की गूंज


राकेश सिंह







**सिमरिया।** जब विपक्ष बोलता है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर नहीं है, तो उसे झारखंड के सिमरिया आकर देखना चाहिए कि मोदी लहर होती क्या है। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देखने और सुनने जिस हिसाब से भीड़ का जत्था आ रहा था, वह शब्दों में कैसे बयां करूं। कठिन लग रहा है। बस समझ लीजिए भीड़ का नजारा ऐसा कि कभी न खत्म होने वाली कड़ी लग रही थी। भीड़ कहां से शुरू और कहां खत्म हो रही थी, उसे पता लगाने के लिए कई किलोमीटर चलना पड़ता। समय करीब दो बजे थे। सिमरिया चौक की तरफ से आजाद सिपाही की टीम सभास्थल की ओर बढ़ रही थी। चौक अचानक से चोक होने लगा। कार्यकर्ताओं और आम लोग पीएम मोदी को देखने के लिए आगे बढ़ रहे थे। सभा करीब साढ़े चार बजे शुरू होनी थी। दूर गांव से लोग पैदल सभास्थल पहुंच रहे थे। क्या युवा, क्या जवान, क्या पुरुष और क्या महिलाएं, बुजुर्ग भी बड़े उत्साह के साथ सभास्थल की ओर तेजी से बढ़ रहे थे। बच्चे भी चहक-चहक कर पीएम का दीदार करने के लिए उत्साह के साथ सभा की ओर आ रहे थे। सिमरिया का मौसम भी साथ दे रहा था। शुरुआत में तो धूप थी, लेकिन तपिश कम थी, क्योंकि आसपास के इलाकों में बहुत तेज बारिश हुई थी। खेत के खेत पानी से भर गये थे। हवा इतनी तेज कि पेड़ सड़क पर गिरे पड़े थे। बिजली भी बहुत तेज कड़क रही थी। करीब आधे घंटे में ऐसा प्रतीत हुआ कि कहीं यह बारिश सिमरिया में भी हो रही होगी, तो सभा को बहुत असर पड़ता। लोग पहुंच नहीं पाते। जब बारिश हो रही थी, तो उस वक्त हम लोग सिमरिया से चालीस किलोमीटर दूर थे। कुछ देर के लिए तो गाड़ी भी रोकनी पड़ी थी। क्योंकि पेड़ों से डाल हमारे सामने ही गिर रहे थे। हजारीबाग के झंडा चौक से हम लोग सिमरिया की तरफ निकले थे। खैर जब हम सभास्थल पहुंचे, तो कार्यकर्ताओं की तो छोड़ दीजिए, ऐसा लग रहा था कि आज की सभा की कमान आम जनता ने ही संभाल रखी है। इस सभा को महा विजय संकल्प सभा का नाम दिया गया। करीब 3 बजे की बात करूं तो सभास्थल पर लगा टेंट भर चुका था। जितनी भीड़ अंदर थी, उससे चार गुणा भीड़ टेंट के बाहर भी थी। ऐसा लग रहा था कि मेला लगा है। इसी दौरान अचानक से हवा तेज होने लगी, धूल उड़ने लगी, मोटी-मोटी बारिश की बूंदें तेज होने लगीं। उसके बाद बारिश तेज हो गयी। जो लोग टेंट में थे, वे तो आराम से बैठे थे, लेकिन जो भीड़ बाहर खड़ी थी, भाग कर छिपने की जगह तलाशने लगी। बारिश सिर्फ 15 मिनट तक हुई। उसके बाद रुक गयी। मौसम सुहाना हो गया। लोगों को गर्मी से राहत भी मिली। अब हम सभास्थल में प्रवेश कर गये थे। सभा में मौजूद लोग पीएम मोदी का बड़ी उत्सुकता के साथ इंतजार कर रहे थे। घड़ी-घड़ी गजब का शोर जनता के द्वारा।

वक्त करीब तीन बज कर पच्चीस मिनट। अभी भी बसें भर-भर कर लोगों की भीड़ सभा देखने आ रही थी। भीड़ में आ रहे लोगों से जब इस संवाददाता ने बातचीत करनी शुरू की, तो सभी मोदी के मुरीद थे। वे सभी केंद्रीय योजनाओं की सराहना कर रहे थे। कह रहे थे मोदी ने खाने को दिया, इलाज कराया। भीड़ में ही एक बुजुर्ग मुसलमान मिले, बातचीत में उन्होंने बताया कि मोदी ने बहुत कुछ दिया है। मुफ्त राशन दिया है, गैस सिलिंडर दिया है, इलाज भी करवा रहे हैं और क्या चाहिए।

समय पांच बज कर पांच मिनट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हेलीकॉप्टर की आवाज सुनाई देनी शुरू हुई। लोगों का शोर और हेलीकॉप्टर की आवाज में कंपटीशन था। जैसे-जैसे हेलीकॉप्टर की आवाज तेज हो रही थी, लोगों की आवाज उससे भी ज्यादा तेज। भीड़ में जय श्रीराम के नारे लगाने शुरू किये। नरेंद्र मोदी जिंदाबाद का नारा आसमान में गूंजने लगा। समय पांच बज कर 16 मिनट और नरेंद्र मोदी की मंच पर इंट्री होती है। लोगों में गजब का जोश। शोर से पूरा वातावरण मोदी मय हो गया।

पांच बज कर 22 मिनट पर नरेंद्र मोदी ने जय श्रीराम के नारों के साथ अपना भाषण शुरू किया। मोदी के एक-एक शब्द पर लोगों का शोर। यह शोर नहीं लहर थी, जो बता रही थी कि मोदी देश की जनता के लिए क्या हैं। मोदी एक भावना हैं।

## कदम-कदम पर बदलती है भाजपा की बात और चाल : कल्पना सोरेन

- तानाशाही ताकतों को उखाड़ फेंकें : मंत्री मिथिलेश
- चिनिया के आइटीआइ मैदान में इंडिया गठबंधन की चुनावी जनसभा आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**चिनिया (गढ़वा)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा की बात और भाजपा की चाल कदम-कदम पर बदलती रहती है। झूठे सपने दिखला कर भाजपा सत्ता में बने रहना चाहती है। उपस्थित जनसमूह से अपील करते हुए श्रीमती सोरेन ने कहा कि सभी लोग वोट की चोट कर भाजपा की चाल को ठीक कर दें। आगामी 13 मई को पलामू लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुईंा को लालटेन छाप पर वोट देकर पलामू की आवाज को बुलंद करें। श्रीमती सोरेन शनिवार को जिले के चिनिया प्रखंड के चिरका स्थित आइटीआइ के मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित कर रही थीं।

**हेमंत ने हक मांगा, तो भाजपा ने उन्हें जेल में बंद करवा दिया:** कल्पना सोरेन ने कहा कि लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन को जीतायें। यदि लोकतंत्र नहीं बचेगा, तो हम सभी का सारा अधिकार लूट जायेगा। उन्हांने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने जिन उद्देश्यों के साथ झारखंड राज्य को अलग कराया था, उनके सपनों को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पूरा कर रहे थे। उन्होंने केंद्र से अपने राज्य का बकाया पैसा एक लाख 36 हजार करोड़ मांगा, तो केंद्र सरकार को तकलीफ हो गयी। उस पैसे से पूरे झारखंड का, राज्य की एक-एक जनता का विकास होता। हेमंत सोरेन द्वारा किये जा रहे बेहतर कार्यां से घबरा कर उन्हें जेल में बंद कर दिया। श्रीमती सोरेन ने कहा कि झारखंड गरीब नहीं है। यहां धरती के नीचे अथाह खजाना भरा हुआ है। झारखंड के इसी खान पर केंद्र की गिद्ध नजर लगी हुई है। केंद्र सरकार झारखंड को लूटने के लिए हर हथकंडा अपना रही है। उन्होंने कहा, भाजपा के लोग अपने काम करेंगे नहीं और दूसरे के कामों का श्रेय लेने की होड़ मचाये रखते हैं। श्रीमती सोरेन ने कहा कि अभी वक्त है सभी लोग एकजुट होकर केंद्र सरकार को सबक सिखायें।

### हेमंत की आवाज दबाने के लिए केंद्र सरकार ने जेल भिजवा दिया: मिथिलेश ठाकुर

गढ़वा विधायक, झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने उपस्थित जनसमूह से आह्वान करते हुए कहा कि अब वक्त आ गया है कि तानाशाही ताकतों को उखाड़ फेंकें। लोकतंत्र एवं संविधान का अपमान करने वालों को सबक सिखायें। यह लड़ाई झारखंड की आन, बान और शान की लड़ाई है। राज्य की स्मिता बचाने के लिए इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुइयां को वोट देकर दिल्ली पहुंचायें। उन्होंने कहा कि कल्पना सोरेन घर परिवार को संभालने वाली महिला थीं। केंद्र सरकार ने झारखंड की आवाज को दबाने के लिए हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया, तब ये झारखंड की आवाज बनकर राज्य की स्मिता बचाने के लिए सामने आयीं। तीन महीने से भी कम समय में केंद्र सरकार के अन्याय के खिलाफ पूरे देश में छा गयीं। मौके पर प्रत्याशी ममता भुइयां, डॉ यासिन अंसारी, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष छोटू सिंह खरवार, दीपमाला आदि ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने किया। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे सहित गठबंधन के कई नेता उपस्थित थे।

## झारखंड में पहले चरण के लिए प्रचार पर ब्रेक

- खूंटी, लोहरदगा, सिंहभूम और पलामू में थमा शोर
- वोटिंग कल, काउंट डाउन शुरू
- 64 लाख वोटर, 45 प्रत्याशी चुनावी मैदान में

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान 13 मई को होना है। झारखंड में भी चौथे चरण के साथ लोकसभा के चुनावी पर्व का आगाज होगा। झारखंड के पहले चरण में लोहरदगा, खूंटी, पलामू और सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में चुनाव होने हैं। इन चारों सीटों में राज्य के 10 जिले और 23 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। शनिवार को इस चरण के प्रचार का आखिरी दिन रहा। इन चार लोकसभा क्षेत्र से 45 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें सिंहभूम के चार, लोहरदगा के 15, पलामू के नौ और खूंटी के सात प्रत्याशी शामिल हैं।

**पलामू में सबसे अधिक मतदाता, खूंटी में सबसे कम :** चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक चौथे चरण में झारखंड के 64 लाख 37 हजार 460 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इसमें 32 लाख 29 हजार 480 पुरुष और 32 लाख 07 हजार 938 महिला मतदाता हैं। सबसे अधिक मतदाता पलामू में 22 लाख 38 हजार 460 हैं। वहीं लोहरदगा में 14 लाख 36 हजार 351, सिंहभूम में 14 लाख 41 हजार 841 और खूंटी में 13 लाख 20 हजार 808 मतदाता चुनाव में अपनी भागीदारी निभायेंगे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वाधिक मतदान केंद्र

झारखंड में पहले चरण के चुनाव के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वाधिक मतदान केंद्र हैं। इन चार लोकसभा क्षेत्रों में कुल 7595 मतदान केंद्र हैं, जिसमें से 639 शहरी और 6956 ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। चुनाव आयोग इन मतदान केंद्रों से वेब कास्टिंग के जरिये मतदान पर नजर रखेगा। चुनाव आयोग ने इन मतदान केंद्रों में सुरक्षा बल, मतदान कर्मी और चुनाव संबंधित सामग्री भेज दी हैं।

### लोस क्षेत्र में कितने मतदान केंद्र

चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक सिंहभूम क्षेत्र में 1716 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। इस लोकसभा क्षेत्र के मझगांव, जगरनाथपुर और मनोहरपुर में सभी मतदान केंद्र ग्रामीण क्षेत्र में हैं। खूंटी लोकसभा क्षेत्र में 1705 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। इसमें से मात्र 83 शहरी क्षेत्र में, जबकि 1622 मतदान केंद्र ग्रामीण क्षेत्र में हैं। लोहरदगा में 1748 मतदान केंद्र बनाये गये हैं, जिसमें शहरी क्षेत्र में मात्र 76 मतदान केंद्र हैं। वहीं पलामू लोकसभा में 2427 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। इनमें 230 शहरी क्षेत्र में हैं।

### सिंहभूम से 14 प्रत्याशी मैदान में

- गीता कोड़ा, बीजेपी
- जोबा मांझी, जेएमएम
- दामोदर सिंह हांसदा, निर्दलीय
- बिसवा विजय मार्डी, अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया
- सुधा रानी बेसरा, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक
- परदेशी लाल मुंडा, बहुजन समाज पार्टी
- दुर्गा लाल मुर्मू, निर्दलीय
- माधव चंद्रा कुनकल, निर्दलीय
- चित्रसेन सिंकू, झारखंड पार्टी
- बीर सिंह देवगम, राइट टू रिकॉल पार्टी
- पनमनी सिंह, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया कम्युनिस्ट
- संग्राम मार्डी, निर्दलीय
- आशा कुमारी, निर्दलीय
- कृष्णा मार्डी, झारखंड मुक्ति मोर्चा उलगुलान

### खूंटी से सात प्रत्याशी

- अर्जुन मुंडा-भाजपा
- कालीचरण सिंह मुंडा-कांग्रेस
- अर्पणा हंस, झारखंड पार्टी
- बसंत कुमार, लोंगा निर्दलीय
- बबीता कच्छप, भारत आदिवासी पार्टी
- संजय कुमार तिर्की, निर्दलीय
- सावित्री देवी, बहुजन समाज पार्टी

### लोहरदगा से 15 प्रत्याशी

- समीर उरांव-भाजपा
- सुखदेव भगत-कांग्रेस
- चमरा लिंडा-निर्दलीय
- महेंद्र उरांव, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया
- रामचंद्र भगत, लोकहित अधिकार पार्टी
- स्टेफन किंडो, निर्दलीय
- बिहारी भगत, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक
- सनिया उरांव, निर्दलीय
- मैरिएनस तिग्गा, निर्दलीय
- पवन तिग्गा, निर्दलीय
- मनी मुंडा, भागीदारी पार्टी
- अर्जुन टोप्पो, आजाद समाज पार्टी कांशी राम
- गिरजानंद उरांव, बहुजन समाज पार्टी
- रंजीत भगत, निर्दलीय
- अर्पण देव भगत, निर्दलीय

### पलामू से नौ प्रत्याशी

- विष्णु दयाल राम-भाजपा
- ममता भुइयां-राष्ट्रीय जनता दल
- कामेश्वर बैठा-बहुजन समाज पार्टी
- महेंद्र बैठा, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया कम्युनिस्ट
- वृंदा राम, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक
- सनम राम, लोकहित अधिकार पार्टी
- राम वचन राम, बहुजन मुक्ति पार्टी
- गणेश रवि, निर्दलीय
- ब्रजेश कुमार तुरी, राष्ट्रीय समानता दल

# झारखंड में भी बनेगी डबल इंजन की सरकार : बिस्वा

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** भारी बारिश और आंधी के कारण असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा तमाड़ नहीं पहुंच सके। बाद में श्री सरमा ने तमाड़ के अमलेशा मैदान आयोजित सभा को मोबाइल से संबोधित किया। कहा कि अर्जुन मुंडा खूंटी का तो बेटा हैं ही, देश के आदिवासी समाज का सबसे बड़ा नेता हैं। खूंटी के लिए तो काम करते ही हैं, बल्कि असम सहित अन्य क्षेत्रों में जाकर आदिवासी समाज का कल्याण करते हैं। देश के आदिवासियों के कल्याण के लिए अर्जुन मुंडा का जीतना जरूरी है। आप देख रहे हैं कि झारखंड में क्या चल रहा है। कुछ दिन पहले मंत्री के पीए के घर से इडी को 35 करोड़ रुपये मिले, तो समझ सकते हैं कि मंत्री के घर में कितना कैश मिलेगा। कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठी आदिवासी इलाकों में घुसकर आदिवासी बहनों से शादी करते हैं और उसके बाद आदिवासियों की जमीन पर कब्जा कर लेते हैं। झारखंड में जितना कन्वर्जन चल रहा है, उनके खिलाफ भी हमें आवाज उठाने की जरूरत है। देश में बीजेपी की सरकार बनेगी। इसके बाद झारखंड में डबल इंजन सरकार बनेगी। हम लोग मिलकर झारखंड के कल्याण के लिए, अस्मिता के लिए और विकास के लिए काम करेंगे।

**इनकी रही मौजूदगी :** इस अवसर पर अमर कुमार चौधरी, अनुप कुमार साहू, लक्ष्मन मुंडा, महेंद्र नाथ शाहदेव, मानकी विजय सिंह मुंडा, विनोद सिंह, दिलीप सेठ, कपिल महतो, डॉ जीतू चरण राम, रमाकांत महतो, सुरेंद्र महतो, धीरेंद्र महतो, राम दुर्लभ सिंह मुंडा, आलोक महतो, मोती पातर, संतोष साहू, विवेक जयसवाल समेत अन्य मौजूद थे।



## आदिवासी और जनजातीय समाज को झामुमो कांग्रेस बढ़ने नहीं देना चाहती: सुदेश महतो

आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि यह चुनाव हमारे लिए नकारात्मक सोच वालों से लड़ाई है। समाज को तोड़ने वाली शक्ति के खिलाफ है। ये चुनाव राष्ट्रीय चुनाव है, देश कौन चलायेगा और देश को प्रगति पथ पर कौन ले जायेगा, इसका चुनाव है। फूल छाप और एनडीए को वोट देने पर प्रधानमंत्री कौन बनेगा, यह हर घर के लोग जानते हैं। इंडी गठबंधन को वोट देने पर प्रधानमंत्री कौन बनेगा, यह कोई नहीं जानता। बारात तैयार है, दूल्हा कौन बनेगा, ये कोई नहीं जानता। कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है। झामुमो और कांग्रेस झारखंड में आदिवासी और जनजातीय समाज को बढ़ने नहीं देना चाहते। इंडी के जो प्रत्याशी हैं, वह 13 तारीख के बाद कहीं नहीं दिखने वाले। इससे पहले भी उन्होंने चुनाव लड़ा, उसके बाद भी कहीं नहीं दिखे। खूंटी सीट जीत कर अर्जुन मुंडा जायेंगे, तो मंत्री बनेंगे, इसकी पूरी गारंटी है। अर्जुन मुंडा को पिछली बार तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में 86 हजार वोट मिले थे, जिससे 40,000 की बढ़त मिली थी। इस बार तमाड़ से एक लाख वोट दिलायेंगे।

## लुटेरों से देश और राज्य को बचाना है: अर्जुन मुंडा

केंद्रीय मंत्री सह प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने कहा कि झारखंड और देश में जो राजनीति चल रही है। जिस तरीके से झारखंड को लूटा जा रहा है और मंत्री के पीएस के नौकर के घर से करोड़ों नकद मिल रहे हैं, तो मंत्री का क्या हाल है। बाकी मंत्रियों का क्या हाल है। इस हालात के लिए झारखंड बना था क्या? ये लुटेरों की जमात है। इन लुटेरों से झारखंड और देश को भी बचाना है। राज्य में लूट का धंधा चल रहा है। यह धंधा बंद होना चाहिए, इसके लिए तमाम लोगों को विकास के साथ आगे बढ़ने का मौका मिलना चाहिए। यह जीत अर्जुन मुंडा की नहीं होगी, बल्कि तमाड़ की जनता की जीत होगी।


PUSKAR SCHOOL OF NURSING TRAINING
Hanuman Mandir Road (Near South Railway Colony)
Krishnapuri Road No.-1, Chutia, Ranchi, Jharkhand
Estd - 2016
You Tube - Puskar Group | Website : www.puskargroup.com | Email : info@puskargroup.com
अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस की शुभकामनाएं
Direct Admission | Golden Opportunity for Inter Pass Girls & Boys | Limited Seats
For the Course
Auxiliary Nurse & Midwifery (A.N.M)
General Nursing & Midwifery (G.N.M.)
Recognized by - Indian Nursing Council, New Delhi. | Jharkhand Nurses Registration Council, Ranchi
PLACEMENT ASSISTANCE | SCHOLARSHIP FACILITY AVAILABLE
Department of Health Medical Education & Family Welfare, Government of Jharkhand.
ADMISSION OPEN FOR 2024-2025 | Course for Girls, Boys, Married Unmarried & Widow
HOSTEL FACILITY AVAILABLE WITHIN CAMPUS | TRANSPORT FACILITY AVAILABLE

| Course | Qualification | Period | Age Limit |
|---|---|---|---|
| A.N.M Nursing | All Subjects, Inter (10+2) | 2 Years | Min. 17 Years |
| G.N.M. Nursing | All Subjects, Inter (10+2) with Core English | 3 Years | Min. 17 Years |



सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का कार्यालय,**
**निर्वाचन सदन, सेक्टर-2, धुर्वा, राँची-834004**
**E-mail : ceocomputercell1@gmail.com**

## आम सूचना

कोई मतदाता न छूटे

## लोकसभा आम निर्वाचन - 2024
## चतुर्थ चरण
## मतदान की तिथि - 13 मई, 2024

लोकसभा आम निर्वाचन - 2024 के अवसर पर निर्वाचन प्रक्रिया पर निगरानी रखने एवं पर्यवेक्षण कार्य हेतु **10-सिंहभूम, 11-खूंटी, 12-लोहरदगा एवं 13-पलामू** संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के स्तर से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक की विवरणी निम्न प्रकार से है:-

| क्रम सं0 | संसदीय निर्वाचन क्षेत्र | सामान्य प्रेक्षक का नाम एवं मोबाइल नम्बर | पुलिस प्रेक्षक का नाम एवं मोबाइल नम्बर | व्यय प्रेक्षक क नाम एवं मोबाइल नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 10 - सिंहभूम (अ0ज0जा0) | G. Christ Kishore Kumar Mob.: 9263559550 | Sanjay Dnyanadeo Kharat Mob.: 9341222170 | Sunil V. Mob.: 9142315257 |
| 2. | 11 - खूंटी (अ0ज0जा0) | Dorje Chhering Negi Mob.: 7367822951 | Dr. Manoj Kumar Mob.: 7765057225 | S.R. Nedumaran Mob.: 7762998225 |
| 3. | 12 - लोहरदगा (अ0ज0जा0) | K.D. Kunjam Mob.: 9431970361 | Dr. Manoj Kumar Mob.: 7765057225 | Rejoy Krishnan Mob.: 9431970350 |
| 4. | 13 - पलामू (अ0जा0) | R.M. Moothadath Mob.: 8797766081 | Rohit Malpani Mob.: 8797765909 | G. Kannan Mob.: 7367938131 |

10-सिंहभूम, 11-खूंटी, 12-लोहरदगा एवं 13-पलामू संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के सभी मतदाता, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं प्रत्याशी लोकसभा आम निर्वाचन - 2024 के दौरान चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी किसी भी प्रकार की शिकायत/सुझाव के संबंध में आवश्यकतानुसार संबंधित प्रेक्षकों से संपर्क कर सकते हैं।

वोटर्स हेल्पलाईन (टॉलफ्री) - **1950 / 1800-331-1950**

बेहतर सुविधा और अधिक जानकारी के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप्प को डाउनलोड करें

Voter Helpline | cVIGIL | Saksham-ECI | KYC-ECI

**(के0 रवि कुमार)**
**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड**

इस बार दिन भर मतदान

P.R. 324730 (Election) 24-25





# अबकी बार 400 पार
# एक बार फिर मोदी सरकार




## पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत प्रमुख उपलब्धियाँ



- पलामू में मेडिकल कॉलेज की स्थापना।
- पलामू में इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलटेक्निक संस्थान की स्थापना।
- पलामू में केंद्रीय विद्यालय एवं नवोदय विद्यालय की स्थापना।
- हुसैनाबाद में नवोदय विद्यालय की स्वीकृति। निर्माण कार्य पूर्ण।
- भंडरिया में एकलव्य विद्यालय का निर्माण।
- पलामू में पासपोर्ट ऑफिस की स्थापना।
- उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना (मंडल डैम) का जीर्णोद्धार कार्य, जिससे पलामू एवं गढ़वा जिले के 15000 हेक्टेयर भूमि सिंचित होंगी और पलामू जिले के हुसैनाबाद, हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज तथा गढ़वा जिले के कांडी प्रखंड के किसानों की भूमि सिंचित होगा। मंडल भाग 2 का कार्य संपादन अंतिम चरण में है, जो पलामू संसदीय क्षेत्र में पड़ता है। मुख्य मंडल डैम पर कार्य मुआवजे की राशि वितरित होने के बाद प्रारंभ होगा। कुल लागत 3458 करोड़
- सोन एवं कनहर नदी से पानी लिफ्ट कर गढ़वा जिले के किसानों के खेतों में पाईप के माध्यम से सिंचाई एवं पेयजल की सुविधा प्रदान करने की योजना की स्वीकृति। 127252.62 (बारह सौ बहत्तर करोड़ बावन लाख बासठ हजार) की लागत से बनने वाली इस योजना का कार्य प्रारंभ हो चुका है।
- सोन, कोयल एवं औरंगा नदी से पानी लिफ्टकर के पलामू जिला के विभिन्न जलाशयों को भरने की योजना की स्वीकृति 456.40 (चार सौ छप्पन करोड़ चालिस लाख) की लागत से बनेगी यह योजना।
- सोन नदी पर श्रीनगर-पंडुका के बीच पुल निर्माण की स्वीकृति। 204.94 (दो सौ चार करोड़ चौरानब्बे लाख) की लागत से बनने वाली इस योजना का कार्य प्रारंभ।
- NH-75 को 4 लेनिंग कराने की स्वीकृति एवं गढ़वा बाईपास निर्माणाधीन। गढ़वा को मिलाकर NH- 75 पर कुल 6 बाईपास के निर्माण सतबरवा, पोलपोल स्थापना से झारखंड राज्य के बुनियादी ढांचे में परिवर्तन संभावित है एवं राज्य का संतुलित विकास
- डालटेनगंज, रमना तथा श्री वंशीधर नगर की स्वीकृति। कार्य प्रारंभ। कुल लागत 4948 करोड़।
- NH-98 पंडवा मोड़ से हरिहरगंज तक 4 लेनिंग कराने की स्वीकृति। कुल लागत 1016 करोड़।
- पलामू जिला अंतर्गत विश्रामपुर एवं रेहला वासियों को शुद्ध पेयजल हेतू विश्व बैंक की मदद से लगभग 100 करोड़ रूपये की लागत से विश्रामपुर पेयजल आपूर्ति योजना की स्वीकृति प्रदान।
- चैनपुर प्रखंड के टेमराई रानीताल जलाशय योजना की स्वीकृति एवं कार्य संपन्न।
- रजहारा कोलियरी को पुनः चालू करवाने की स्वीकृति प्रदान।
- पलामू जिला के ग्राम बारी एवं गढ़वा के ग्राम पुरगड़ा में 20-20 मेगावाट के सौरपार्क स्थापित करने की स्वीकृति।
- गढ़वा जिला अंतर्गत NH-343 अन्नराज घाटी की सड़क को सीधी एवं चौड़ी करने की लंबे समय से चली आ रही मांग की स्वीकृति। लागत 16 करोड़।
- एन. एच. के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण की स्वीकृति।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत पूरे संसदीय क्षेत्र में 1173.26 कि.मी. सड़क का निर्माण हो चुका है और अनेकों सड़कें निर्माणाधीन हैं।
- पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत उद्योग स्थापित करने के लिए लगातार प्रयासरत रहने के फलस्वरूप गढ़वा जिला के भवनाथपुर में सेल के 1180 हेक्टेयर भूमि पर केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (NICDC) के तहत ( Amritsar-Kolkata Industrial) प्रोजेक्ट का झारखंड राज्य में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर (IMC) स्थापित कराने की पहल की गई है। उक्त स्थान पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर (IMC) की वाया कोल्हुआ, बरडीहा, पंसा, अघोरी एवं रानीदेवा में बहुत बड़ा योगदान होगा एवं उद्योग के साथ-साथ बड़े पैमाने पर लोगो को रोजगार उपलब्ध हो पाएगा। राज्य सरकार को प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त करने की आवश्यकता है।
- जपला छतरपुर सड़क निर्माण। लागत 18 करोड़ 21 लाख 08 हजार।
- शाहपुर-गढ़वा सड़क निर्माण।
- जपला-हैदरनगर-मोहम्मदगंज तक सड़क निर्माण। लागत 109 करोड़ 95 लाख 24 हजार।
- जपला-छतरपुर इमलीतर से सबानो बिहार बार्डर तक सड़क निर्माण। लागत 138 करोड़ 44 लाख 96 हजार।
- नई ट्रेन रॉची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ।
- रॉची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव मोहम्मदगंज, हैदरनगर एवं उंटारी रोड स्टेशन पर करवाया।
- शक्तिपूंज एक्सप्रेस का ठहराव रमना स्टेशन एवं भोपाल हावड़ा साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव गढ़वा टाउन स्टेशन पर करवाया।
- झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस का परिचालन पुनः प्रारंभ करवाया।
- मोहम्मदगंज बराज से Right Main Canal, Left Main Canal का निर्माण प्रगति पर। लागत 96 करोड़।
- उपरी कररबार नहर सिंचाई योजना का निर्माण पूर्ण।
- जपला ROB का निर्माण। लागत 48.25 करोड़।
- मोहम्मदगंज से सुंडीपुर तक कोयल नदी कटाव रोकने हेतु गार्डवाल का निर्माण।
- मोहम्मदगंज स्थित कोयल नदी पर ब्रीज का निर्माण। लागत 103 करोड़ 4 लाख 67 हजार
- CRIF के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत निम्नलिखित चार महत्वपूर्ण पथों की स्वीकृति। (1) नगर उंटारी से धुरकी अंबाखोरिया 24.90 किलोमीटर। लागत 94 करोड़ 62 लाख (2) मेराल-बाना-अंबाखोरिया 360725 किलोमीटर। लागत 139.90 करोड़ (3) भजनिया से मोहम्मदगंज होते हुए हैदरनगर (मोहम्मदगंज से दंगवार पथ) तक 17.372 किलोमीटर। लागत 62 करोड़ (4) कुटी मोड़ (चैनपुर) से हुटार वाया रामगढ़ ब्लॉक के हेडक्वार्टर तक 24.103 किलोमीटर। लागत 81 करोड़ (5)सदर प्रखंड मेदिनीनगर में सिंगरा-चेड़ाबार के बीच रेलवे लाईन पर ROB की स्वीकृति। लागत 84 करोड़
- चैनपुर-सेमरा-लोहरसिमी से सलतुआ होते हुए मतौली मोड़ तक 21 किलोमीटर सड़क निर्माण की स्वीकृति। कार्य प्रारंभ।
- चौकड़ी, बैरांव, हुसैनाबाद ब्लॉक, मोहम्मदगंज में विद्युत सब-स्टेशन का निर्माण।
- मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु 161 करोड़ रूपये की योजना स्वीकृत। जुडको द्वारा शीघ्र कार्य प्रारंभ किए जाने की आशा।
- दूरसंचार व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पलामू संसदीय क्षेत्र के दोनों जिलें क्रमशः पलामू में 34 एवं गढ़वा में 32 स्थानों पर बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस) बी.एस.एन.एल. टावर लगाने की स्वीकृति।
- श्री बंशीधर नगर में अतिथिशाला का निर्माण।
- पलामू जिला के सदर प्रखंड स्थित ग्राम लहलहे में पावर ग्रीड की स्थापना।
- गढ़वा जिला के भागोडीह में पावर ग्रीड की स्थापना।
- श्री बंशीधर महोत्सव का आयोजन।
- NH-75 से चितविश्राम होते हुए धुरकी के गरदा सिवाना तक 22 किलोमीटर पथ निर्माण।
- गढ़वा रोड -चोपन रेल खंड पर गढ़वा रोड से महुअरिया (यू.पी.) तक नवनिर्मित दोहरे रेलवे लाइन 866 (आठ सौ छयासठ करोड़) रूपये की लागत से कुल लंबाई 66 कि.मी. का आदरणीय प्रधानमंत्री के द्वारा ऑन लाइन उदघाटन किया गया।
- गढ़वा जिला अंतर्गत श्री बंशीधर नगर में चयनित सांसद आदर्श ग्राम पंचायत गरबांध में NH-75 पर गरबांध-रोहनीय (MDR-138) पथ (कुल लंबाई 15.740 किलोमीटर) कुल लागत (भू अर्जन सहित) हेतू 61, 52,41,700 (एकसठ करोड़ बावन लाख एकतालीस हजार सात सौ) रूपये की योजना को स्वीकृति मिली।

| क्र. | उम्मीदवार का नाम | फोटो | चुनाव चिन्ह | बटन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | |
| 2. | | | | |
| 3. | विष्णु दयाल राम | | | |
| 4. | | | | |

क्रमांक संख्या **3** पर बटन दबाकर भाजपा को विजयी बनाएं



# विष्णु दयाल राम
# ( वी. डी. राम )
## भाजपा प्रत्याशी

# निवेदक :- भारतीय जनता पार्टी, जिला - गढ़वा

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# झारखंड भाजपा की देन, राज्य का विकास भी पार्टी ही करेगी: बाबूलाल

## प्रधानमंत्री मोदी ने जितना काम 10 साल में किया है, किसी पीएम ने आज तक नहीं किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में 11 मई को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन कल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू की मौजूदगी में शिवलाल महतो भाजपा में शामिल हुए। उनके साथ बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने भी भाजपा की सदस्यता ली। श्री साहू ने सभी को ऑनलाइन सदस्यता दिलायी।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में गरीबों के लिए काम किया है। किसानों के लिए काम किया है। मां-बहनों के लिए काम किया है। गांव के लिए काम किया। आज तक किसी भी प्रधानमंत्री ने इतना काम नहीं किया। गरीबों को 4 करोड़ घर देने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि फिर से सत्ता में आने पर बेघर गरीबों को घर दिया जायेगा। गरीबों को घर ही नहीं गैस कनेक्शन-चूल्हा भी देने का काम किया है।



गरीब भूखे नहीं सोयें, इसकी चिंता भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। हर महीने गरीबों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है।

श्री मरांडी ने कहा कि कोई गरीब अगर बीमार हो जाये, तो अपना इलाज अच्छे अस्पताल में करा सके, इसके लिए प्रधानमंत्री ने उनका 5 लाख रुपये का बीमा किया। इससे वे अपना इलाज अच्छे अस्पतालों में करा सकेंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग विकास और झारखंड के विरोधी हैं। झारखंडियों के विरोधी हैं। झारखंड अलग राज्य का आंदोलन वर्षों से चल रहा था। देश की आजादी के समय से चल रहा था। जो लोग अलग राज्य के लिए लड़ाई लड़ रहे थे, उन लोगों को कांग्रेस ने खरीद लिया, पर झारखंड अलग राज्य नहीं दिया। झारखंडियों की भावना और सम्मान का ख्याल नहीं रखा।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने कहा था कि केंद्र में सरकार बनते ही झारखंड अलग राज्य देंगे। केंद्र में सरकार बनते ही अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड अलग राज्य का गठन किया। अलग राज्य भाजपा की देन है। कांग्रेस पार्टी ने देश में 55 वर्षों तक राज किया, लेकिन गांव में बिजली नहीं पहुंची। गांव में सड़कें नहीं थीं। बीजेपी की सरकार और नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद बिजली और सड़कें गांव-गांव तक पहुंचीं।

उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग राज्य को लूट रहे हैं। कांग्रेस के एक सांसद के यहां से 350 सौ करोड रुपये मिले थे। भ्रष्ट अधिकारी और उनके सिंडिकेट से 22 करोड रुपये मिले थे। अभी मंत्री के आप्त सचिव के नौकर के घर से 35 करोड रुपयक मिले हैं। ये पैसे लूट के हैं। इन लोगों ने नदी के बालू तक को नहीं छोड़ा। पहाड़ को काट कर बेच दिया। जमीन के फर्जी कागजात बना कर उसे बेच दिया। भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड अलग राज्य का गठन किया है। झारखंड का विकास भी भारतीय जनता पार्टी ही करेगी।

### हजारीबाग जेएमएम जिलाध्यक्ष ने थामा बीजेपी का दामन

हजारीबाग। हजारीबाग के जेएमएम जिला अध्यक्ष शिवलाल महतो ने भाजपा का दामन थाम लिया है। उन्होंने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा ज्वाइन की है। उन्हें बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने पार्टी की सदस्यता दिलायी। लोकसभा चुनाव के बीच झामुमो के जिला अध्यक्ष का पार्टी छोड़ कर बीजेपी में शामिल होना एक बड़ा झटका माना जा रहा है। शिवलाल महतो कई सामाजिक संगठनों से जुड़े रहे हैं। उन्होंने झारखंड आंदोलन को भी गति देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की जन कल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर वह भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। पार्टी उन्हें जो भी काम देगी, उसका इमानदारी से निर्वहन करेंगे। झारखंड में एनडीए को 14 में से सभी 14 सीटें दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में किशोर राणा, उर्मिला देवी, वासुदेव यादव, चंडिका रजक, अशोक गुप्ता, पवन तुरी, टेकलाल महतो, मुकेश उपाध्याय, अनुज दुबे, मुनीनाथ महतो, भोला सिंह, शुकरा ठाकुर, रोशनी देवी, आकाश कुमार, राकेश चौहान, राजेश चौधरी, दीपक गुप्ता, कैलाश राणा, बबलू वर्मा, कुलेश्वर महतो, सुरेंद्र सिंह, देव कुमार राणा, विजय ठाकुर, चंद्रिका रजक, वकील राणा, खेमराज महतो, राजेंद्र कुमार वर्मा, गणेश रजक, दिलीप राणा भी शामिल थे। मंच संचालन मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और धन्यवाद ज्ञापन हजारीबाग लोकसभा के प्रभारी शशि भूषण भगत ने किया।

## टीआरएल के डॉ बीरेंद्र और डॉ रीझू को रवींद्रनाथ टैगोर गौरव सम्मान



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में लुप्त होती कठपुतली कला के संरक्षण व संवर्द्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ बीरेंद्र कुमार महतो तथा समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ रीझू नायक को रविंद्र नाथ टैगोर गौरव सम्मान प्रदान कर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। डॉ महतो व डॉ नायक ने बताया कि बृजलोक साहित्य कला संस्कृति अकादमी, फतेहाबाद, आगरा द्वारा आयोजित किये गये एक समारोह में उनको शिक्षा, संस्कृति, नागपुरी साहित्य सेवा, कला, शोध, समाज सेवा, तथा राजनीति आदि क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए संस्था के मुख्य अध्यक्ष डॉ मुकेश कुमार ऋषि वर्मा द्वारा रविंद्र नाथ टैगोर गौरव सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## धुर्वा डैम में नहाने के दौरान डूबने से दो बच्चों की मौत

रांची (आजाद सिपाही)। नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित धुर्वा डैम में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी। यह हादसा शनिवार दोपहर को हुआ। नहाने के दौरान दो बच्चे डूब गये। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। बताया जा रहा है कि नहाने के दौरान दोनों बच्चे डैम में बने खतरे के निशान को पार कर गये। इसी दौरान दोनों बच्चे डूब गये।

## श्री श्याम मंदिर में विशेष उत्सव का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। श्री श्याम मित्र मंडल रांची की ओर से हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में अक्षय तृतीया पर विशेष उत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर दोपहर 12 बजे विशेष आरती कर उत्सव मनाया गया। सभी देवी-देवताओं को पोशाक पहना कर कोलकाता से मंगाये गये फूलों से दिव्य मनोहारी श्रृंगार किया गया। पंजीरी भिंगी हुई चनादाल, ककड़ी, खीरा, शरबत कई प्रकार के मिष्ठान्न और नमकीन, फलों का भोग लगाया गया। मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा के नेतृत्व में मंदिर के आचार्य ने गर्भगृहों की सजावट के पहले खाटू नरेश को गंगाजल शहद, गुड़, चीनी, गुलाब फूल, दूध आदि से महास्नान कर गुलाब के विशेष रूह इत्र से मसाज किया गया। खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर की परंपरा के अनुसार खाटू नरेश के गर्भगृह में प्राकृतिक पंखा भी लगाया गया। मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने सर्वप्रथम प्राकृतिक पंखा डोला कर ठाकुर जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्याम सुंदर शर्मा, अनिल नारनोली, साकेत ढानढनिया, प्रकाश मोदी, अंकित सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में नर्सेज डे



रांची (आजाद सिपाही)। इरबा स्थित फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में नर्सेज डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप जला कर किया गया। मुख्य अथिति संस्थान के सचिव जीनत कौशर ने बताया कि नर्सिंग आज की दुनिया में एक चुनौतीपूर्ण प्रोफेशन है, यहां हर मोड़ पर कुछ नयी बाधा आती रहती है और उन बाधाओं को पार करते हुए आगे बढ़ना है। संस्थान के निदेशक डॉ शाहीन कौशर ने कहा कि इस प्रोफेशन में आंसू पोछने का मौका मिलता है। छात्रों से अनुरोध है कि मेहनत कर अपने ज्ञान को बढ़ायें। इस मौके पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके पर कॉलेज की डॉ नाजनीन कौशर, प्राचार्या विनिसा टी बांसरी, डॉ सुधीर कुमार, ज्योति, बिनिता खलखो, बिन्हा बारबरा, शोएब अख्तर, प्रतिभा, माधुरी, वर्षा कुमारी, शुभम कुमार, नम्रता शीतल, मधु, कलाम अंसारी, सादिक अंसारी, शाहनवाज अंसारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने किया प्रचार



रांची (आजाद सिपाही)। रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय का कांटाटोली के सुल्तान कालोनी स्थित मुजीब कुरैशी के आवास पर महिलाओं द्वारा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने प्रत्याशी की जीत के लिए आशीर्वाद दिया। यशस्विनी सहाय ने कहा कि आपकी बेटी रांची लोकसभा से चुनावी मैदान में उतरी है। पिता सुबोधकांत सहाय के अधूरे कार्य को पूरा करुंगी और आपके विस्वास पर खरा उतरुंगी। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनय सिन्हा दीपू ने कहा कि 25 मई को पहले हाथ छाप में कांग्रेस को मतदान करें, फिर जलपान करें। मौके पर शबनम परवीन, शहजादी परवीन, रानी परवीन, आलिया नाज, सहिदा नाज सहित अन्य उपस्थित थे।

## चुनौतियों को प्रेमा ने अवसर में बदला



रांची (आजाद सिपाही)। मदर्स डे के अवसर पर मां की अदम्य शक्ति और समर्पण को सम्मानित किया जाता है। इस दिन घरों में उनकी दायित्वपूर्ण भूमिका और कार्यस्थल पर उनके कौशल की सराहना की जाती है। जिन नौकरियों में पहले महिलाओं का प्रतिनिधित्व शून्य या बहुत कम हुआ करता था, अब वहां महिलाओं की प्रतिभागिता बढ़ती जा रही है, जो अपनी प्रतिभा, मल्टीटास्किंग और दबाव संभालने के कौशल द्वारा संगठन को आगे बढ़ा रही हैं। प्रेमा की कहानी इस ट्रेंड का एक अप्रतिम उदाहरण है। वे एक सिंगल मदर हैं, जिन्होंने न केवल बढ़ता हुआ ट्रकिंग व्यवसाय संभाला, बल्कि दूसरों को भी इस गतिशील उद्योग में आने की प्रेरणा दी।

## मतदान के लिए जनसंपर्क का निर्णय



रांची (आजाद सिपाही)। महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चैयरमेन राजू राम के नेतृत्व में रांची लोकसभा के चुनाव को देखते हुए बैठक की गयी। निर्णय लिया कि जितना ज्यादा से ज्यादा हो सके, यशस्विनी सहाय को भारी मतों से विजयी बना कर दिल्ली भेजेंगे। इसके लिए सभी ने निर्णय लिया कि गली- मुहल्ले में जनसंपर्क करेंगे। बैठक में सूरज कुमार पासवान, अर्जुन यादव, संतोष प्रसाद, संजय ठाकुर, गोगा साहू, संजय लाल, सम्राट चटर्जी, कौशल कुमार, अमित कुमार चौरसिया, संजय कुमार राम, बंटी राज, कृष्ण कुमार, सिंटू साहू, जगदेव राम, राज कुमार राम, महावीर मिर्धा, मिथलेश कुमार, अजय भगत, बबला राम आदि उपस्थित थे।

## हर पल जीवन का आनंद लें, हमेशा खुश रहें: ब्रह्मकुमारी

रांची (आजाद सिपाही)। हरमू रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी इश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में दिल्ली के ओम शांति रिट्रीट सेंटर से मोटिवेशनल स्पीकर ब्रह्मकुमारी इशु बहन ने अनुयायियों से अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने लोगों को संदेश दिया कि हर पल जीवन का आनंद लें। हमेशा खुश रहें। खुशी जैसी कोई दूसरी खुराक नहीं है। उन्होंने बताया कि हर पल खुश रहने के लिए राजयोग का अभ्यास आवश्यक है। परमात्मा हजार भुजाओं से सदा हमारे साथ है। इसी भावना को आत्मसात कर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते रहना है। परमात्मा से आत्मा का मिलन होने से आंतरिक जीवन में आयी मानसिक विकृति मिटेगी। ब्रह्मकुमारी इशु ने कहा कि आत्मिक पुरुषार्थ केवल तभी संभव है, जब परमात्मा के प्रकाश से आत्मा की बुझी-बुझी सी ज्योति पुन: जाग जाये। व्यक्ति स्वयं को शरीर ना समझ कर आत्मा समझने लग जाये। आंतरिक जीवन में आयी मानसिक विकृति को मिटाने का एक मात्र उपाय परमात्मा से आत्मा का मिलन है। इसके बाद प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## भारतीय ज्ञान परंपरा पर मास कॉम में विशेष कक्षा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन रांची विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा पर विशेष कक्षा का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता सरला बिरला विश्वविद्यालय की डीन डॉ नीलिमा पाठक थीं। उन्होंने मास कॉम सभागार में भारतीय ज्ञान परंपरा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि विदेशी इतिहासकार अलबरूनी ने कभी भारतीयों के बारे में कहा था कि भारतीयों को तीन बातें विश्व से अलग करती हैं, वह हैं कि भारतीय को अपने ज्ञान का बहुत अभिमान है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा की अवधारणा रही है कि हर व्यक्ति राष्ट्र की संपति है। मौके पर प्रो डॉ बीपी सिन्हा, संतोष उरांव, मनोज कुमार शर्मा, डॉ विष्णु चरण महतो, पीएस तिवारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## डीलिस्टिंग बिल को लेकर दिल्ली में नवंबर में प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जनजाति सुरक्षा मंच के मीडिया प्रभारी सोमा उरांव ने कहा है कि जो जनजाति रीति-रिवाज को छोड़कर अन्य धर्म इसाई या इस्लाम धर्म अपना लिये हैं। वैसे लोगों को अनुसूचित जनजाति की सूची से बाहर करना ही डीलिस्टिंग है। वैसे धर्मांतरित लोगों को अनुसूचित जनजाति का आरक्षण का लाभ न मिले। डीलिस्टिंग की यह मांग बहुत पुरानी है। 1967-70 के दशक में कार्तिक उरांव ने 348 सांसदों का हस्ताक्षरयुक्त बिल सदन पटल पर प्रस्तुत किया था और बिल पास भी होनेवाला था, परंतु उस समय की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बिल को पास नहीं होने दिया। वह बिल आज भी वैसे ही पड़ा हुआ है। यदि



उस समय यह बिल पास हो जाता, तो मूल जनजाति समाज के आरक्षण का 80 प्रतिशत नौकरी और अन्य सरकारी सुविधा को धर्मांतरित इसाई-मुस्लिम छीन ले रहे हैं। नवंबर 2024 में जनजाति सुरक्षा मंच के नेतृत्व में पूरे देश से डीलिस्टिंग को लेकर 10 लाख लोग दिल्ली में धरना प्रदर्शन करेंगे। मौके पर सोमा उरांव, देवनंदन सिंह, सुशील मरांडी, जयमंगल उरांव, कैलाश मुंडा, प्रदीप टोप्पो, देवकी मुंडा, बिमल पाहन, अमित मुंडा, हरिचरण सांडिल, दुर्गा उरांव, पंचम महतो उपस्थित थे।

## महिला मोर्चा का जनसंपर्क अभियान



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा महिला मोर्चा की ओर से नीता सेठ और कुमुद झा के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अपर बाजार, काली बाबू स्ट्रीट, द्रोपदी अपार्टमेंट, नंदन अपार्टमेंट, नोवा टोली, लालगंज, खटंगा, सूर्यपुर, महुआ टोली, बाजरा में अभियान चला। इस दौरान लोगों को नरेंद्र मोदी की उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी गयी। लोगों से भाजपा के पक्ष में 25 मई को मतदान करने की अपील की गयी। अभियान में मती गार्गी मलकानी, नेहा सिंह, रवि मेहता समेत अन्य शामिल थे।

## श्री श्याम मंदिर का वार्षिकोत्सव 19 मई को

रांची (आजाद सिपाही)। हरमू रोड पर स्थित श्री श्याम मंदिर का आठवां वार्षिकोत्सव 19 मई को धूमधाम से मनाया जायेगा। इसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया और मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 19 मई को रात साढ़े नौ बजे श्रृंगार पूजन से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके बाद अध्यक्ष सुरेश सरावगी सपत्नीक अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित करेंगे। फिर भक्ति गीतों का कार्यक्रम शुरू होगा, जो देर रात तक चलेगा। कोलकाता के अभिषेक शर्मा साथी कलाकारों के साथ भक्ति रस की धारा बहायेंगे।

# चेशायर होम रोड की जमीन जब्त करेगी इडी, जांच में कई नये खुलासे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इडी की टीम चेशायर होम रोड की जमीन को जब्त करेगी। इडी ने अपनी जांच के बाद कई खुलासे किये हैं। इडी ने अपनी जांच में पाया है कि गिरफ्तार कोलकाता के रजिस्ट्रार आफ एश्योरेंस के कर्मी तापस, संजीत और इरशाद ने चेशायर होम रोड में 4.83 एकड़ जमीन का फर्जीवाड़ा कर उसे बेचने की कोशिश की थी। इस जमीन का सर्किल रेट 22.61 करोड़ रुपये है। हालांकि जमीन का बाजार मूल्य चार गुना से अधिक है। गौरतलब है कि झारखंड में रांची जमीन घोटाले से जुड़े केस में गिरफ्तार कोलकाता के रजिस्ट्रार आफ एश्योरेंस के कर्मी तापस, संजीत और इरशाद को रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया है। तीनों को अब इडी रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

**फर्जी कागजात बनवा कर किया जाता था जमीनों का सौदा:** इडी ने कोर्ट को दिये रिमांड पिटीशन में बताया है कि बड़गाईं अंचल के गिरफ्तार राजस्व उपनिरीक्षक भानू प्रताप, मो सद्दाम, अफसर अली, प्रिय रंजन सहाय, विपिन सिंह और शेखर कुशवाहा उर्फ शेखर महतो ने कई जमीनों का सौदा फर्जी कागजात बनवा कर किया। इडी द्वारा कोर्ट को बताया गया कि सद्दाम हुसैन ने बरियातू के खाता नंबर 234 की 6.34 एकड़जमीन की फर्जी डीड 1940 की तारीख में बनवायी थी। इस जमीन के प्लाट 989 (84 डिसमिल) और 996 (32 डिसमिल) को इडी ने हेमंत सोरेन के कब्जे वाली 8.86 एकड़ जमीन का हिस्सा बताया है। इडी ने दावा किया है कि सद्दाम हुसैन, अफसर अली, प्रिय रंजन सहाय, शेखर महतो ने गाड़ी मौजा की 4.83 एकड़ जमीन को भी फर्जी डीड पर हड़पने की साजिश रची थी।

**कैसे करते थे फर्जीवाड़ा :** गौरतलब है कि इडी की प्रारंभिक जांच में तीनों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। जानकारी के अनुसार हजारीबाग का कोर्ट कर्मचारी मो इरशाद के द्वारा फर्जी डीड की राइटिंग की जाती थी। इरशाद ने फर्जी डीड राइटिंग के एवज में पूर्व से जेल में बंद अफसर अली और सद्दाम से तकरीबन आठ लाख रुपये लिये थे। तापस घोष और संजीत कुमार के द्वारा कोलकाता में रिकॉर्ड से पेपर गायब किया जाता था। इसके एवज में मोटी रकम प्राप्त होती थी।

### कृष्णकांत ने प्रियरंजन के साथ मिल कर कोलकाता के फर्जी पेपर से बेची थी 50 एकड़ जमीन

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के अलग-अलग इलाकों में कोलकाता से गलत तरीके से तैयार पेपर के जरिये सैकड़ों एकड़ जमीन बेच दी गयी है। इसका खुलासा इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (इडी) की जांच में हुआ है। सीएनटी नेचर की जमीन को जनरल बना कर बेचनेवालों के इस सिंडिकेट में कई लोग शामिल हैं। पुख्ता जानकारी के मुताबिक, रांची के तिरिल मौजा (कोकर) में सीएनटी नेचर की 50 एकड़ से ज्यादा जमीन कोलकाता के पावर ऑफ एटॉर्नी के आधार पर बेची गयी है। इस डील में प्रियरंजन सहाय,अफसर अली के अलावा कृष्णकांत सिन्हा भी शामिल था। कृष्णकांत सिन्हा वही व्यक्ति है, जिसने दो दिन पहले इडी से नोटिस मिलने के बाद अपने घर में ही आत्महत्या कर ली थी। लैंड स्कैम की अब तक हुई जांच में यह जानकारी सामने आयी है कि शहर की करीब 500 एकड़ से ज्यादा जमीन का कोलकाता से फर्जी पेपर तैयार किया जा चुका है। सीएनटी भूमि को जनरल बना कर बेचने के इस खेल में शहर के कुछ सफेदपोशों ने पर्दे के पीछे रह कर बड़ा खेल किया है। इडी उनकी भूमिका की भी जांच कर रही है। कोलकाता से जो पेपर तैयार किया गया है, उसमें वर्ष 1940 से लेकर 1970 के बीच खरीद-बिक्री की कहानी गढ़ी गयी है। ऐसा इसलिए किया गया, क्योंकि इस बीच ज्यादातर दस्तावेज हाथ से ही लिखे जाते थे। कोलकाता में तैयार डीड फर्जी न लगे, इसके लिए सबसे पहले वैसे लोगों से डीड लिखवायी गयी, जो इस काम में एक्सपर्ट थे। इसके बाद कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस कार्यालय में उसकी इंट्री भी कर दी गयी, ताकि जब कोई व्यक्ति डीड नंबर के बारे में पता लगाना चाहे तो वह संतुष्ट हो जाये।

**FORMAT C-7**

**Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates**

*(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)*

Name of Political Party : BHARATIYA JANTANTRA MORCHA
*Name of the Election : LOKSABHA GENERAL ELECTION-2024
Name of State/ ~~UT~~ : JHARKHAND
(1) Name of the Constituency – 08-: RANCHI_PARLIAMENTARY_CONSTITUENCY JHARKHAND
Name of the candidate – : DHARMENDRA TIWARY

| Sl. No. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Criminal antecedents | | |
| | a. | Nature of the offences | After announcement of Lok Sabha Election on 14.03.2019, a special meeting was conducted for selection and giving ticket to a candidate of particular caste and community 153 of IPC AND 125 of RP act |
| | b. | Case no. | GR/0001853/2019 |
| | c. | Name of the Court | J.M.F.C. XIII, CIVIL COURT RANCHI |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | NO |
| | e. | Date of conviction, if any | NOT APPLICABLE |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | NOT APPLICABLE |
| | g. | Any other information required to be given | NOT APPLICABLE |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | The selected candidate is a very senior sincere and dedicated party worker who has already been on various important positions as elected as party president |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | | As a senior party worker he had an edge over other individuals considering the fact that whatever charges are alleged in the charge sheet have no substance and are purely with a vindictive approach and personal vendetta being waged by his political enemies. The case is long pending and party believes that there will be no adverse outcome against the alleged accused. |

* In the case of election to Council of States or States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of Constituency.

BHARATIYA JANTANTRA MORCHA

Sheetal
Signature of office bearer of the Political Party
Name and designation:- Ashish Kumar Sheetal
(General Secretary)
Bhartiya Jantantra Morcha

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 34.2 °c | 23.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.21 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.09 बजे |



# ज्ञानवर्धन के साथ नये कौशल ग्रहण करें युवा : सुदेश महतो

**सिल्ली पॉलिटेक्निक कॉलेज में दो दिवसीय कांफ्रेंस शुरू**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि पढ़ाई के प्रति समर्पित होकर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए परिश्रम ही एक मात्र विकल्प है। युवा अपने विचारों और ज्ञान के साथ नये कौशल ग्रहण करें। सिल्ली विधानसभा क्षेत्र को शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचाइयों पर ले जाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में हम निरंतर कार्य कर रहे हैं। सुदेश महतो ने ये बातें सिल्ली पॉलिटेक्निक कॉलेज में रीसेंट ट्रेंड्स इन कंप्यूटेशनल एंड मैथमेटिकल एनालिसिस इन इंजीनियरिंग एंड साइंस विषय पर शनिवार को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस के शुभारंभ के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा मिले, इसी सोच और संकल्प के साथ हमने सिल्ली पॉलिटेक्निक कॉलेज की शुरुआत की थी। आज इस संस्थान से पढ़ाई पूरी कर चुके कई छात्र-छात्राएं देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह हम सभी के लिए गौरव का विषय है।



सुदेश महतो ने कहा कि यह कांफ्रेंस नये विचारों और अनुसंधानों को साझा करने और शिक्षा के क्षेत्र में नवीनतम तथ्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए आप सभी के लिए एक सशक्त मंच बनेगा। इस कार्यक्रम में मिला बहुमूल्य ज्ञान पढ़ाई के बाद जब हम किसी संस्थान के साथ जुड़कर कार्य करेंगे, तभी उपयोगी साबित होगा।

# झामुमो और कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी: सीपी सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची लोकसभा से भाजपा के उम्मीदवार संजय सेठ के पक्ष में सुखदेव नगर मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय के नेतृत्व में शनिवार को पदयात्रा निकाली गयी। पदयात्रा में रांची के विधायक सीपी सिंह ने पिस्का मोड़, जतरा मैदान, देवी मंडप, सुखदेव नगर की अखिल मेमोरियल गली और रातू रोड तक शामिल हुए। मौके पर सीपी सिंह ने कहा कि झामुमो और कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। झामुमो, कांग्रेस के भ्रष्टाचार और लूट के विरोध में पूरी झारखंड की जनता मोदी के साथ है। इस दौरान कार्यकर्ता अबकी बार 400 पार और रांची जीतेंगे पांच लाख के पार का नारा लगा रहे थे। पदयात्रा में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, संजय कुमार जयसवाल, मुकेश कुमार, नीरज कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# बीजेपी को उल्टा कर सीधा कर दिया जायेगा यह गुजरात नहीं झारखंड है: सुप्रियो भट्टाचार्य

**अर्द्धसैनिक बल के मंत्री बन गये हैं तो सोच लिया कि धमका कर चले जायेंगे**

**अमित शाह झारखंड में ही रहें, ताकि सभी सीट इंडिया गठबंधन को मिले**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि अमित शाह हमारे लिए वरदान हैं। वह जहां-जहां आयेंगे, वहां दो से चार हजार लोग जुटेंगे। कल से 30 मई तक अमित शाह झारखंड में ही रहें, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि 14 सीट इंडिया गठबंधन को मिले। वह शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अमित शाह की जो भाषा है, वह बड़ी अजीब किस्म की है। उन्होंने कहा कि उल्टा लटका कर सीधा कर देंगे। यह गुजरात नहीं झारखंड है। यहां कोई धमकी नहीं दे सकता। जनता जवाब देगी। यहां बीजेपी को उल्टा कर सीधा कर दिया जायेगा। 13 मई को ही जवाब मिल जायेगा।

**पहले चरण की चारों सीटों पर बीजेपी के साथ है संघर्ष :** सुप्रियो ने कहा कि पहले चरण की चारों सीटों में सीधा चुनावी संघर्ष बीजेपी के साथ है। संयोग से ये चारों सीटें आरक्षित सीटें हैं। ये चारों सीटें स्पष्ट रूप से इंडिया के पक्ष में आयेंगी। बीजेपी का सफाया होगा। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं कि क्योंकि कल गृह मंत्री अमित शाह ने खूंटी में जनसभा को संबोधित किया। वहां ढोये गये पांच हजार लोग ही थे। झारखंड के लोग सीधे हैं। ये बिरसा की भूमि है। उन्होंने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी। ये गुजरात नहीं है। खदेड़ दिये जायेंगे।



## हिम्मत है तो कश्मीर में विधानसभा का चुनाव करा कर दिखायें

सुप्रियो ने कहा कि यदि 2024 में हिम्मत है तो कश्मीर में विधानसभा का चुनाव करा कर दिखायें। हर चीज में केवल गीदड़ भभकी देते हैं। भाषा संयमित रखनी होगी। शुक्र मनाइये कि वहां कोई आदिवासी नहीं था। मुद्दों पर लड़िए। मुद्दों पर बीजेपी बात करती नहीं है। अर्द्धसैनिक बल के मंत्री बन गये हैं तो सोच लिया कि धमका कर चले जायेंगे। क्यों श्रीनगर नहीं जाते। अमित शाह जवाब दें। केवल और केवल भयादोहन किया जा रहा है। वित्त मंत्री यहां आती हैं। लैंड स्कैम के आरोपी से मिलती हैं। पेपर का आदान-प्रदान होता है। चुनाव आयोग इस पर संज्ञान ले।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा, जॉब में परिवर्तन होने की संभावना।

**वृष** नया परिचय क्षेत्र मिलेगा, प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा, राजनीतिक लाभ।

**मिथुन** स्वजन-कुटुंबीजन से मनमाफिक व्यवहार मिल सकता है, सुख-सौहार्द की वृद्धि।

**कर्क** अज्ञात भय का निवारण, आत्मविश्वास में वृद्धि, धन-द्रव्य का लाभ, शुभसमाचार की प्राप्ति होगी।

**सिंह** सक्रियता बनाये रखें, सभी काम देरसबेर पूरे होंगे, बेरोजगारों को रोजगार के अवसर बनेंगे।

**कन्या** पारिवारिक उत्तर दायित्व पूरे होंगे। पत्नी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा।

**तुला** कर्मक्षेत्र में अत्यधिक कार्यव्यस्तता, नियमित आमदनी के स्रोत मिलेंगे।

**वृश्चिक** आपके धैर्य, गंभीरता एवं सहनशीलता की परीक्षा कदम-कदम पर होगी।

**धनु** सुख-साधनों की वृद्धि, आत्मविश्वास में वृद्धि, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा।

**मकर** नौकरी व व्यापार में परिश्रम से ही सफलता मिलेगी, छात्रों के लिए समय ठीक रहेगा।

**कुंभ** रोजी-रोजगार की स्थितियों में सुधार, दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।

**मीन** कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे। व्यापार में लाभ.।

## रांची जिला शतरंज प्रतियोगिता : 5 चक्रों का खेल हुआ



रांची (आजाद सिपाही)। रांची जिला शतरंज संघ के द्वारा तीन दिवसीय जिला शतरंज प्रतियोगिता गुरु नानक स्कूल, रांची के सभागार में दूसरे दिन 5 च्रकों को खेल खत्म हुआ। शनिवार को खेल में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य एवं जिला शतरंज संघ के सचिव नवजोत अलंग 'रूबल ' कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, मिथिलेश पांडेय, सह सचिव राजीव चंद्रजी, रंजीत सिंह, मुख्य आरबिरेटर दीपक कुमार, मीडिया प्रभारी संतोष द्विवेदी, सदस्य उमेश अग्रवाल, अशोक कुमार सिंह और गुरु नानक स्कूल प्रबंधक की ओर से सचिव परमजीत सिंह 'टिंकू' सह सचिव रंजीत सिंह, मनजीत सिंह मौजूद थे। शनिवार के पांच के चक्रों के खेल समाप्ति पर 5 अंकों के साथ अंश कुमार, विवेक आनंद चौधरी, झा एमएम, उमेश कु. अग्रवाल, संतोष चौधरी संयुक्त रूप से शीर्ष पर रहें एवं 4.5 अंकों के साथ सामंता आनंद किशोर, यश रंजन संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर और 4 अंकों के साथ कुंदन उत्तम, मनोज कुमार, विपुल चंद्र दलाल, अरनव वैभव तीसरे स्थान पर रहे। 8 चक्रों के खेल की समाप्ति के बाद संध्या 5 बजे से पुरस्कार वितरण होगा। सभी प्रतिभागियों को मोमेटो एवं सर्टिफिकेट, यंगेस्ट व्याय, यंगेस्ट गर्ल्स और प्रतियोगिता के विजेता को नगद पुंरस्कार एवं ट्राफी दिया जायेगा।

## मेडिका हॉस्पिटल ने सेवा का संकल्प दोहराया



रांची (आजाद सिपाही)। अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर मेडिका हॉस्पिटल, रांची द्वारा सेवा का संकल्प दोहराया गया। अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के उपलक्ष्य में, मेडिका हॉस्पिटल, रांची ने सप्ताह भर चली विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के समापन को एक विशेष आयोजन के साथ मनाया। इस भव्य समारोह का शुभारंभ एवीपी अनिल कुमार, डॉ. आशुतोष, डॉ. विजय मिश्र, डॉ. पंकज मिश्र, डॉ. गणेश कुमार, डॉ. सिद्धार्थ, डॉ. निर्मल, डॉ. योगेश जैन, डॉ. अंतरिक्ष, डॉ. अंजना गांधी, डॉ, दीपक चंद्र प्रकाश, डॉ.स्निग्धा, डॉ. शीतल, डॉ.रोहित, नर्सिंग हेड सिस्टर तंजीत कौर और नर्सिंग टीम लीडर्स द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मेडिका के एवीपी अनिल कुमार ने कहा, मेडिका हॉस्पिटल की नर्सिंग टीम की योग्यता, समझ, सेवा और टीम भावना झारखंड में अप्रतिम है। मेडिका की नर्सिंग टीम ने अपने समर्पण और सेवा भाव को झारखंड में स्थापित किया है। अस्पताल के वरिष्ठ प्रबंधन और स्टाफ जैसे कि जीएम मनीष गुरुदत्त, एडीसी जीएम रामअवतार जांगिड़, फाइनांस हेड नीरज कुमार, डीजीएम डॉ. दीपक मल्लिक, मार्केटिंग हेड मानस लाभ, ब्रांड, इवेंट्स और मीडिया हेड भारती ओझा, डायटीशियन हेड डॉ. विजया, आइटी हेड सुहैल कैसर, पूरे नर्सिंग स्टाफ ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

## मदर्स डे पर पारस हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने दी सलाह

रांची (आजाद सिपाही)। मां के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए हर साल मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। इस वर्ष मदर्स डे 12 मई रविवार को मनाया जा रहा है। मां डॉक्टर होती हैं, जो हमारे हर छोटे-मोटे दर्द का इलाज करती हैं। इस मदर्स डे पर एचइसी धुर्वा स्थित पारस हॉस्पिटल ने जिन महिलाओं की उम्र 40 साल से ज्यादा हो गयी है, उन्हें कई प्रकार के जांच करने की सलाह दी है। खासतौर पर 60 की उम्र पार करने के बाद महिलाओं के स्वास्थ्य पर ध्यान देने को कहा है। पारस हॉस्पिटल की गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ अनुपमा सिंह ने कहा कि बढ़ती उम्र में महिलाओं को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं होने का खतरा होता है और इससे बचने के लिए समय-समय पर हेल्थ चेकअप कराने चाहिए। इससे बीमारियों से बचने में मदद मिलेगी और सही समय पर उन्हें डिटेक्ट कर इलाज करने में भी आसानी होगी। गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ अंशु अग्रवाल ने कहा कि 60 की उम्र पार करने के बाद महिलाओं के शरीर में कई जरूरी विटामिन्स व न्यूट्रिएंट्स की कमी हो सकती हैं। इससे कई बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। इसलिए कुछ जरूरी टेस्ट करवाएं ताकि वह लंबे समय तक सेहतमंद बनी रहें। गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ स्निग्धा चटर्जी ने कहा कि जिन महिलाओं की उम्र 40 साल से ज्यादा से है, तो मैमोग्राम टेस्ट कराना चाहिए। ये टेस्ट अनिवार्य होते हैं और सभी महिलाओं को हर साल करवाने चाहिए। इससे बीमारियों से बचने में मदद मिल सकती है। 50 की उम्र में हर साल इसीजी, इको, इकेजी (इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम) बीपी और टीएमटी कराने चाहिए। हर साल कोलेस्ट्रॉल की जांच करवानी चाहिए. अगर आपको डायबिटीज, हार्ट या किडनी से जुड़ी कोई समस्या है तो इससे भी जल्दी डॉक्टर की सलाह पर टेस्ट करवाते रहें। उम्र बढ़ने के साथ आंखों में मोतियाबिंदु या ग्लूकोमा का शिकायत होने लगती है। हर छह माह पर डॉक्टर की सलाह से आंखों की जांच करवाते रहनी चाहिए।

# सभी खाली पदों पर होगी नियुक्ति : यशस्विनी

**अग्निपथ योजना बंद करेंगे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची ।** इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस की रांची लोकसभा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने शनिवार को एनएसयूआइ की छात्र पंचायत में कहा कि गठबंधन की सरकार बनने पर सभी खाली पदों पर नियुक्तियां की जायेंगी। कहा कि बीजेपी सरकार की ओर से चलायी जा रही अग्निपथ योजना को बंद कर दिया जायेगा, क्योंकि इससे युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है। बता दें कि झारखंड एनएसयूआइ नेत्री आरुषी वंदना के नेतृत्व में रांची नामकुम में विद्यार्थियों ने छात्र पंचायत का आयोजन किया था।



**संवाद से निकलता है समाधान :** यशस्विनी सहाय ने आगे कहा कि संवाद से ही समाधान निकलता है। उन्होंने कहा कि वे एनएसयूआइ छात्र पंचायत के माध्यम से छात्रों के साथ संवाद स्थापित कर रही हैं, जिससे उनकी समस्याओं को समझ कर समाधान निकाला जा सके। कहा, मोदी सरकार में पूरे देश के छात्र और नौजवान सबसे अधिक परेशान हैं। देश में बेरोजगारी चरम पर है। लेकिन मोदी सरकार के पास अपने उद्योगपति मित्रों को खुश करने के अलावा कोई दूसरी योजना नहीं है। सहाय ने पंचों को न्याय के बारे में समझाया।

# भाजपा ज्वाइन करना चाहते हैं बसंत : सीता सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**दुमका।** झारखंड की दुमका लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहीं सीता सोरेन के देवर और झारखंड सरकार के मंत्री बसंत सोरेन ने दावा किया था कि सीता सोरेन का भाजपा से मोहभंग हो गया है और वह वापस अपने परिवार में लौट सकती हैं। सीता सोरेन गुरुवार को दुमका में ससुर शिबू सोरेन के आवास पर गयी थीं, जहां बसंत सोरेन से उनकी मुलाकात हुई थी। इसके अगले दिन शुक्रवार को बसंत सोरेन ने कहा था कि मोदी परिवार से उनका भ्रम टूट गया है। अब वह शायद वापस सोरेन परिवार में लौटना चाहती हैं। बसंत ने कहा कि सीता सोरेन की मुलाकात के दौरान कई बातें हुई हैं।



### सीता सोरेन ने किया पलटवार

हालांकि सीता सोरेन ने बसंत के इस बयान पर कहा है कि झामुमो के लोग भ्रम नहीं पालें। सीता ने कहा कि बसंत सोरेन से मुलाकात के दौरान उनकी पार्टी या राजनीति के मुद्दे पर कोई बात नहीं हुई है। सीता सोरेन ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर इस बात से इंकार किया है कि वह झामुमो परिवार में फिर से जाना चाहती हैं। दुमका गोशाला रोड में अपने आवास में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि बसंत सोरेन ने मेरे बारे में जो बयान दिया है ,वह सब बिल्कुल बेबुनियाद हैं। जबकि सच तो यह है कि मैं जब कल अपने खिजुरिया आवास पर गयी थी, तो वहां बसंत सोरेन ने मुझे भाजपा में शामिल होने और यहां मुझे मिल रहे सम्मान को लेकर बधाई दी थी। साथ ही कहा कि मेरे लिए भी आप भाजपा में कोई बेहतर स्थान देखें।

### खुद को दरकिनार महसूस कर रहे हैं बसंत

सीता सोरेन ने कहा कि बसंत सोरेन इन दिनों झामुमो में जो चल रहा है, उससे परेशान हैं। जब से कल्पना सोरेन पार्टी में सक्रिय हुई हैं, वह अपने आपको दरकिनार महसूस कर रहे हैं। हाल ही में रांची में जो उलगुलान रैली हुई थी, उसमें भी उन्होंने कल्पना सोरेन के साथ मंच साझा नहीं किया था। कल्पना सोरेन ने आते ही झामुमो पर कब्जा जमा लिया है। इससे बसंत सोरेन उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। यही वजह है कि वह भाजपा में आना चाहते हैं और इसके लिए उन्होंने मुझसे बात की है। कहा कि झामुमो में कल्पना सोरेन किस पद पर हैं, यह स्पष्ट करना चाहिए।

## संत जेवियर्स कॉलेज में नाटक और रंगमंच पर कार्यशाला

रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को संत जेवियर्स कॉलेज रांची में अंग्रेजी (भाषा व साहित्य) विभाग, पत्रकारिकता विभाग और आइक्यूएसी द्वारा रंगमंच और नाटक विषय आधारित तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित एशियन अकादमी ऑफ फिल्म एंड थियेटर के सिद्धार्थ प्रधान ने विद्यार्थियों को थियेटर के सिद्धांत से अवगत कराते हुए बताया कि निरंतर अभ्यास करने से किसी भी तरह के काम में पारंगत हो सकते हैं। मौके पर आइक्यूएसी संयोजक डॉ शिव कुमार, अंग्रेजी (भाषा व साहित्य) विभागाध्यक्ष डॉ सीमा खलखो, डॉ उदिता, शुभम कुजूर, सौरव सिंह और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

BAIJNATH PRASAD SNEHI COLLEGE OF EDUCATION
At:-Jainagar Road, Domchanch, P.O. - Domchanch Bazar, Dist. - Koderma (Jharkhand)-825418
Recognised by ERC-NCTE Bhubaneshwar & Affiliated to Jharkhand Academic Council, Ranchi

ADMISSION NOTICE, SESSION :- 2024-2026 FOR D.El.Ed. (P.T.T.) COURSE

Eligiblity : - Candidates with at least 50% marks (O.B.C./S.C./S.T. – 45%) In the higher secondary (+2) or its equivalent examination are eligible for admission.

Date of receipt of application 12/05/24 to 27/05/24
Last date of submission of application form 28/05/24
Publication of merit list 31/05/24
Date of admission 01/06/24 To 30/06/24

How to Apply :- Application form and prospectus may be obtained from college office counter by paying Rs. 700/- & for S.C./S.T. Rs. 500/- (in case requested by post, on sending D/D of above amounts) only in favour of Baijnath Prasad Snehi College of Education, payable at State Bank of India, Koderma branch.

Mob. No. :- 7295814949, 9102224044, 8825393470
Email-ID :- skshekhar15@gmail.com,
Website :- baijnathprasadsnehicollege.org

## FORMAT C-7

**Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates**

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party : **JHARKHAND MUKTI MORCHA**

*Name of the Election : **PARLIAMENTARY GENERAL ELECTION 2024**

Name of State/ UT: **JHARKHAND**

(1) Name of the Constituency - **09, JAMSHEDPUR PARLIAMENTARY CONSTITUENCY**
Name of the candidate – **Samir Kumar Mohanty**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Criminal Antecedents | | |
| Case1 | a. | Nature of the offences | Protest on road & damaging Govt. Property |
| | b. | Case no. | GR867/2021 |
| | c. | Name of the Court | SDJM, Ghatsila. |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | Yes |
| | e. | Date of conviction, if any | N/A |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | N/A |
| | g. | Any other information required to be given | Charged framed on 05/01/2008 |
| CaseII | a. | Nature of the offences | Disturbance in Govt.Work & loss of Govt. Revenue. |
| | b. | Case no. | GR 23/2020 |
| | c. | Name of the Court | SDJM, Sadar at Spl. Court for MP/MLA, Chaibasa. |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | No |
| | e. | Date of conviction, if any | N/A |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | N/A |
| | g. | Any other information required to be given | ---- |
| 2 | The reasons for the selection of the candidate. Selection Shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere"winnability" at the polls (not more than 100 words) | | Devoted to Party & recommendation of party leaders and workers. |

(2) Name of the Constituency - **02, Dumka PARLIAMENTARY CONSTITUENCY**
Name of the candidate – **NALIN SOREN**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Criminal Antecedents | | |
| Case1 | a. | Nature of the offences | Privention of corruption |
| | b. | Case no. | Special case no. 15 A of 2009 |
| | c. | Name of the Court | Learned special judge, vigilance cum-A.C.B., Ranchi |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | NO |
| | e. | Date of conviction, if any | N/A |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | N/A |
| | g. | Any other information required to be given | ------- |
| CaseII | a. | Nature of the offences | Privention of corruption |
| | b. | Case no. | Special case no.13 of 2013 |
| | c. | Name of the Court | Learned special judge, vigilance cum-A.C.B., Ranchi |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | No |
| | e. | Date of conviction, if any | N/A |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | N/A |
| | g. | Any other information required to be given | ---- |
| 2 | The reasons for the selection of the candidate. Selection Shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere"winnability" at the polls (not more than 100 words) | | Devoted to Party & recommendation of party leaders and workers. |
| 3 | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | | NO any one applied for candidature. |

- In the case of election to council of states or states or election to Legislative council by
- MLAs, Mention the election concerned in the place of name of constituency.

JHARKHAND MUKTI MORCHA CENTRAL COMMITTEE

VINOD KUMAR PANDEY
General Secretary
JHARKHAND MUKTI MORCHA
CENTRAL COMMITTEE

Signature of officer bearer of political party
Vinod Kumar Pandey
General Secretary
Jharkhand Mukti Morcha

# नहीं मिल सके सारे जवाब

महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के संस्थापक डॉ. नरेंद्र दाभोलकर की हत्या के करीब 11 साल बाद आया विशेष अदालत का फैसला कम से कम यह संतोष देता है कि इस मामले में न्याय प्रक्रिया का एक चक्र पूरा हुआ। हालांकि कई अहम सवालों के जवाब अभी भी नहीं मिले हैं। लिहाजा यह नहीं कहा जा सकता कि यह प्रकरण अपनी तार्किक परिणति तक पहुंच गया। 20 अगस्त 2013 की सुबह हुई डॉ दाभोलकर की हत्या ने अगर पूरे देश को सकते में डाल दिया था, तो वह बेवजह नहीं था। माना गया कि उनकी हत्या उनके विचारों को दबाने के मकसद से की गयी है। उसके बाद फरवरी 2015 में गोविंद पानसारे, अगस्त 2015 में एमएम कलबुर्गी और सितंबर 2017 में हुई गौरी लंकेश की हत्या को इसी श्रेणी में रख कर देखा जा रहा था। शुरुआती जांच में कुछ ऐसे बिंदु मिले भी थे, जिनसे लगता था कि कहीं न कहीं इन हत्या की साजिशों के तार एक-दूसरे से जुड़े हैं। इस लिहाज से भी नरेंद्र दाभोलकर हत्या से जुड़े इस मामले पर सबकी नजरें टिकी थीं। लग रहा था कि अदालत में अगर इन साजिशों की परतें खुलें और कोर्ट किसी नतीजे पर पहुंचे तो देश में अपनी तरह के इन हत्याकांडों के पीछे की सच्चाई सामने आयेगी। अदालत में उन दो लोगों के खिलाफ दोष साबित हो गया, जिन्होंने 20 अगस्त 2013 की सुबह डॉ दाभोलकर पर गोलियां चलायी थीं। लेकिन सवाल यह है कि आखिर इन लोगों ने यह हत्या की क्यों? क्या इनकी डॉ दाभोलकर से कोई निजी दुश्मनी थी? सीबीआइ के मुताबिक हत्या का कारण वैचारिक टकराव था। अभियोजन पक्ष ने हत्या की साजिश के मामले में तीन अन्य लोगों को आरोपी बनाया था। लेकिन जांच एजेंसियां इन आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं जुटा सकीं। जाहिर है, कमजोर जांच-पड़ताल की वजह से हत्या के पीछे की साजिश उजागर नहीं हो सकी। हत्या के पीछे कोई दूसरा ठोस, तर्कसंगत कारण भी स्थापित नहीं हो पाया। नतीजा यह कि हत्या करने वालों को सजा सुना दिये जाने के बाद भी, देश इस बात को लेकर अंधेरे में है कि आखिर इस हत्या के पीछे किन लोगों की और कैसी साजिश थी। इसी वजह से यह सवाल भी अनुत्तरित ही है कि उसके बाद हुई तीन हत्याओं - गोविंद पानसारे, एमएम कलबुर्गी और गौरी लंकेश की - को एक साथ जोड़ कर देखने का कोई ठोस आधार है या नहीं। क्या इन चारों हत्याओं की साजिश के पीछे एक ही संगठन से जुड़े समान सोच वाले लोगों का हाथ था? जाहिर है, ठोस जवाब के अभाव में ऐसी हत्याओं तक ले जाने वाले कारकों से निपटने के तरीके ढूंढना भी आसान नहीं होगा।

**सीबीआइ के मुताबिक हत्या का कारण वैचारिक टकराव था। अभियोजन पक्ष ने हत्या की साजिश के मामले में तीन अन्य लोगों को आरोपी बनाया था। लेकिन जांच एजेंसियां इन आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं जुटा सकीं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**महिलाओं को चुनाव का हिस्सा बनना चाहिए। लोकतांत्रिक देश में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी महत्वपूर्ण है। मतदान प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी देश के भविष्य को आकार देने की क्षमता रखती है। इसलिए चुनावी प्रक्रिया में महिलाओं की भूमिका को समझना चाहिए। लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए मतदान करना बहुत जरूरी है। आजादी के बाद भारत में महिला मतदाताओं की संख्या में आशातीत प्रगति हुई है।**

# चुनाव पर्व में महिलाओं की सहभागिता



डॉ तान्या शर्मा




भारतीय महिलाएं जागरूक एवं शिक्षित हैं। वे आज थिंकटैंक बन गयी है। इसके लिए आवश्यक है कि वे अपना वोट दें। सत्य है कि अब महिलाएं मतदान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेती हैं। इस मतदान उत्सव में उनका हमेशा से योगदान रहा है। वे जान गयी हैं कि वोट देना क्यों आवश्यक है? हर महिला के जीवन पर चुनी हुई सरकार का प्रभाव पड़ता है। हर नागरिक के लिए आम चुनाव बड़ा अवसर है। महिलाओं को चुनाव का हिस्सा बनना चाहिए। लोकतांत्रिक देश में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी महत्वपूर्ण है। मतदान प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी देश के भविष्य को आकार देने की क्षमता रखती है। इसलिए चुनावी प्रक्रिया में महिलाओं की भूमिका को समझना चाहिए। लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए मतदान करना बहुत जरूरी है। आजादी के बाद भारत में महिला मतदाताओं की संख्या में आशातीत प्रगति हुई है। इस बार के चुनाव में महिलाओं की वोटिंग प्रतिशत अधिक होने की संभावना व्यक्त की गयी थी, लेकिन अनुभव यह बताता है कि वोटिंग प्रतिशत घटा है। भारत में मतदाताओं की कुल संख्या करीब 97 करोड़ है। हाल में 18 से 29 वर्ष की आयु वर्ग के दो करोड़ से अधिक मतदाता पंजीकृत हुए है। इनमें महिलाओं की हिस्सेदारी ज्यादा है। देश की आबादी का 66.76 प्रतिशत हिस्सा युवा है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या रिपोर्ट 2022 के अनुसार दुनिया की जनसंख्या आठ अरब पार कर गयी है। इस रिपोर्ट में उल्लेख है कि इसमें सबसे बड़ा योगदान भारत का है। यहां उल्लेख है कि विश्व जनसंख्या की बढ़ोत्तरी में भारत का योगदान 17 प्रतिशत है। मतदाता की दृष्टि से भारत सबसे बड़ा देश है। सरकारी आंकड़े बताते है कि महिलाओं में मतदान प्रतिशत पिछले तीन दशकों में काफी बढ़ी है। 1991 के लोकसभा चुनावों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत जहां 51.4 प्रतिशत था, वहीं 2009 में 55.8 प्रतिशत हो गया है। फिर भी भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति कमजोर है। महिलाओं में आज भी साक्षरता दर कम है तथा सरकारी आंकड़ों के अनुसार प्रशासनिक, शैक्षणिक एवं व्यवसायिक क्षेत्रों में उनकी भागीदारी बहुत कम है, जिसके चलते सामाजिक एवं राजनीतिक डोमेन में अपनी भूमिका निभाने में वे असफल हो जाती है।

**1950 में सार्वभौमिक मताधिकार ने सभी महिलाओं को मतदान का अधिकार प्रदान किया। यह भारतीय संविधान में अनुच्छेद 326 में निहित है।**

भारत में महिलाएं मतदान में भाग लेती हैं। महिलाओं को वोट देने का अधिकार आजादी के समय से ही प्रदान कर दिया गया है। 1950 में सार्वभौमिक मताधिकार ने सभी महिलाओं को मतदान का अधिकार प्रदान किया। यह भारतीय संविधान में अनुच्छेद 326 में निहित है। एक अध्ययन के अनुसार भारत में मतदान के प्रति रूझान महिलाओं में बढ़ी है। आवश्यकता है कि महिलाओं को शिक्षित कर इनकी वोट प्रतिशत को बढ़ाया जाय। अभी देखा जा रहा है कि शिक्षा के विकास से अमीर और गरीब दोनों प्रकार के राज्यों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। भारतीय राज्यों में अरुणाचल प्रदेश, गोवा, केरल, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, दमन और दीव आदि में पिछले लोकसभा चुनाव में पुरुषों की तुलना में महिलाओं का मतदान प्रतिशत अधिक रहा है। इसका कारण यह है कि महिलाओं का शिक्षित होना। शैक्षणिक गतिशीलता से पारिवारिक जीवन में परिवर्तन हुआ है। गांधीजी ने लिखा था कि एक लड़की की शिक्षा एक लड़के की शिक्षा की अपेक्षा अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि लड़के को शिक्षित करने पर वह अकेला शिक्षित होता है, किंतु एक लड़की की शिक्षा से पूरा परिवार शिक्षित हो जाता है। शिक्षा वह कुंजी है, जो जीवन के सभी द्वार खोल देती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय होने में मदद मिली है। वर्तमान ग्लोबलाइजेसन के युग में मजबूत लोकतंत्र में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो गयी है। यदि महिलाएं जागरूक हों, तो वह स्वयं अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगी। साथ ही अपने परिवार के अन्य समस्याएं एवं आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित कर मतदान तक पहुंचाने का प्रयास करती है। हम महिलाओं की स्थिति का आंकलन करें, तो पता चलेगा कि वैदिक युग से लेकर वर्तमान समय तक महिलाओं की सामाजिक स्थिति में अनेक उतार-चढ़ाव आते रहे हैं और उसके अनुसार ही उनके अधिकारों में बदलाव का ही परिणाम है कि आज देश में महिलाओं का योगदान भारतीय राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्थाओं में दिनों-दिन बढ़ रहा है, जो कि समावेशी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एक सफल प्रयास है।

वर्तमान चुनावी परिवेश एक मजबूत लोकतंत्र की स्थापना में महिला मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करना अनिवार्य है। इसी से ही देश को युगल नेतृत्व और मजबूत लोकतंत्र की प्राप्ति होगी। लोकतंत्र के इस महापर्व में महिलाओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित हो, इसके लिए महिलाओं ने सशक्त लोकतंत्र की पहचान, सशक्त नारी शत-प्रतिशत मतदान; मतदान आपका अधिकार और जिम्मेदारी भी; सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो; जब भी वोट डालने जायें, पहचान पत्र साथ ले जायें; वोट हमारा है अनमोल, कभी ना लेंगे इसका मोल; चुनाव का पर्व, देश का पर्व; लोकतंत्र का भाग्य विधाता, होता जागरूक मतदाता; मेरा मत, मेरा अधिकार का संदेश भी दे रही है।

मजबूत लोकतंत्र के लिए महिलाओं का भी आगे बढ़ कर अपने वोट का प्रयोग करना बहुत आवश्यक है। जागरूकता अभियान के द्वारा वोट की प्रतिशत को हम बढ़ा सकते हैं। स्वामी विवेकानंद का मानना था कि किसी राष्ट्र की प्रगति का सर्वोतम थर्मामीटर है, वहां की महिलाओं की स्थिति। हमें महिलाओं को ऐसी स्थिति में पहुंचाने की कोशिश करनी चाहिए, जहां वे अपनी समस्याओं को अपने ढंग से खुद-सुलझा सकें। भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए महिलाओं को विकास के हर क्षेत्र में आगे आना होगा। फिलहाल वोट के महत्व को समझते हुए प्रत्येक महिला को मतदान केंद्र में जाकर अपने कर्तव्य का निर्वाह करना चाहिए, तभी देश को एक ईमानदार सरकार प्राप्त हो पायेगा। अभी भारत को 2047 में विकसित देश के श्रेणी में आना है। इस कार्य को पूरा करने में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। भावी पीढ़ियों का विकास महिलाओं पर निर्भर करता है। वास्तविक लोकतंत्र के लिए महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी एक बुनियादी शर्त है। आज प्रश्न है कि कैसे हम लोकतंत्र के इस महापर्व में महिलाओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करें। यहां यह कहना उचित है कि महिलाओं को उनकी रूढ़ीवादी भूमिकाओं से बाहर निकलने और देश की निर्णय-निर्माण प्रक्रिया में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। राजनीतिक शिक्षा के अभाव में महिलाएं अपने मूल अधिकारों और राजनीतिक अधिकारों से अवगत नहीं हो पाते हैं। शिक्षा महिलाओं की सामाजिक गतिशीलता को प्रभावित करती है।

आज वोट देने में जो उदासीनता दिखायी पड़ता है उसका एक महत्वपूर्ण कारण है कि राजनीतिक निर्णय-निर्माण में पारदर्शिता की कमी और अलोकतांत्रिक आंतरिक प्रक्रियायें सभी नये प्रदेशों के लिए चुनौती पेश करती हैं। इससे महिलाएं विशेष रूप से प्रभावित होती हैं, क्योंकि उनके पास राजनीतिक नेटवर्क की कमी होती है। राजनीति में हिंसा बढ़ती जा रही है। महिलाओं को वोट देने के प्रति उदासीनता पैदा हो गया है। आजादी के 75 वर्षों के बाद भी महिला मतदाता अपने को कमजोर पाती है, जिसका परिणाम है कि वर्तमान चुनाव में वोट प्रतिशत का गिरावट। विगत सभी सरकारों का प्रयास रहा है कि महिलाओं को शिक्षित कर वोट देने के लिए जागरूक करें। साथ ही महिलाओं को आर्थिक एवं राजनीतिक रूप से मजबूत करें। भारतीय महिलायें, जो देश की आधी आबादी है, को अपने अधिकार एवं कर×व्य को समझना होगा। वोट देना इनका अपना अधिकार है। इस ग्लोबलाईजेसन के जमाने में महिला जागरूक हुई है। जरूरत है कि अधिक से अधिक संख्या में महिलायें अपने वोट का प्रयोग करें और साफ-सुथरी सरकार बनायें, जिससे देश मजबूत होगा और राष्ट्र के विकास में तेजी आयेगी। एक सशक्त भारत के लिए महिलाओं को मतदान केन्द्र पर जाकर अपने बहुमूल्य वोट का प्रयोग करना, उन्हें अपना धर्म समझना चाहिए।

**(लेखक : मगध महिला कॉलेज पटना (बिहार) की अर्थशास्त्र विभाग (अतिथि) की सहायक प्रोफेसर हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# सांसद विद्युत वरण महतो ने चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन, तैयारियों पर की चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव में रणनीति को मूर्त रूप देने के लिए सांसद सह भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो ने कार्यकर्ताओं संग पश्चिम विधानसभा के सोनारी, कदमा, साकची व बिस्टुपुर में चुनावी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर जमशेदपुर लोकसभा के संयोजक सह प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, पश्चिम विधानसभा के प्रभारी चंद्रशेखर मिश्रा, देवेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार, राजेश सिंह, संजय तिवारी, बजरंगी पांडेय समेत पार्टी के अन्य वरीय नेतागण मौजूद रहे। मौके पर सांसद बिद्युत महतो ने मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकताओं के संग चुनावी तैयारियों पर विस्तृत चर्चा कर आगामी कार्यक्रम के संबंध में विचार-विमर्श किया। चुनावी कार्यालय के उद्घाटन के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने जमशेदपुर सीट पर प्रचंड जीत का दम दिखाया। विश्वास जताया इस बार बिद्युत महतो 5 लाख से अधिक रिकॉर्ड मतों से विजयी होकर दिल्ली जाएंगे। सांसद सह भाजपा प्रत्याशी बिद्युत महतो ने कहा कार्यकताओं का जोश व जुनून देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा जिस तरह से बीते 10 वर्षों में भारत की चौतरफा तरक्की के साथ विकास के ऐतिहासिक काम हुए हैं। उसे देख कर देशवासी चिंतन करते हैं। उन्होंने कहा आज भारत ही नहीं विदेशों में बसे लोग भी चाहते है नरेंद्र मोदी ही फिर से भारत के प्रधानमंत्री बने।यह कार्यकताओं की मेनहत, जनता के आशीर्वाद व प्यार से संभव हुआ है। सांसद बिद्युत महतो ने कहा नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में जमशेदपुर के विभिन्न क्षेत्रों में जनता की दशकों पुरानी कई मांग पूरी हुई है। विकास की इस रफ्तार को और तेज करने व 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की सिद्धि के लिए नरेंद्र मोदी को इस बार 400 से ज्यादा सीटों के साथ प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा भाजपा कार्यकताओं ने सभी बूथों पर वीजयी कमल खिलाने का संकल्प लिया है। कार्यकताओं के परिश्रम और अनुभव के आधार पर चुनाव परिणाम ऐतिहासिक होगी। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव नारायण शर्मा, संतोष सिंह, रंजीत सिंह, समल किशोर समेत अन्य मौजूद रहे।

# खरसावां में कालीचरण मुंडा ने कहा लोकतंत्र बनाम पूंजीवाद की है लड़ाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**खरसावां।** खूंटी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत खरसावां में शनिवार को महागठबंधन के कांग्रेस पार्टी से प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के समर्थन में खरसावां शहीद स्थल पार्क के पास चुनावी सभा का आयोजन किया गया। चुनावी सभा में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को भी शिरकत करना था, लेकिन वे नहीं आ सके। चुनावी जनसभा में प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के अलावा खरसावां के विधायक दशरथ गागराई भी मौजूद थे। आर्थिक व्यवस्था को पूंजीपतियों के हाथों बेच दी

कालीचरण मुंडा ने कहा की यह महज एक चुनाव नहीं है, बल्कि पूंजीपति व्यवस्था बनाम लोकतंत्र की स्थापना की लड़ाई है। आज महागठबंधन की जीत सुनिश्चित करना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि लोकतंत्र खतरे में है। 10 साल तक भाजपा की सरकार ने देश की आर्थिक व्यवस्था को पूंजीपतियों के हाथ में दे दिया है। पूंजीवादी व्यवस्था को स्थापित करने वाली इस सरकार की टेढ़ी नजर यहां के आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन पर है।

**कानून को कर दिया शिथिल :** कांग्रेस शासनकाल में ही जल, जंगल, जमीन की रक्षा करने कानून और एक्ट बनाए गए हैं। लेकिन मौजूदा केंद्र सरकार ने इन कानून को शिथिल कर आदिवासियों को लूटने का प्रयास किया है। आदिवासी-मूलवासियों को अपने अस्मिता की लड़ाई लड़नी है। इस पूंजीवादी सरकार को उखाड़ फेंकना होगा। कार्यक्रम को खरसावां के विधायक दशरथ गागराई ने लोगों को कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम में जिप अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, छोटे राय किस्कू समेत आदि मौजूद थे।

# एसएसपी से न्याय की गुहार लगायी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। बीते दिनों बिस्टुपुर जी टाउन मैदान के पास 21 वर्षीय कृष्णा नरेडी को असामाजिक तत्वों द्वारा उठाकर जुगसलाई में बेहरहमी से मारपीट करने व अमानवीय व्यवहार करने के मामले में बिस्टुपुर थाना में शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद पीड़ित परिवार को उचित न्याय नही मिलने पर मुकेश मित्तल ने कृष्णा नरेडी के परिवार के सदस्यों संग एसएसपी कौशल किशोर से मुलाकात की। मौके पर उन्होंने एसएसपी से मिलकर पूरे घटना की जानकारी दी।जानकारी मिलने पर एसएसपी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए बिस्टुपुर थाना व सीसीआर डीएसपी को निर्देश देते हुए परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा जताया।**

# बर्मामाइंस कैरेज कॉलोनी में लोकसभा प्रत्याशी समीर मोहंती का भव्य स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी सह बहदगोड़ा विधायक समीर मोहंती ने बमार्माइंस स्तिथ कैरेज कॉलोनी में स्थानीय लोगो से मुलाकात कर इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। वही चुनाव प्रचार के दौरान कैरेज कॉलोनी स्थित मुस्लिम बस्ती मदरसा में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती को माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर स्थानीय लोगो ने लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को भारी मतों में विजय बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर झामुमो के वरिष्ठ नेता प्रमोद लाल,सेख बदरूद्दीन,बाबर खान,एम डी फिरोज,एम डी दिलवार,अफ्ताप आलम,अकरम खान,एम डी इमरान, एम डी आजम,हरपाल सिंह हीरे,सतिंदर सिंह रोमी,राजा सहित सैकड़ो लोग शामिल रहे।

# बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** शहर के कदमा फार्म एरिया के रहने वाले राकेश तिवारी के बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने देर रात चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद भुक्तभोगी परिवार के सदस्यों ने इसकी जानकारी थाने पर जाकर दी। अब पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। राकेश तिवारी के घर से चोरों ने नकदी और आभूषणों की चोरी कर ली है। घटना के समय राकेश तिवारी घर पर नहीं थे। इसकी जानकारी चोरों को मिल गई थी। इसके बाद ही उनके यहां घटना को अंजाम दिया गया। चोरी की घटना कदमा ही नहीं बल्कि आस-पास के ईलाके में भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

# सुंदरनगर रैफ 106 बटालियन में आर्ट थेरेपी से मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** कला चिकित्सा का उपयोग करके मानसिक स्वास्थ्य के सार को बढ़ावा देने के लिए मिशन मेरी लाइफ के तत्वावधान में रैफ 106 बटालियन की ओर से मानसिक स्वास्थ्य पर छह दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। 6 से 11 मई तक चला कार्यशाला कर्मियों के मनोवैज्ञानिक कल्याण को प्राथमिकता देने में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है। कार्यशाला के दौरान, रैपिड एक्शन फोर्स के कर्मियों ने रचनात्मक अभिव्यक्ति की उपचार और शक्ति की जांच करने के उद्देश्य से कई गहन गतिविधियों में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का निर्देशन जमशेदपुर की प्रसिद्ध और अनुभवी कला चिकित्सक अनुश्री भार्गव ने किया था. पेंटिंग, ड्राइंग, मूर्तिकला, कला-निर्माण सहित आत्म-अभिव्यक्ति, संवाद और उपचार के साधन के रूप में कई कलात्मक माध्यम शामिल थे। लोगों को तनाव, चिंता, संघर्ष समाधान, भावनात्मक प्रबंधन, आत्मसम्मान को बढ़ावा देने और अन्य मानसिक या भावनात्मक चिंताओं को कम करने में मदद करने के लिए कोलाज, क्ले मोल्डिंग और रचनात्मक लेखन।

चूंकि कला चिकित्सा भारत में एक बहुत ही नया क्षेत्र है और यह एक गैर-मौखिक प्रक्रिया है, यह लोगों को वे बातें कहने में मदद करती है जिनके लिए उन्हें शब्द नहीं मिल पाते हैं। आरएएफ ने इसे अपने कर्मियों को समर्थन देने के अवसर के रूप में इस्तेमाल किया. उन कर्मियों के बीच अप्रतिबंधित अभिव्यक्ति को बढ़ावा देने के लिए छह-सत्रीय कार्यक्रम शुरू किया गया था। जो खुद को अभिव्यक्त करने में शमार्ते हैं और तनावग्रस्त हैं। सभी सत्रों में से प्रत्येक में एक विशिष्ट विषय या थीम को शामिल किया गया था।

## भाजपा प्रत्याशी वीडी राम ने किया रोड शो

# गढ़वावासियों से मांगा आशीर्वाद

उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश रहेगी की पलामू के तस्वीर को भारत में नंबर वन पर लायें।

रोड शो में भाजपाइयों का उमड़ा सैलाब



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने गढ़वा शहर में शनिवार को रोड शो किया। रोड शो का आयोजन शहर के मिनी टेंपो स्टैंड से शुरू होकर रंका मोड़ होते हुए गढ़देवी मंदिर में दर्शन पूजन कर मझिआंव मोड़ होते हुए इंदिरा गांधी रोड होते हुए बाजार की सभी गलियों से होकर समाप्त हुआ। रोड शो आयोजन में भाजपा प्रत्याशी वीडी राम के अतिरिक्त काफी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे। भाजपा प्रत्याशी वीडी राम ने शहरवासियों से मिलकर आशीर्वाद मांगा और तीन नंबर में कमल के फूल छाप में भारी मतों से मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश रहेगी की पलामू के तस्वीर को भारत में नंबर वन पर लायें। साथ ही रोड शो में पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, वरिष्ठ नेता सह लोकसभा के सह संयोजक अलखनाथ पांडेय, पूर्व सांसद घूरन राम, विधानसभा प्रभारी दुर्गा जौहरी सूरज गुप्ता, भगत सिंह साहू, मुरली श्याम सोनी, राजकुमार मद्धेशिया, रवींदर जायसवाल, दीपक तिवारी, उमाकांत तिवारी, त्रिपुरारी सिंह, रवींद्रनाथ ठाकुर, शंकर विश्वकर्मा, चंपा देवी, रीता देवी, इश्तियाक राजा, अरविंद तूफानी, चंदन जायसवाल, धनंजय गोंड, यशवंत मिश्रा, विनय चंद्रवंशी विनोद चंद्रवंशी, अरविंद पटवा, कंचन जायसवाल, अंजली गुप्ता, उषा देवी, पार्वती सिंह सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता समर्थक उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन नगरमंडल अध्यक्षुमेश कश्यप के अगुवाई में की गयी।

# 13 मई को जनता विकसित भारत के लिए भाजपा को करे मतदानः भानू प्रताप शाही

कहा कि इंडिया गठबंधन वाले देश का भला नहीं कर सकते हैं, यह सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति कर वोट हासिल करना चाहते हैं। लेकिन जनता समझदार है।



आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** भाजपा की ओर से शनिवार को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन बाईक जुलूस निकाला गया। विधायक भानू प्रताप शाही के नेतृत्व में जुलूस बिलासपुर बस स्टैंड से लेकर मेनरोड होते हुये श्री बंशीधर नगर शहर से लेकर पाल्हे कला गांव तक निकाली गई। बाईक जुलूस में शामिल लोग भाजपा के पक्ष में जमकर नारेबाजी की और विधायक के साथ डीजे की धुन पर जमकर थिरके। विधायक भानू प्रताप शाही ने कहा कि 13 मई को यहां की जनता विकसित भारत के लिए मतदान करेगी। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने 10 वर्षों में भारत को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने का काम किया है। साथ ही राम मंदिर, धारा 370 जैसे देश के मुख्य मुद्दे को लेकर बेहतरीन काम किया है। उन्होंने इंडिया गठबंधन पर भी जमकर हमला बोला। कहा कि इंडिया गठबंधन वाले देश का भला नहीं कर सकते हैं, यह सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति कर वोट हासिल करना चाहते हैं। लेकिन जनता समझदार है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी वीडी राम की जीत को एकतरफा बताया। उन्होंने कहा कि विपक्ष कहीं लड़ाई में नहीं है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी वीडी राम की ऐतिहासिक जीत का दावा किया। बाईक जुलूस में भाजपा के वरिष्ठ नेता शारदा महेश प्रताप देव, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, विकास स्वदेशी, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, ओम प्रकाश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय, संजय कसेरा, कुमार कनिष्क, अशोक सेठ, विक्की देव, संजय कांस्यकार, अशोक सिंह, राकेश चौबे, उप प्रमुख गणेश देव, अविनाश सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बाबू दिनेश सिंह विवि में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में वनांचल स्कूल ऑफ नर्सिंग और वनांचल कॉलेज आफ नर्सिंग के छात्र / छात्राओं के द्वारा अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एमके सिंह और नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्या दिव्या तिरु ने संयुक्त रूप से नैटेंगल के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा उनके चित्र पर दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। इस अवसर पर कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने कहा कि नर्सिंग सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। इसलिए नर्स का कार्य मरीजों की सेवा भाव से करना चाहिए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर एमके सिंह ने भी अपना विचार रखा। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिसमें छात्रों ने नृत्य और संगीत का कार्यकर्म प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इस कार्यकर्म में प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता, नीतीश पाठक, रोहिता मिंज आदि ने कार्यकर्म को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## 11 हजार बोल्ट के तार गिरने से लगी आग

**कांडी (आजाद सिपाही)।** कांडी प्रखंड के डेवडीह गांव में शनिवार के दोपहर बारिश के साथ हल्की हवा की झोंकों से 11 हजार बोल्ट के तार गिरने से खेतों में आग की लपटें देखकर आस-पास के लोग काफी भयभीत हो गये। जबकि गांव के ही वकील शर्मा की पक्की मकान तार की चपेट में आ गयी। विद्युत तार को देखते ही लोग अपने घरों से बाहर निकले और कांडी ग्रीड में सूचना देकर विद्युत कटवाया गया। हालांकि इस घटना से कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। विदित हो कि वकील शर्मा की मकान के छत के उपर से गुजरी 11 हजार बोल्ट की तार एक बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रही है, इस संबंध में वकील शर्मा ने बताया कि छत के उपर लगें बिजली का तार हटाने के लिए विभाग को लिखित आवेदन देकर मांग की गयी थी, परंतु विभाग द्वारा इस पर कोई पहल नहीं किया गया।

# स्वास्थ्यकर्मी आज ही अपना योगदान सुनिश्चित करेंगेः डॉ असजद

लोकसभा चुनाव को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक, ड्यूटी की जानकारी दी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** लोकसभा चुनाव को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी की अध्यक्षता में चिकित्सक और स्वास्थकर्मी के साथ बैठक संपन्न हुई। लोकसभा चुनाव को लेकर 5 दिवसीय बैठक अलग अलग स्वास्थकर्मियो के साथ किया गया। जिसमें चिकित्सक, एएनएम, सीएचओ, एमपीडब्ल्यू, सहिया, बीटीटी, सहिया साथी, एलटी फार्मासिस्ट, एसटीएस, ममता वाहन और 108 एंबुलेंस चालकों के साथ बैठक की गयी। मौके पर उपस्थित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी ने कहा कि जिन स्वास्थकर्मियो का ड्यूटी मतदान केंद्र में लगाया गया है, वे सभी 12 मई को ही अपना योगदान देना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि 13 को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान अवधि के दौरान स्वस्थ सुविधा बहाल करेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र पर स्वास्थ्य संबंधी किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए स्वास्थ्य व्यवस्था किया गया है। उन्होंने कहा कि जहां फर्स्ट एड की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि वैसा मामला जहां स्थिति गंभीर है, तत्काल एंबुलेंस की सूचना करेंगे और वरीय पदाधिकारी को सूचना देंगे, ताकि समुचित इलाज किया जा सके। सभी स्वास्थ्य कर्मी मतदान केंद्र में बेहतर सुविधा देने का हर संभव प्रयास करेंगे, साथ ही किसी को कोई परेशानी नहीं हो इसका ख्याल रखेंगे। बैठक में डॉ अशोक बाखला, डॉ गोरखनाथ पांडे, डॉ प्रीति तिवारी, बीपीएम सुधीर कुमार, डॉ भानु, डॉ इश्तियाक, डॉ नायला और कई चिकित्सक, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, सीएचओ, बीटीटी, सहिया साथी, सहिया, स्वास्थकर्मी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## निजी स्कूलों में 14 मई से प्रातः कालीन कक्षा का होगा संचालन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति की एक बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दिनांक 14 मई से अगले आदेश तक प्रातः कालिन कक्षा का संचालन होगा। अध्यक्ष अलख पांडेय की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसम्मति से सरकार द्वारा जारी सूचना ज्ञापन संख्या 88/ 10.05.2024 के आलोक में जारी किया गया है।सभी ने सरकार की इस कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। विगत दिनांक 30 अप्रैल को अत्यंत गर्मी और लू चलने के कारण अचानक ही सभी कोटि के विद्यालयों में कक्षा के जी से लेकर आठवीं तक बंद कर दिया गया था, लेकिन वर्तमान में मौसम के रुख में परिवर्तन को देखते हुए एवं छात्र हित में दिनांक 13 मई से ही सभी कक्षाओं के लिए संचालन निष्पादित किए जाएंगे, चूंकि 13 मई को लोकसभा चुनाव होने के कारण अवकाश रहेगा अतः 14 मई से ही समन्वय समिति के सभी विद्यालय अपने नियत समय से संचालित होंगे।सभी अभिभावकों से आग्रह किया गया है कि वे अपने वार्ड को ससमय मंगलवार के रूटीन के अनुसार लंच बॉक्स, वाटर बोटल एवं टॉवेल के साथ स्कूल भेजें। सभा का संचालन सचिव मदन केशरी और धन्यवाद यह सचिव संजय सोनी ने किया।इस मौके पर उपाध्यक्ष सुशील केशरी, कार्यकारिणी समिति के सदस्य पीके दुबे,प्रह्लाद मेहता, अमरेंद्र पाठक आदि उपस्थित रहे।

# अपने कार्यों के प्रति वफादारी और समय का समुचित प्रबंधन सुखद जीवन का आधार : अलखनाथ पांडेय

आर के ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के द्वारा सेशन 2024-25 का पहला इनहाउस ट्रेनिंग संपन्न




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आरकेवीएस के सभागार में सीबीएसई के दिशा निर्देशानुसार शिक्षकों के लिए सेशन 2024-25 का पहला इनहाउस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन अंतर्गत संचालित सभी स्कूल आरकेपीएस गढ़वा, श्रीबंशीधर नगर, उंचरी (मंझिआंव) और हूर के शिक्षक-शिक्षिकायें सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय, प्रशासनिक इंचार्ज प्रमोद कुमार झा और मिथलेश कुमार सिंह ने मां सरस्वती के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। इसके पूर्व चेयरमैन, प्रशासनिक इंचार्ज और सभी स्कूलों के प्राचार्यों को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया और सभी ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यशाला में 'पोजिटिव माइंडफूल मंत्र फोर फाइटिंग स्ट्रेस' विषय पर चर्चा की गयी।

चर्चा करने और विस्तार से हर बातों को साझा करने के लिए रिसोर्स पर्सन के रुप में आरकेपीएस गढ़वा से शिक्षक देवेन्द्र सिंह, धीरज पांडेय, शिक्षिका जागृति चौबे, और श्रीवंशीधर नगर स्कूल से राहुल कुमार सोनी थे। इस विषय पर चेयरमैन सह निदेशक ने कहा कि आज पूरे विश्व में दो तिहाई लोग विशेष रूप से युवा पीढ़ी तनाव और अवसाद से ग्रसित हैं, जिसका मूल कारण अपने ऊपर कम विश्वास और दूसरों से ज्यादा उम्मीदें रखना है। तनाव मुक्त जीवन के लिए स्वयं पर विश्वास, समय प्रबंधन, जीवन के प्रति सकारात्मक सोच, मेडिटेशन (योगा), और अपने कार्यों के प्रति वफादारी और संतुष्टि का होना जरूरी है। उन्होंने उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को इन बातों को दैनिक जीवन में खुद भी शामिल करने और विद्यार्थियों को भी प्रेरित करने का सुझाव दिया। खाली समय में अच्छी पुस्तकें पढ़ने की आदत, परिवार और लोगों के साथ समय बिताना, संगीत सुनना, हंसी-मजाक, खेल-कूद ये सभी अगर जीवन में है, तो आप सुखद जीवन जी सकते हैं। शिक्षक समय-समय पर अपने बच्चों को प्रेरक, ज्ञानवर्धक और मनोरंजक बातों को कक्षा में साझा कर अपने क्लास को स्ट्रेस फ्री कर सकते हैं। शिक्षकों को हमेशा शब्दों का चयन सोच समझकर करना चाहिए, ताकि उसका नकारात्मक प्रभाव उन पर न पड़े। इस अवसर पर संतोष पांडेय, एलके ओझा, अनिल सिन्हा, विनय सिंह, अनिता सिन्हा, अभिलाषा तिवारी, पूनम राय, राजेश पांडेय, रुपेश पांडेय, नंदलाल गुप्ता, शहेला खान,सनोज यादव, गीता पांडेय और अन्य सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# देश को समृद्ध और विकसित बनाने के लिए पीएम मोदी के हाथों को मजबूत करना हैः अलखनाथ

अलखनाथ पांडेय ने कहा कि आज पूरा देश मोदीमय हो चुका है। सारी विपक्षी ताकत मोदी को झुकने के लिए षड्यंत्र की नीति रच रहे हैं। इसमें हमारे देश के विरोधी पार्टी बढ़ चढ़कर भाग ले रही हैं।




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के टंडवा मुंहल्ला में शुक्रवार को देर शाम चुनावी पथ सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित छत्तीसगढ़ रामानुजगंज के नगर परिषद अध्यक्ष रमन अग्रवाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडेय, लोकसभा चुनाव प्रभारी दुर्गा जौहरी, अनिता देवी, कंचन जायसवाल, मुरलिश्याम सोनी, विनोद जायसवाल, चंदन जायसवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में रमन अग्रवाल ने कहा कि आज यह चुनाव देश के विकास और देश की रक्षा के लिए किया जा रहा है। भारत के सभी लोग मोदी जी के साथ हैं। जबकि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। विरोधी सिर्फ देश को लूटने के लिए लगे हुए हैं। हम सबको एक जूट होकर आने वाले 13 मई को उनके विरोध में एक जूट होकर एक-एक मत को मोदी जी के पक्ष में देना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अलखनाथ पांडेय ने कहा कि आज पूरा देश मोदीमय हो चुका है। सारी विपक्षी ताकत मोदी को झुकने के लिए षड्यंत्र की नीति रच रहे हैं। इसमें हमारे देश के विरोधी पार्टी बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं। हमें इन सब को जवाब देना है और देश को समृद्ध और विकसित बनाने के लिए मोदी जी के हाथों को मजबूत करना है।

दुर्गा जौहरी ने कहा, हमारे संविधान और हमारे धर्म की रक्षा संभव है, आजादी के 70 साल बीत गये लेकिन अभी तक अयोध्या में राम जी तंबू में रह रहे थे, मोदी जी ने इनको अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण करवाया। धारा 370 जो कश्मीर का कलंक था, उसको मिटाने का काम किया, देश में सबको एक साथ लेकर सबका साथ सबका विकास और सबका विकास के तहत हर घर को नल, बिजली, राशन दिया। आज देश विकास के रास्ते पर आगे है, हमें उनके हाथों को मजबूत करना है ।

अनीता गुप्ता ने कहा कि देश में एक मजबूत लोकतंत्र फिर से स्थापित हो, उसके लिए मोदी जी के हाथों को मजबूत करना है और आने वाले अगले सोमवार को कमल के फूल पर इतना बटन जोर से दबाना है कि विरोधी पस्त हो जाये। उमेश कश्यप ने कहा कि मोदी जी ने हमें संदेश दिया है और उन्होंने कहा है कि यह लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है और इस पर्व में सबको बढ़ चढ़कर भाग लेना है। एक-एक वोट हमारे लिए कीमती है एक भी वोट नहीं छोड़ना चाहिए। इसलिए हम सभी को मिलजुल कर आने वाले 13 को सबसे पहले मतदान करना है बाद में जलपान करना है और इतना ही नहीं अपने साथ कम से कम पांच व्यक्तियों को वोट दिलवाना है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल के अध्यक्ष उमेश कश्यप और सभा का संचालन नगर मंडल के अध्यक्ष उमेश कश्यप के द्वारा किया गया।

# आज के युवाओं के हाथों में देश का भविष्य सुरक्षित हैः अलखनाथ पांडेय

दर्जनों नव मतदाताओं ने थामा भाजपा का दामन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा के मेराल प्रखंड के ओखरगाड़ा पंचायत में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आयोजित पथ सभा के दौरान भारतीय जनता पार्टी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर ओखरगाड़ा पंचायत के नव नियुक्त वोटर सहित दर्जनों लोग भाजपा में शामिल हुए। जिसमें राहुल मेहता, उदित मेहता, रंजीत मेहता, उपेंद्र मेहता, नीरज मेहता, शैलेश मेहता, स्वीट मेहता, पीयूष मेहता, राजेश मेहता, मिथुन मेहता, अवधेश मेहता, सुरेश्वर चौधरी, कामेश्वर चौधरी, प्रवेश कुशवाहा, राजेश मेहता, राम चौधरी, राहुल कुमार, कुंदन मेहता, रोहित मेहता के नाम शामिल हैं। सभी को वरिष्ठ भाजपा नेता सह पलामू लोकसभा चुनाव के सहसंयोजक अलखनाथ पांडेय, गढ़वा विधानसभा के प्रभारी दुर्गा जौहरी तथा गढ़वा जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे ने पार्टी का पट्टा पहनाकर भाजपा परिवार में स्वागत तथा अभिनंदन किया। मौके पर बोलते हुए अलखनाथ पांडेय ने कहा कि देश का भविष्य आप जैसे युवाओं के हाथों में सुरक्षित है। आज के युवा जानते हैं की देश की बागडोर किसके हाथों में सौंपनी है और किसके हाथों में नहीं देनी है। उन्होंने कहा कि देश भर में युवाओं का एक बड़ा तबका मोदी जी के साथ है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष उदय कुशवाहा, विधानसभा प्रभारी दुर्गा जौहरी, गढ़वा जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, सुनील मेहता, धनंजय तिवारी, ब्रजेश उपाध्याय, रोशन दुबे सुनील कुशवाहा, अमर प्रजापति, वीरेंद्र राम सहित अन्य कार्यकर्ता का उपस्थित थे।

## बीडीओ संतोष कुमार ने किया कलस्टर केंद्रों का निरीक्षण

**मैकलुस्कीगंज।** खलारी बीडीओ संतोष कुमार ने शनिवार को लोक सभा चुनाव को लेकर खलारी प्रखण्ड के लपरा और मायापुर कलस्टर का निरीक्षण किया। बीडीओ संतोष कुमार ने बताया कि वे मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविन्द कुमार के साथ आदर्श हाई स्कूल मैकलुस्कीगंज और सेवामार्ग विद्यालय में बनाए जानें वाले कलस्टर केंद्रों में पानी, बिजली, कमरे, शौचालय आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी की ओर से निर्देशित किया गया है कि कलस्टर केंद्र का सत्यापन कर लें और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं।

# जमीन के लिए 14 लाख रुपये दिये, नहीं मिलने पर पैसा मांगा तो दी मारने की धमकी

### नगड़ी थाना में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जमीन के एवज में 14.93 लाख रुपया लेने के बाद विवादित भूमि देने के कारण म्यूटेशन नहीं हुआ। अब पीड़ित जब पैसा मांग रहा है तो जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इस संबंध में नगड़ी थाना में मामला दर्ज किया गया है। पीड़ित मोहम्मद सहीम रजा पिपरवार के बहेरा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। शनिवार को वह आजाद सिपाही के रांची स्थित कार्यालय पहुंचे थे। उनके मुताबिक नगड़ी के खाता नंबर 131, प्लाट नंबर 2069 में से 7.5 डिसमिल जमीन उन्होंने खरीदी है। इस जमीन को दिखाने से लेकर इकरारनामा और पावर ऑफ अटॉर्नी होल्डर कमालुद्दीन अंसारी शामिल रहे। वह नगड़ी के लोधमा रोड निवासी हैं। इनके गूगल पे, फोन पे, नेटबैंकिंग और चेक के माध्यम से 14.91 लाख रुपये लेने में सलामत अंसारी जो पिस्कानगड़ी के रहने वाले हैं इनकी भूमिका रही। जमीन के रजिस्ट्री के समय सलामत अंसारी ने गवाह के रूप में हस्ताक्षर किये हैं। बाद में भूमि विवादास्पद निकल गयी। दोनों भाई रिश्ते में मौसेरे भाई हैं। पैसे का लेनदेन 28.06.2023 से 12.08.2023 के बीच किया गया है। अब न तो मुझे मेरी जमीन मिल रही है और न ही मुझे पैसा वापस किया जा रही है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि पैसा मांगने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। नगड़ी थाना प्रभारी से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गयी है।





# तोरपा में कांग्रेस ने चलाया जनसंपर्क अभियान कालीचरण मुंडा को जिताने का किया आह्वान

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**तोरपा।** खूंटी लोकसभा क्षेत्र स्थित तोरपा विधानसभा के ग्रामीण इलाकों में प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय, शकील अख्तर एवं प्रदेश प्रवक्ता जगदीश साहू द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इसमें क्षेत्र के ग्रामीण बंधुओं एवं सरना समिति के सदस्यों के साथ मुलाकात कर कांग्रेस के पक्ष में वोट करने का आग्रह किया। सभी नेताओं ने बोला कि कांग्रेस अपनी पांच गारंटी के प्रति प्रतिबंध है एवं सरकार बनते ही देश की जनता को उसका खोया हुआ हक कांग्रेस वापस करेगी । कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि यह चुनाव संविधान बचाओ बनाम संविधान बदलाव के बीच हो रहा है। एक तरफ कांग्रेस पार्टी है जो बाबा साहब द्वारा निर्मित संविधान को बचाने की कोशिश कर रहे हैं वही दूसरी तरफ भाजपा के लोग हैं जो संविधान बदलने की बात कर रहे हैं। भाजपा की सरकार में आने को एक ही मकसद है कि वह अपने पूंजीपति मित्रों को मदद पहुंचा सके। जितना धन भाजपा ने अपने मित्रों को दिया है कांग्रेस पार्टी उतना ही धन देश की गरीब जनता को वापस करेगी। आज फैसला जनता को करना है कि वह किसके साथ जायेगी? जिस तरह से पिछले 10 साल से सिर्फ और सिर्फ जुमलेबाजी चल रही है। अब समय आ गया है कि जनता उसे वोट के रूप में अपना जवाब दें एवं भाजपा को सत्ता से बेदखल करे। केंद्रीय मंत्री होते हुए भी अर्जुन मुंडा ने खूंटी लोकसभा क्षेत्र में कोई काम नहीं किया एवं उनका जनता के साथ कोई भी कोई संपर्क नहीं रहा। वहीं कांग्रेस ने जमीनी नेता कालीचरण मुंडा को टिकट दिया है, जो हर समय जनता के लिए समर्पित हैं और सांसद बनने के बाद आगे भी रहेंगे। मीडिया से बात करते हुए कांग्रेसी नेताओं ने बताया कि खूंटी लोकसभा का रुझान हमारे पक्ष में है एवं यह सीट हम बड़ी मार्जिन के साथ जीतेंगे। जनता का अपार समर्थन मिल रहा है, जो वोट में भी तब्दील होगा।

# अल्पसंख्यक समुदाय का पूरा समर्थन मिल रहा है अर्जुन मुंडा को : कमाल खान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष कमाल खान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार सभी समुदायों के विकास के लिए काम कर रही है, वाहे वह हिंदू हो, मुस्लिम हो, ईसाई हो अथवा कोई अन्य समुदाय का हो, भाजपा की सरकार सबको साथ और सबका विश्वसस लेकर काम कर रही है। अल्पसंख्यक समुदाय खासकर मुसलमानों में इसका काफी प्रभाव है और इस बार केंद्र में फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी।




कामल खान शनिवार को राज्य के पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी, भाजपा अल्पसंख्य मोर्चा के खूंटी जिलाध्यक्ष मो शफीक खान और मंडल अध्यक्ष कलीम खान के साथ तोरपा में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। कमाल खान और रामचंद्र केसरी ने दावा किया कि खूंटी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा फिर विजयी होंगे और उनका केंद्र में मंत्री बनना तय है। कमाल खान ने कहा कि एक समय था, जब भाजपा के नाम पर मुसलमानो और ईसाइयों का डराया जाता था, लेकिन अब सभी कोई सच्चाई को समझ गये और अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भी भाजपा के साथ जुड़ रह हैं। उन्होंने कहा कि रांची मं मुसलमानों के लिए हज हाउस बनाया जा रहा था, लेकिन वह भी महागठबंधन के नेताओं की भेंट चढ़ गया था। राज्य मं जब रघुवर दास के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी तो जर्जर हज हाउस को तोड़ कर फिर से विशाल और मजबूत हज हाउस का निर्माण कराया गया। कलाम खान ने कहा कि जब अर्जुन मुडा राज्य के कल्याण मंत्री और बाद में मुख्यमंत्री बने, तो उन्होंने अल्पसंख्यकों के किकास के लिए काफी काम किया।

कलाम खान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि मुसलमानो के एक हाथ में कुरान और दूसरे हाथ में कंप्यूटर होना चाहिए। खान ने कहा कि मुसलमानों को दीनी शिक्षा के साथ ही विज्ञान की भी शिक्ष लेनी होगी, तभी उनका विकास होगा। मौके पर प्रभारी जूही परवीन, महमूद अंसारी, नसीम खलीफा, रोजित खान, सादाब अंसारी, अहमद खान आदि भी मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी घायल

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** रांची टाटा रोड स्थित सूर्य मंदिर के शंकर होटल के पास एक मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। जिससे पति-पत्नी घायल हो गये। जानकारी के अनुसार तमाड़ के जिलीगसेरेग अध्यापक सिमोन तिर्की रांची से अपने घर जिलीगसेरेग मोटरसाइकिल से जा रहे थे सूर्य मंदिर के पास शंकर होटल के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया।

## पब्लिक स्कूल में रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनी



**खलारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड पब्लिक स्कूल मोहननगर डकरा में रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस मौके पर विद्यालय की वरिष्ठ हिंदी विशय शिक्षिका किरण देवी ने स्वंर्गीय रविंद्रनाथ टैगोर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि दी। वहीं उन्होने रविंद्रनाथ टैगोर के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को उनके जैसा महान बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्कूल के कक्षा दशम की छात्रा वर्षा, अफशा, पायल, जुलिता एंव कक्षा नवम की छात्रा प्राची, परिनिधि ने रवींद्रनाथ टैगोर के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर शिक्षिका फरीदा खातून, साजिया परवी, नाजिया परवीन, किरण कुमारी, खुशबू कुमारी, प्रिया कुमारी, अनुष्का कुमारी, रेणु देवी, आकांक्षा, पूजा मंडल, शिक्षक राजेश कुमार, रमेश महतो, संदीप महतो, मनोज यादव, गणेश महतो, मुकेश पासवान सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# हेमंत सोरेन को जेल भेजे जाने से आदिवासी समाज में भाजपा के प्रति भारी नाराजगी : जुबैर अहमद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने कहा कि गांव-गांव में भाजपा के प्रति लोगों में नाराजगी है और इसका लाभ इंडी गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को मिलेगा और वे भारी मतों से जीतेंगे। चुनाव प्रचार के समाप्त होने के बाद जिलाध्यक्ष शनिवार की शाम तोरपा में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को केंद्रीय समिति सदस्य सुदीप गुड़िया के साथ संबोधित कर रहे थे। जुबैर अहमद ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजे जाने से आदिवासी समाज में भारी नाराजगी है और इसका खमियाजा भाजपा प्रत्याशी को भुगतना पड़ेगा। कहा कि गांव के लोग भाजपा को उखाड़ फेंकने के



लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को वोट देने का मन बना चुके हैं उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान इंडिया गठबंधन के कार्यकर्त्ता जिले के हर गांव में गये। इस दौरान देखा गया कि आम मतदाता स्वयं ही अपने सांसद के चुनाव के लिए तैयार बैठी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता से झूठे वादे कर चुनाव जीतती रही है। इस चुनाव में जनता भाजपा के झूठे वादे के चक्कर में नहीं पड़ने वाली है। कहा कि खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा दो-दो विभाग के केंद्रीय मंत्री हैं। इसके बावजद खूंटी की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रखंड अध्यक्ष रुबेन तोपनो, जिप सदस्य सुशांति कोनगाडी, मुखिया सुदीप गुड़िया, रनिया प्रखंड अध्यक्ष रेमिश कंडुलना आदि उपस्थित थे।

# सरना धर्म की सामाजिक-सांस्कृतिक धरोहरों को अक्षुण्ण बनाये रखना हमारा कर्तव्य : मसीह गुड़िया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** सरना धर्म सोतोः समिति, केंद्र डौगड़ा के तत्वावधान में शनिवार को सरना धर्म प्रार्थना सभा की शुरूआत हुई। धर्मगुरु बगरय मुंडा, धर्मगुरु भैयाराम ओड़ेया, धर्मगुरु सोमा कंडीर और बिरसा कंडीर की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिङबोंगा का पूजा-पाठ कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की और पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अथिति के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया और विशिष्ट अथिति के तौर पर डॉ सीताराम मुंडा और सुखराम पूर्ति मौजूद थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि सरना



विश्व का सबसे पुराना धर्म है, जो पूर्णतः वैज्ञानिकता पर आधारित है। सामाजिक एकता व एकजुटता के बिना समृद्ध समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। समाज से छुआछूत और ऊंच-नीच जैसी बुराइयों को समाप्त करने की जरूरत है। सबको समाज में समान अधिकार मिलना चाहिए, ताकि समाज में प्रेम व भाईचारा सदा कायम रहे। सरना धर्म और सामाजिक और सांस्कृतिक धरोहरों अक्षुण्ण बनाये रखना हम सबका कर्तव्य है। इस अवसर पर विशिष्ट अथिति डॉ सीताराम मुंडा ने कहा कि भगवान सिङबोंगा की स्तुति से मन-आत्मा में भक्ति व श्रद्धा आती है और समाज में प्रेम व भाईचारा पनपता है। मथुरा कंडीर, पांडू मुंडा, बिरसा हेरेंज, सोमरा मुंडा, गोपाल बोदरा, रेशमा मिंजूर, सुनील ओड़ेया, रमण टूटी, सुखलाल मुंडा सहित कई सरना धर्मावलंबी उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया प्रचार अभियान



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद के तोरपा प्रखंड अध्यक्ष एपी सिंह, कृष्णा भगत और अनूप भाई ने शनिवार को तपकारा साप्ताहिक हाट में प्रचार अभियान चलाकर भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। विहिप अध्यक्ष एमपी सिंह ने लोगों से अपील की कि आपका एक-एक बहुमूल्य हैं इसलिए आप मतदान जरूर करें। भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश संयोजक अनूप भाई ने लोगों से समर्थन की अपील करते हुए कहा कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र की जनता के लिए यह बहुत ही गर्व की बात है कि अर्जुन मुंडा को पुनः भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है। खूंटी लोकसभा क्षेत्र वासियों को अपना बहुमूल्य वोट देकर अर्जुन मुंडा को भारी से भारी मतों से विजयी बनाना है। लक्ष्मी नारायण बड़ाईक ने वोट का महत्व के बारे में विस्तार रूप से लोगों को बताया। मौके पर राधेश्याम सिंह, मनोज गुप्ता, सुंदर नाग मौजूद थे।

## अर्जुन मुंडा को समर्थन देगा ओबीसी समाज: ब्रह्मदेव




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** पिछड़ा वर्ग एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि खूंटी संसदीय सीट से पिछड़ा वर्ग के लोग अर्जुन मुंडा को अपना समर्थन देंग। गोल्डन पैलेस में शनिवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पिछड़ा वर्ग एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जहां-जहां पिछड़ी जाति के उम्मीदवार हैं चाहे वह इंडी गठबंधन के हों या एनडीए का, ओबीसी समाज के लोग उसी को समर्थन देंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने खूंटी में ओबीसी के हक की बात कही है, इसलिए मोर्चा ने खूंटी से अर्जुन मुंडा को समर्थन देने की घोषणा की है मौके पर केंद्रीय महासचिव श्रवण कुमार, केंद्रीय मंत्री शकुंतला जायसवाल, शुभम कुमार, जितेंद्र कश्यप, पप्पू यादव आदि भी मौजूद थे।

### बचरा में हुई हाइवा मालिक और एकेटी के प्रतिनिधियों की बैठक

# ऑनरों की समस्याओं पर की गयी चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा स्थित स्वाधीनता स्वर्ण जयंती स्टेडियम में शनिवार को स्थानीय हाईवा ऑनर एवं एकेटी कम्पनी के पेटीदार की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता राजेश यादव एंव संचालन उमेश कुमार यादव ने किया। बैठक मे सीएचपी/सीपीपी से बचरा साईडिंग तक होने वाली कोयला दुलाई कार्य से जुड़े सभी हाईवा मालिक शामिल हुए। बैठक मे कई समस्याओं पर भी विचार विमर्श करते हुए सभी को एक मंच पर आने की अपील की



गई। बैठक मे सीएचपी से बचरा साइडिंग तक होने वाले नए टेंडर पर चर्चा की गयी।

वक्ताओं ने कहा कि नया टेंडर मे कांट्रैक्टर अच्छा रेट लेकर आये नही तो पुरजोर विरोध किया जायेगा। बैठक मे सुशिल सिन्हा, उमेश कुमार यादव, छोटु खान, राजेश सिंह, राजेन्द्र गुप्ता, छोटु सिंह, सुभाष साव, मनराज महतो, अनिल पांडेय, मुन्ना खान, रविन्द्र महतो, नसीम खान, रामप्रकाश यादव, नवल सिंह, सलीम खान, मनोज साव, संजय यादव, सोनू खान, अजय विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में एकेटी के प्रतिनिधि और हाईवा ऑनर मौजूद थे।

# खूंटी में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान की सभी तैयारियां पूरी : लोकेश मिश्रा

### बूथों के लिए आज रवाना होंगे मतदानकर्मी : उपायुक्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** 11- खूंटी (सु) लोकसभा सीट में सोमवार को होने वाले मतदान को स्वच्छ निष्पक्ष और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। मतदान कर्मियों को बिरसा कॉलेज स्थित डिस्पैच सेंटर से रविवार को मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जायेगा। यह जानकारी निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने शनिवार शाम समाहरणालय के सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने कहा कि मतदान से 48 घंटे पूर्व आज शाम पांच बजे से चुनावी प्रचार प्रसार पर प्रतिबंध लग गया है। अब प्रत्याशी अब प्रत्याशी डोर टू डोर अपने पक्ष में वोट मांग सकते हैं। साथ ही मतदान पूर्ण होने तक जिले में धारा 144 लगा दी गयी है। मतदान शुरू होने से पहले जो खूंटी के मतदाता नहीं है उन्हें क्षेत्र छोड़ना होगा। उन्होंने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए सभी बूथों और बूथों तक पहुंचने वाले मार्गो में पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बलों की तैनाती कर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता किया गया है। उन्होंने बताया कि अभी तक



आदर्श आचार संहिता के दो मामले जिले में दर्ज किए गये हैं, पहला मामला गलत तरीके से मजमा लगाने और भीड़ इकट्ठा करने की है दूसरा मामला सोशल मीडिया के माध्यम से गलत सूचना प्रसारित करने से संबंधित है। उन्होंने बताया कि मतदान के बाद मतदान केंद्र से लाये गये ईवीएम मशीनों को बिरसा कॉलेज में बनाये गये स्ट्रांग रूम में रखकर स्ट्रांग रूम को सील किया जायेगा। स्ट्रांग रूम सील करते समय प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों से उपस्थित रहने की अपील की गयी है। 14 मई को स्कूटनी किया जायेगा। स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गये हैं। तीन टियर सिक्योरिटी रहेगी। बाहर की सुरक्षा डीएपी और जिला बल के जिम्मे है वहीं अंदर की सुरक्षा सीआरपीएफ को सौंपी गई है। अधिक से अधिक मतदान हो, इसको लेकर बूथवार जागरूकता अभियान चलाया गया है। जिले में 148 क्रिटिकल बूथ हैं, इन केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा से भी निगरानी की जायेगी। जो क्षेत्र नक्सल प्रभावित रहे हैं उन क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। चुनाव किसी हाल में बाधित न हो साथ ही वोट बहिष्कार से संबंधित किसी तरह का बैनर पोस्टर ना लगाया जाए, इसको सुरक्षा बल मुस्तैद रहेंगे। साथ ही सूचना संग्रहण के जरिये आपराधिक तत्वों और सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। कलस्टर स्तर पर मेडिकल टीम की भी तैनाती की जा रही है जो किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहेंगे। मतदान केंद्रों में दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है, दृष्टिहीन मतदाताओं के लिए बड़ी संख्या में ब्रेल बैलेट पेपर छपाया गया है। तोरपा प्रखंड के लोहाजिमी मतदान केंद्र को यूनिक पोलिंग स्टेशन बनाया गया है जहां जनजातीय संस्कृति के अनुरूप मतदानकर्मी तैनात रहेंगे। जिले में आदिम जनजाति गांव में 47 वयस्क मतदाता हैं।

## नौकरी-मुआवजा की मांग को लेकर विस्थापित रैयत आज से करेंगे बंदी

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के ग्राम बेती के विस्थापित रैयत के द्वारा नौकरी और मुआवजा की मांग को लेकर आज से अनिश्चितकालीन बंद का आह्वान किया गया है। गुरुवार 10 में को प्रबंधन के साथ रैयतो की वार्ता विफल होने के बाद विस्थापित रैयतो के द्वारा बंदी का आहवान किया गया है। इस संबंध में विस्थापित रैयतो ने बताया कि प्रबंधन के द्वारा पिछले कई वर्षों से नौकरी मुआवजा को लेकर रैयतो को ठगने का काम कर रही है। पूर्व में बंदी की गयी थी लेकिन प्रबंधन के आश्वासन के बाद रैयतो ने बंदी वापस कर लिया था। लेकिन अब स्थगित बंदी को पुनः करने का निर्णय लिया गया है। इधर बंदी को लेकर प्रबंधन भी पूरी तरह से सतर्क है। बंदी से पूर्व स्थानीय सीसीएल प्रबंधन ने सीआईएसएफ और स्थानीय पुलिस के साथ बैठक कर रणनीति बनाया।

# संयुक्त श्रमिक संगठन की बैठक में कामगारों की समस्याओं पर होगी चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** संयुक्त श्रमिक संगठन की बैठक 12 अप्रैल दिन रविवार को सुबह 11 बजे से डकरा वीआईपी सभागार में रखा गया। उक्त जानकरी देते हुए संयुक्त श्रमिक संगठन के कृष्णा चैहान ने बताया कि बैठक में संडे डियूटी, पेड हॉलिडे ड्यूटी, चुनाव कार्य पर जाने वाले सीसीएल कर्मियो के अग्रिम भुगतान सहित अन्यान कई मुद्दो पर चर्चा कर आगे की रणनीति बनायी जायेगी। बताया कि इस बैठक में संयुक्त श्रमिक संगठन के सभी क्षेत्रीय अध्यक्ष, सचिव, परियोजना के सभी अध्यक्ष, सचिव, सहित प्रमुख और आगे बढ़ कर यूनियन का कार्य करने वाले सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मजदूर साथी मौजूद रहेंगे। खलारी क्षेत्र से हो रही फ्लाई ऐश के परिवहन से क्षेत्र में प्रदुशण का स्तर बढ़ा वाहनों से गिर रहे फ्लाई ऐश से खलारीवासियों का जीवन संकट में खलारी। खलारी क्षेत्र से लगातार हो रही फ्लाई ऐश के परिवहन से क्षेत्र में प्रदुशण का स्तर बढ़ रहा है। खलारी के मुख्य मार्ग स्टेट हाइवे-7 हजारीबाग-बिजुपाड़ा सड़क से एनटीपीसी टंडवा से निकला फ्लाई ऐश आम ट्रक व डंपरों से परिवहन किया जा रहा है। मालुम हो कि फ्लाई ऐश मानव जीवन सहित जलवायु के लिए कितना खतरनाक है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने इन फ्लाई ऐश का सौ प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने की जिम्मेवारी संबंधित थर्मल पावर स्टेशनों को दिया है।

## खूंटी प्रत्याशी काली चरण मुंडा के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची भाजपा

**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग पहुंचा और काली चरण सिंह मुंडा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने खूंटी लोक सभा प्रत्याशी विधान द्वारा चुनाव प्रचार पर आपति जतायी। प्रतिनिधिमंडल में विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि खूंटी में कांग्रेस द्वारा प्रचार किया जा रहा है की अर्जुन मुंडा जी को हाथ छाप पर बटन दबाकर जितायें। इस लाइन से ग्रामीण मतदाता भ्रम की स्थिति में हैं। प्रतिनिधिमंडल ने एक वीडियो भी कांग्रेस द्वारा किये जा रहे प्रचार का जमा किया है। कांग्रेस पार्टी जानबूझकर ऐसा भ्रामक प्रचार कर रही है की जनता जो अर्जुन मुंडा को चाहती है पर वो हाथ छाप पर बटन दबा दे। प्रतिनिधिमंडल ने मांग किया कि तत्काल कांग्रेस प्रत्याशी एवं वैन से अपील करने वाले पर प्राथमिकी दर्ज हो। चुनाव आयोग ने जांच के आदेश दे दिया है। प्रतिनिधिमंडल में सुधीर श्रीवास्तव, कुमार अमित शामिल थे।

**आरोप :** सांसद संजय सेठ ने रांची लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जनसंपर्क

# गठबंधन सरकार ने जल, जंगल व जमीन को लूटा: संजय सेठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/नामकुम।** सांसद सह प्रत्याशी संजय सेठ ने शनिवार को रांची लोकसभा केंद्र के ठाकुरगांव, बुढ़मू, बूटी मोड़, मांगु वाध, 10 माइल चौक हटिया, तुंबागुटू, करमटोली, अमेठिया नगर नामकुम, टाटीसिलवे में जनसंपर्क अभियान चलाया। संजय सेठ ने कहा कि राज्य की कांग्रेस, झामुमो गठबंधन की सरकार हर साल नौकरी देने का वादा कर सत्ता में आयी थी, स्टार्टअप के माध्यम से जब मोदी जी ने रोजगार के अवसर पैदा किये, तो कांग्रेसी स्टार्टअप का मजाक उड़ाते थे। आज वहीं कांग्रेसी स्टार्टअप के माध्यम से रोजगार देने की बात कर रहे हैं।



रांची में लोगों से मिलकर उन्हें व भाजपा को वोट देने की अपील करते संजय सेठ।

इससे यह साबित होता है कि मोदी जी के कार्य को कांग्रेस भी गारंटी के रूप में मानती है। कांग्रेस जल, जंगल, जमीन की बात करती है। यहां के आदिवासी भाई-बहनों के जल, जंगल, जमीन को लूटकर अपना खजाना भरने का काम किया है। ओबीसी को झारखंड की सरकार ने ठगने का काम किया। सरकार में आने के पूर्व इन्होंने कहा था कि सरकार में आते ही ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देंगे। कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार ने यहां के ओबीसी को ठगने का काम किया है। भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन पर जनजाति गौरव दिवस बनाने का निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया। साथ ही 2024 में पूरे साल जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया जायेगा। आज हर जनजातीय क्षेत्रों में एकलव्य विद्यालय खोले जा रहे हैं। कार्यक्रम में विधायक समरी लाल, महामंत्री नरेंद्र कुमार, स्वामी देवेंद्र प्रकाश, अशोक साहू, राजेश कुशवाहा, नीरज शहदेव, रितेश तिवारी, रमेश प्रसाद गुप्ता, रामकुमार दुबे, वीरेंद्र कुमार दीपक, संजय पटेल, संजय महतो, तरन्नुम जहां, शांति देवी, मोहन जयसवाल आदि उपस्थित थे। वहीं, संजय सेठ ने इस दिन खिजरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने हाहाप, हेसापिढ़ी, सरवल, कुटियातु, अमेठिया नगर में जनसंपर्क करने के साथ ही खिजरी पंचायत के तुंबागुट्टू करमटोली में जिप सदस्य सह भाजपा नेता रामअवतार केरकेट्टा के नेतृत्व में ग्रामीणों के साथ बैठक की। मंच का संचालन प्रभु दयाल बड़ाईक एवं धन्यवाद ज्ञापन खिजरी मुखिया कार्मेला कच्छप ने किया। इस दौरान सांसद ने झारखंड की गठबंधन सरकार की कड़ी आलोचना की। कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। राज्य को लूट का चारागाह बना दिया है। बालू को सोना बना दिया। 70 साल कांग्रेस ने देश की जनता को ठगा और अब चुनाव आया तो चिंता सता रही है। वहीं, जिला परिषद रामअवतार केरकेट्टा ने लोगों से भाजपा प्रत्यासी संजय सेठ को विजय बनाकर केंद्र में नरेंद्र मोदी जी की मजबूत सरकार बनाने की अपील की। मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, जिप सदस्य रामअवतार केरकेट्टा, मुखिया कामेर्ला कच्छप, आजसू नेता प्रकाश लकड़ा, समीर राय, शंकर सिंह मुंडा, प्रज्ञा भारती, सरोज राय, गोपाल चौधरी, अशोक नायक, प्रभु दयाल बड़ाईक, रामाधार सिंह, जितन देवी, गोरखनाथ सिंह, तुलसी गोप, दिलीप साहू, रमेश मुंडा, सहदेव सिंह, सोहर सिंह, बुद्धू पाहन, रमेश लकड़ा आदि उपस्थित थे।

# अनगड़ा के गवरबेड़ा में महिला की हत्या

**पुलिस ने संदेह के आधार पर पड़ोसी पिता-पुत्र को हिरासत में लेकर शुरू की पूछताछ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के गवरबेड़ा गांव में शुक्रवार की देर रात एक महिला की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसकी सूचना मिलते ही शनिवार की सुबह अनगड़ा पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर खून से लथपथ महिला का शव बरामद किया। उसकी पहचान सिमती देवी (45) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक मृतका शुक्रवार की रात घर में अकेली थी। पति केशनाथ महतो सहित परिवार के सभी सदस्य शाम में बेनियाजारा गांव में एक रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने गये थे। बताया जा रहा कि पति व परिवार के अन्य सदस्य सही सलामत गणतव्य तक पहुंचे की नहीं, इसका पता लगाने के लिए गांव के ही किसी व्यक्ति से फोन कराने के मकसद से रात में घर से बाहर निकली थी। पर पहले से घात लगाकर बैठे अज्ञात हत्यारों ने महिला को पीछे से सिर पर धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। उधर, जांच में उतरी पुलिस ने संदेह के आधार पर पड़ोस के ही युवक प्रशांत महतो उर्फ थूबुई और उसके पिता रामनाथ महतो उर्फ बने को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दिया है। हत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। हालांकि आशंका जताई जा रही है कि वारदान वाले दिन सुबह में मृत महिला के छोटे बेटे मंगरू महतो का गांव के ही प्रशांत महतो नामक युवक के साथ किसी बात को लेकर काफी झगड़ा हुआ था। इसके बाद से ही प्रशांत काफी गुस्से में था और खुलेआम उन्हें देख लेने की धमकी दे रहा था। फिलहाल पुलिस मामले की हर बिंदु की बारीकी से जांच कर रही है।

# पार होगा 400 का आंकड़ा, केंद्र में बनेगी मोदी की सरकार : हिंदिया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लापुंग।** प्रखंड में शनिवार को चुनाव प्रचार का शोर थम गयी। चौथे चरण का मतदान 13 मई को होना है। इसे लेकर चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रत्यासियों ने धुआंधार चुनाव प्रचार किया। प्रचार का शोर थमते ही प्रत्यासी और उनके कार्यकर्ता-समर्थक घर-घर जाकर मतदाताओं ने अपने-अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करते देखे गये। इसी क्रम में भाजपा के पक्ष में कमल छाप पर वोट देने के लिए फतेहपुर मुंडा टोली वी स्वासी टोली में जिला परिषद सदस्य हिंडिया टोप्पो ने जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने मोदी जी के विकासोन्मुखी योजना की जानकारी दी। कहा कि इस बार 400 पार का आंकड़ा जरूर पार होगा और केंद्र में मोदी जी की ही सरकार बनेगी। मौके ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष नंदलाल साहू, महिला मोर्चा की सीता देवी, रंथी देवी, मो मोबिन खान, शशि देवी, पवन बारला, बुधवा पाहन प्रताप बारला, पुरान बारला आदि मौजूद थे। वहीं, फतेहपुर के अलाव दाड़ी सुकुरहुटू, बड़गाई, कटिंकेला के अलावा विभिन्न गावों में भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की गई।

# बेड़ो में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी पूरी प्रखंड क्षेत्र के 90,770 मतदाता करेंगे मतदान

**लोहरदगा लोस के लिए थमा चुनावी शोर, मतदान कल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** चौथे चरण के मतदान के लिए चुनावी प्रचार का शोर शनिवार को थम गया। लोहरदगा लोकसभा अंतर्गत बेड़ो प्रखंड में 13 मई को मतदान होना है, जिसकी प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। सोमवार को मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। इवीएम (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) के साथ ही निर्वाचन से संबंधित सामग्री मतदान केंद्रों के लिए रविवार को पोलिंग पार्टियां पहुंचेगी। सभी बूथों पर मतदान के लिए सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। प्रखंड में कुल मतदाताओं की संख्या 90 हजार 770 है, जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 45 हजार 149 और महिला मतदाताओं की



बेड़ो स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण करते प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी।

संख्या 45 हजार 621 हैं। पूरे प्रखंड में कुल 13 सेक्टर और चार क्लस्टर बनाए गये हैं। कुल मतदान केंद्र 107 हैं। जिन्हें मॉडल मतदान केंद्र बनाया गया है। मतदान केंद्रों में मतदाताओं की सुविधा जैसे धूप से बचने के लिए टेंट, बैठने के लिए कुर्सी, कार्पेट बिछाया गया है। बूथों में चार वोलेंटियर रहेंगे। पेयजल शरबत पिलाने की व्यवस्था है। इधर, प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी राहुल उरांव व प्रताप मिंज ने मतदान केंद्रों का शनिवार को घूमघूम कर निरीक्षण किया। वहीं बूथों पर जिला पुलिस बल तैनात रहेंगे। पहला मतदान करने वाले मतदाता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायगा। वहीं, लोहरदगा लोकसभा केंद्र के चुनावी मैदान में उतरे 15 प्रत्यासियों के लिए 14 लाख 27 हजार 018 मतदाता मतदान करेंगे। बतातें चलें कि लोहरदगा लोकसभा केंद्र में पांच विधानसभा मांडर, सिसई, गुमला, बिशुनपुर और लोहरदगा हैं। जिसमें एनडीए प्रत्यासी भाजपा से समीर उरांव आइएनडीआइए महागठबंधन के कांग्रेसी प्रत्यासी सुखदेव भगत व निर्दलीय प्रत्यासी चमरा लिंडा के बीच सीधा मुकाबला है। दूसरी ओर, लोस चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सभी प्रत्याशियों ने प्रचार-प्रसार में अपनी ताकत झोंक दी। दिनभर प्रचार गाड़ियां सड़कों पर दौड़ती रही। बेड़ो, लापुंग, इटकी, चान्हो और मांडर प्रखंड के 73 पंचायत व 430 बूथों वाले मांडर विधानसभा केंद्र में प्रत्यासियों ने धुआंधार चुनाव प्रचार किया। बतातें चलें कि यहां मतदाताओं की कुल संख्या तीन लाख 70 हजार 288 है। जिसमें पुरूष मतदाता एक लाख 83 हजार 967 और महिला मतदाताओं की संख्या एक लाख 86 हजार 320 है। जबकि एक थर्ड जेंडर मतदाता है। यहां 2353 महिला अधिक है।

# इटकी में चुनाव को लेकर कार्यशाला आयोजित



**इटकी (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखण्ड मुख्यालय में शनिवार को प्रशासन की ओर से कार्यशाला आयोजित कर चुनावी महापर्व को शांति पूर्ण महौल में संम्पन्न कराने के लिए कई दिशा निर्देश जारी किया गया। सीओ विजय कुमार ने चुनाव में जुड़े सभी अधिकारी, कर्मचारी और बीएलओ को निर्देश दिया। कहा कि चुनाव में सभी बूथों पर मतदाताओं को मिलने वाली सभी मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने का कार्य पूरा किया जा चुका है। चुनाव के दौरान मतदान करने पहुंचे मतदाताओं के लिए व्यवस्थाओं को समूचित रूप से लाभ पहुंचाने के साथ सुरक्षा देने की जानकारी दी। मतदाता अधिक से अधिक बूथों पर पहुंचे सकें और निर्भिक होकर अपना मताधिकार का प्रयोग कर सकें इसके लिए भी कई दिशा निर्देश जारी किया। प्रखण्ड के 49 बूथों में प्रशासन की ओर से पानी बिजली, शौचालय, टेबल कुर्सी, दिव्यांग मतदाताओं के व्हिलचेयर सहित अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर लिए जाने की जानकारी दी गयी। कार्यशाला में बीडीओ शशि निलिमा डुंगडुंग, रईसमलिक, सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, बीएलओ आदि मौजूद थे।

# जसपुरिया बीएड कॉलेज में मैट्रिक और इंटर के प्रतिभावान विद्यार्थी किये गये सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** जसपुरिया बीएड कालेज बीसा में शनिवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें गेतलसूद उच्च विद्यालय, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मां शारदा उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज गेतलसूद सहित अन्य स्कूलों के मैट्रिक परीक्षा के टॉप तीन व इंटर परीक्षा के टॉप 10 विद्यार्थियों को मेडल और प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जसपुरिया बीएड कॉलेज के चेयरमैन जैलेंद्र कुमार जबकि विशिष्ट अतिथि निदेशक शालिनी प्रिया, प्राचार्य अनिल कुमार मिश्रा व किंगपीन नर्सिंग कालेज के





निदेशक डॉ राम प्रसाद ने बच्चों को सम्मानित किया। जैलेंद्र कुमार ने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य प्रतिभाशाली बच्चों के हौसले को बढ़ाना है। गांव के बच्चे सीमित संसाधन और आभाव ग्रस्त रहकर शहर के बच्चों कि तुलना में बेहतर रिजल्ट कर रहे है। इन्हें बेहतर प्लेटफार्म मिले तो जीवन कि ऊंचाइयों तक पहुंच सकते है। निदेशक शालिनी प्रिया ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य है इनको संवारना हम सभी कि जिम्मेवारी है। प्राचार्य अनिल कुमार मिश्रा और ड राम प्रसाद ने अपने विचार रखे। संचालन जयश्री व रविशंकर ने किया। इस मौके पर बुधराम बेदिया, मनमोहन भोगता, बिगेश्वर महतो, वीरेंद्र कुमार, टहलू नायक, अजय करमाली, रंचन कुमारी, संजीव कुमार, सरिता सिंह, रीमा उपासना कश्यप आदि थे।

# धुर्वा डैम में डूबने से दो बच्चों की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत धुर्वा डैम में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी। घटना शनिवार की दोपहर 12 बजे की बताई जा रही है। मृतक की पहचान आर्य शर्मा उर्फ बंटू (16) और और प्रशांत शर्मा (16) के रूप में में हुई है। दोनों धुर्वा सेक्टर 4 स्थित शर्मा कालोनी के रहने वाले थे। आर्य शर्मा योगदा सत्संग स्कूल में कक्षा 10वीं और प्रशांत प्रभात तारा स्कूल में 10वीं कक्षा का छात्र था। आर्य शर्मा सुदिप्त शर्मा और प्रशांत स्व संजय शर्मा का पुत्र था। इस संबंध में सुदिप्त शर्मा ने बताया कि दोनों घर से सुबह 11 बजे बिना कुछ बोले चुपके से निकल गये थे। बताया जा रहा कि दोनों अपने पांच अन्य





दोस्तों के साथ दो बाइक पर सवार होकर धुर्वा डैम घूमने गये थे। इसी बीच दो-तीन दोस्तों के साथ डैम में नहाने उतरे थे। तभी गहरे पानी में चले जानें से दोनों डूब गये। उनके डूबने पर दोस्त पास के गांव में पहुंचे और ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण वहां पहुंचे और कुछ स्थानीय गोताखोरों ने भी उन्हें तलाशने की कोशिश की पर वे नहीं मिले। थोड़ी देर बाद सूचना पाकर नगड़ी पुलिस भी एनडीआरएफ को इसकी सूचना दी। शाम चार बजे एनडीआरएफ की टीम डैम पहुंची और दोनों लड़कों की तलाश शुरु हुई। लेकिन शाम होने तक दोनों के शव नहीं मिला। अंधेरा होने के कारण तलाश अभियान रोकना पड़ा। अब रविवार की सुबह फिर से दोनों से शवों की तलाश शुरू होगी।

# विद्यार्थियों व युवाओं के अधिकार के लिए जारी रहेगा संघर्ष : एस अली



**रातू (आजाद सिपाही)।** न्याय और अधिकार के सवाल पर रातू काठी टांड स्थित एक होटल में शनिवार को झारखंड छात्र संघ एवं आमया संगठन की बैठक हुई। अपने संबोधन में संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष एस अली ने कहा कि छात्र-युवाओं के अधिकार और सम्मान के साथ खिलवाड़ हो रहाहै। विश्वविद्यालय-कॉलेज में छात्रहित से जुड़े मामले हल नहीं हो रहे हैं। वहीं युवाओं को रोजगार मिले इसकी समूचित पहल नहीं हो रही है। जेपीएससी और जेएसएससी मनमानी कर रहे हैं। सचिवालय सहायक की स्वीकृत पद को घटाने का प्रयास हो रहा है। वहीं, प्रारंभिक सहायक शिक्षक और उर्दू सहायक शिक्षक पद का नाम बदलकर सहायक आचार्य कर दिया गया। ग्रेड पे 4200 एवं 4800 से घटाकर 2400 व 2800 कर दिया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय मुसलमानों ने कभी धर्म के आधार पर या एसटी एससी, एसटी आरक्षण में हिस्सेदारी कि मांग नहीं किया है। बल्कि आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति के आधार पर आरक्षण कि वकालत की बात किया है। साथ ही मुस्लिम पासमांदा तबके को एससी के श्रेणी में शामिल करने कि बात कही है जो अबतक पूरा नहीं हो पाया है। बैठक में कांके, बुढ़मू, खलारी, मांडर, बेड़ों, ईटकी, नगड़ी, रातू, ओरमांझी के अलावा अन्य प्रखण्डों के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इस्मे आजम अंसारी, इमरान अंसारी, रहमतुल्लाह अंसारी, नौशाद आलम, एकराम हुसैन, अफताब आलम, गफ्फार अंसारी, अंजुम खान, अमीन अंसारी, अब्दुल बारिक, आसिफ अंसारी के अलावा दर्जनों लोग मौजूद थे।

# जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील





**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता सह किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान रांची लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्यासी संजय सेठ के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की। कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर मोदी सरकार की उपलब्धियों और सांसद द्वारा किए गये कार्यो से जनता को अवगत कराया। जनसंपर्क के दौरान लोगों से राष्ट्र हित में देश की एकता और अखंडता, देश को आर्थिक रूप से संपन्न करने, देश को प्रगति के रास्ते पर ले जाने के लिए आत्मनिर्भर भारत के लिए भाजपा के उम्मीदवार संजय सेठ को वोट देने की अपील की। जनसंपर्क अभियान मे सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह, ऐश्वर्य कुमार, शारदा देवी, गौरव जाय सवाल, शनि कुमार, सुषमा देवी, सबिता देवी, आनंद कुमार, विकास सिंह, कृष्णा कुमार, विकास कुमार, रीता देवी, सरस्वती देवी, छोटू घोष, मुन्ना वर्णवाल और कृष्णा प्रजापति आदि उपस्थित थे।

**नगड़ी में आइएनडीआइए गठबंधन के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन**

# यशस्विनी सहाय को विजयी बना कर केंद्र में आइएनडीआइए गठबंधन की सरकार बनाने में सहयोग करें : सुनील सहाय







**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिस्कानगड़ी/ओरमांझी।** नगड़ी स्थित चेकपोस्ट में शनिवार को आइएनडीआइए महागठबंधन का चुनावी कार्यालय खोला गया। जिसका उद्घाटन झामुमो के वरीय नेता नंदकिशोर मेहता, कांग्रेस के वरीय नेता सुनील सहाय, अजय शाहदेव और कलाम आजाद ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि हम सभी मिलकर रांची लोकसभा सीट से आइएनडीआइए गठबंधन की प्रत्यासी यशस्विनी सहाय को जितना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद तिर्की सहाबीर लोहरा, संचालन शहीद अहमद और धन्यवाद ज्ञापन महेश शर्मा ने किया। इस मौके पर अख्तर अंसारी, उषा देवी, फिरोज अंसारी, बांदे उराव, सुरेश महतो, कृजीवन महतो, तस्लीम अंसारी, नीलम तिग्गा, अनीता तिग्गा, निरुपमा तिग्गा, अब्दुल हफीज, जियाउल अंसारी आदि मौजूद थे।

दूसरी ओर, विधायक सलाहकार रमेश उरांव ने बरवे रीगा टोली में रांची लोकसभा सीट से आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस प्रत्यासी यशाश्विनि सहाय के लिए जनसंपर्क कर वोट मांगा। लोगों को महंगाई, बेरोजगारी, के खिलाफ वोट देने की अपील की। साथ ही पार्टी का मैनिफेस्टो भी समझाया। कहा कि कांग्रेस की सरकार केंद्र में बनती है तो प्रत्येक घर की एक महिला को सालाना एक लाख रुपये, युवाओं को रोजगार के लिए एप्रेंटीस कराना, मनरेगा में मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी 400 करने जैसी बहुत सारी कल्याणकारी योजनाएं शामिल हैं।

# फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन इरबा में मना नर्सेस डे

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के ईरबा स्थित फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में नर्सेज डे के अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर मुख्य अथिति संस्थान के सचिव जीनत कौशर द्वारा किया गया। सचिव ने नर्सों को संबोधित करते हुए कहा कि नर्सिंग प्रोफेशन आज की दुनिया में एक चुनौतीपूर्ण पेशा है। यहां हर मोड़ पर कुछ नयी बाधा आती रहती है और उन बाधाओं को पार करते हुए आप सभी को आगे बढ़ना है। मैं सभी विद्यार्थियों को सम्मान देना चाहती हूं कि वो इस प्रोफेशन को चुने हैं। उन माता-पिता को भी नमन करती हूं जो अपने बच्चो को इस प्रोफेशन को चुनने के लिए प्रेरित किये हैं। संस्थान के निदेशक डॉ शाहीन कौशर ने कहा कि सभी नर्स अपने ऊपर गर्व करें की आप ऐसे प्रोफेशन को चुने हैं जहां आपको लोगों के आंसू पोछने का मौका मिलता हैं। आज आप सभी लोग दीप ही नहीं बल्कि लोगों के लिए एक आशा की किरण जला रहे हैं। आप सभी छात्रों से अनुरोध है कि आप मेहनत कर अपने ज्ञान को बढ़ाये और कॉलेज और अपने माता पिता का नाम रौशन करं। एक अच्छे नर्स बनकर इस कॉलेज से निकलें। मौके पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं की ओर से रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कॉलेज डॉ नाजनीन कौशर, प्राचार्या विनिसा टी बांसरीर, डॉ सुधीर कुमार, ज्योति, बिनीता खालको, बिन्हा बारबरा, शोएब अख्तर, प्रतिभा,माधुरी, वर्षा कुमारी ,शुभम कुमार, नम्रता शीतल, मधु, कलाम अंसारी, सादिक अंसारी, शाहनवाज अंसारी एवं कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सांसद वीडी राम बोलने से ज्यादा काम करने में रखते हैं विश्वासः अरुणा शंकर

# खींची जायेगी विकास की लंबी लकीर : वीडी राम

### हमें लालटेन युग समाप्त कर सोलर युग में प्रवेश करना है : आनंद शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जय भवानी संघ चौक के समीप पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वाधान में 'आपका प्रत्यासी आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रत्यासी विष्णु दयाल (वीडी) राम के अलाव पूर्व राज्यसभा सांसद सह झारखंड चेंबर के पूर्व अध्यक्ष अजय मारु, प्रथम महापौर अरुणा शंकर, पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, पलामू लोकसभा प्रभारी विनय लाल, युवा प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडे, नगर अध्यक्ष छोटू सिन्हा, प्रदीप सिन्हा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योति पांडे, प्रदेश महिला उपाध्यक्ष रूपा सिंह, महिला जिला अध्यक्ष सीटू गुप्ता, पलामू भाजपा के भीष्म पितामह श्याम नारायण दुबे एवं चेंबर के कृष्णा अग्रवाल आदि शामिल हुए। इस अवसर पर सांसद वीडी राम ने कहा कि मैं 10 वर्षों में यथासंभव अपने क्षेत्र के लिए कई बड़े काम किए हैं जिसमें कई ट्रेनों का परिचालन, मेडिकल, इंजीनियरिंग, सेंट्रल स्कूल खुलवाना, मंडल के लिए पैसा झारखंड सरकार को दिलवाना, चिरमिरी रेल लाइन का अंबिकापुर की तरफ से काम शुरू करवाना, रांची-विंढमगंज, औरंगाबाद पड़वा मोड़ फोरलेन निर्माण आदि शआमिल हैं। उन्होंने कहा कि डाल्टनगंज कोयल ब्रिज पर दूसरा पुल का निर्माण जो जल्द शुरू होगा और मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति फेस टू के लिए 172 करोड़ फंड उपलब्ध कराया जो कार्य अब शुरू हो गया है। उन्होंने प्रथम महापौर अरुणा शंकर को शहर की भीषण समस्या शहरी जलापूर्ति योजना के लिए समय-समय पर अपनी सहभागिता एवं पहल करने के लिए धन्यवाद दिया। वहीं, अजय मारु ने सभी से शहर के वोट प्रतिशत बढ़ाने की अपील की। कहा कि हर व्यवसाई मतदान के दिन अपने कर्मियों को अवकाश दे। जबकि प्रथम महापौर ने कहा कि मैं जब क्षेत्र में जाती हूं तो लोग कहते हैं सांसद जी कम बोलते हैं लेकिन हमें गर्व है कि वे काम ज्यादा करते हैं। तभी बड़ी-बड़ी योजनाएं हमारे क्षेत्र के धरातल पर नजर आ रही है। प्रथम महापौर ने पलामू सांसद को एक बार फिर अपार मतों से जीताने की अपील की, ताकि वह मंत्री बन हमारे क्षेत्र का उत्थान कर सकें। इस दौरान सभा की अध्यक्षता करते हुए चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि हमारा शहर इस बार गंभीर है। हम अपार मतों से अपने सांसद को विजय दिलाएंगे। हमें लालटेन युग समाप्त कर सोलर युग में जाना है। इस मौके पर ब्राह्मण समाज से अजय तिवारी, मारवाड़ी समाज से दीपू सिंघानिया, जैन समाज से सरस जैन, अशोक जैन, सोडीक समाज से शशि लाल, रौनियार समाज से कमल गुप्ता, बाजार क्षेत्र के वार्ड पार्षद लालबाबू, चंद्रवंशी समाज से विक्की चंद्रवंशी, विश्वकर्मा समाज से मनोज विश्वकर्मा, बंगाली समाज से चंचल मित्रा, महान क्लब चैनपुर से अमित सोनी, महावीर नवयुवक दल से चंदू गुप्ता, हलवाई समाज से प्रभात कुमार गुप्ता एवं मनोहर लाली को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन चेंबर के सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया। कार्यक्रम में रिंकू दूबे, राकेश सोनी, पुनीत सिंह, नीरज सिन्हा आदि उपस्थित थे।



पलामू चेंबर की ओर से आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते भाजपा प्रत्यासी वीडी राम, प्रथम महापौर अरुणा शंकर व अन्य।

## भाजपा जीती तो 2029 तक भारत बनेगा विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देशः वीडी राम

### चैनपुर प्रखंड में चलाया जनसंपर्क अभियान



**कहा- हारने वाले प्रत्यासी को मतदान करना वोट की बर्बाद है, इस लिए अबकी बार 400 के आंकड़े को पार करने के लिए मोदी जी के पक्ष में करें मतदान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा से भाजपा प्रत्यासी विष्णु दयाल (वीडी) राम ने शनिवार को चैनपुर प्रखंड अंतर्गत पूर्वडीहा, लिधकी, पतरिया, बोकेया, कटुवल, कोशियारा और पथरा आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर खुद व केंद्र की भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। साथ ही मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कहा कि मोदी सरकार किसी जाति धर्म और समुदाय में विभेद नहीं करती। उनके लिए देश के सभी जाति धर्म वर्ग समुदाय के लोग उनके परिवार है। प्रधानमंत्री जी की नजर में सिर्फ चार जातिया-गरीब, युवा, महिला और किसान हैं। उन्होंने बताया की मोदी सरकार हमेशा गरीबों की हितों के बारे में सोचती है। उसका निर्णय, नीति एवं नियति बिल्कुल स्पष्ट है। कहा कि आज के परिपेक्ष्य में मोदी जी का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। उन्होंने आइएनडीआइए गठबंधन में शामिल पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि वे लोग परिवारवाद को बढ़ावा देते हैं। जबकि मोदी जी का परिवार इस देश की जनता है। वीडी राम ने इस बार चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाने का भी अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र में नरेंद्र मोदी जी की अगुवाई में भाजपा सरकार पुनः सत्ता में आती है तो 2029 तक भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। शहर के लोगों को जो मूलभूत सुविधा मिलती है वो सभी सुविधाएं ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को मिले यही मोदी सरकार की सोच है। बताया कि 13 मई को होने वाले चुनाव का समय सुबह सात से शाम पांच बजे तक है। पर मतदाता सुबह सात बजे से पहले मतदान के लिए कतार में खड़े हो जाएं। उन्होंने कहा कि ईवीएम में तीसरे क्रमांक पर उनका नाम एवं कमल फूल छाप होगा जिस पर बटन दवाकर उन्हें भारी मतों से जिताना है। मौके पर विधायक अलोक चौरसिया, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दूबे, प्रमोद सिंह, रामलव चौरसिया, अमलेश्वर दूबे, भीष्म चौरसिया, ईश्वरी पाण्डेय, सांसद के निजी सचिव अलख दूबे, मनोज चौधरी, विवेक सिंह, आनंद सिंह, रामप्रवेश चौरसिया, मुनी चौधरी, जय चौधरी आदि उपस्थित थे।

## पलामू में 320 आर्म्स लाइसेंस धारियों का लाइसेंस हुआ रद्द

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पलामू जिले के 320 आर्म्स लाइसेंसधारियों का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। इस संबंध में जिला शस्त्र शाखा से आदेश पत्र जारी किया गया है।

वैसे शस्त्र लाइसेंसधारी जिन्होंने अपने शस्त्र का भौतिक सत्यापन नहीं कराया, शस्त्र को स्थानीय थाने में जमा भी नहीं कराया और ना ही जमा से विमुक्ति के लिए स्क्रीनिंग समिति की बैठकों में आवेदन किया, वैसे 320 आर्म्स लाइसेंसधारियों का लाइसेंस रद्द किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने उनका लाइसेंस रद्द किया है। इस बाबत सभी संबंधित शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को जिला शस्त्र शाखा से आदेश पत्र जारी किया गया है।

## मतदान सामग्री लेकर डिस्पैच सेंटर से रवाना हुए मतदान कर्मी



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान कर्मियों को शनिवार को मतदान सामग्री उपलब्ध करायी गयी। इसके लिये जिला मुख्यालय स्थित गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज परिसर में विधानसभावार अलग-अलग काउंटर लगाये गये थे, जहां संबंधित बूथों के कर्मियों को मतदान सामग्री उपलब्ध कराया गया। इसके बाद उसका मिलान किया गया। प्रतिनियुक्ति कर्मी सुबह सात बजे से ही केंद्र पर पहुंच गये थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन चारों विधानसभा के सहायक निवार्ची पदाधिकारी के देख-रेख में वितरण कार्य शुरू हुआ। बतातें चलें कि चारों विधानसभा के लिए अलग-अलग काउंटर बनाये गये थे जहां कई तरह के कागजी प्रक्रिया के पश्चात उन्हें मतदान सामग्री देकर अपने-अपने बूथों के लिये रवाना कर दिया गया। पोलिंग पार्टी के साथ सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस बल को भी टैग किया गया था। इस दिन डालटनगंज विधानसभा के 47, विश्रामपुर के 12, छत्तरपुर के 97 व हुसैनाबाद के 57 बूथों के लिये पोलिंग पार्ट को रवाना किया गया। इसी तरह कुल 852 मतदानकर्मी अपने-अपने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम के लिये रवाना हुए।

# पलामू में 13 मई को मतदान, 22,43,034 मतदाता करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

### मतदान समाप्ति तक रहेगा ड्राई डे, अब तक 78 लाख की शराब जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा सीट के लिए 13 मई को होने वाले मतदान को लेकर शनिवार को चुनाव प्रचार का शोर थम गया। हालांकि इस दौरान घर-घर अभियान पर रोक नहीं है। वहीं शनिवार की शाम 5 बजे से लेकर मतदान समाप्ति तक ड्राई डे रहेगा। बाहर से चुनाव प्रचार करने आये लोगों को शहर में रहने की अनुमति नहीं होगी। लाउडस्पीकर का प्रयोग वर्जित रहेगा।

इधर, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान कराने को लेकर प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है। गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज में डीसी व एसपी ने मतदान कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। पलामू लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 2427 बूथ बनाये गये हैं जहां 22,43,034 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता कर तैयारी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पलामू लोकसभा अंतर्गत कुल छह विधानसभा शामिल है। सभी विधानसभा में सुबह 7 से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। इस दिन गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज से 213 बूथों के लिए मतदान पार्टी को डिस्पैच किया गया वहीं रविवार को 2214 बूथों के लिये पोलिंग पार्टी को डिस्पैच कराया जायेगा। इस बार सभी 2427 मतदान केंद्रों पर निर्वाचन कार्यो के पर्यवेक्षण हेतु वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गयी है। इसी तरह मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया के पर्यवेक्षण हेतु कुल 165 माइक्रो आब्जर्वर की प्रतिनियुक्ति की गयी है। 16 मार्च से अबतक कुल 78 लाख 41 हजार 990 रुपये के विभिन्न शराब की जब्ति भी की गयी है।



## जिला पार्षद ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चलाया जनसंपर्क, लोगों से मांगा वोट



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही।** जिला पार्षद सह युवा भाजपा नेता विजय रविदास ने शनिवार को विश्रामपुर प्रखंड के कई इलाकों में पार्टी कार्यकर्ताओं-समर्थकों के साथ जनसंपर्क चलाया। इस दौरान उन्होंने लोगों से भाजपा प्रत्यासी विष्णु दयाल राम के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने ग्रामीणों के समक्ष मोदी सरकार की उपलब्धियां रखी। इसके अलावा निवर्तमान सांसद सह पार्टी प्रत्यासी विष्णु दयाल राम के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों से भी लोगो को अवगत कराया। विजय रविदास ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारत 2047 तक हर क्षेत्र में महाशक्ति बन जायेगा। यह मोदी की गारंटी भी है। और मोदी की गारंटी पर तो पूरा देश विश्वाश करता है।

## भाजपाइयों ने निकाला बाइक जुलूस, वीडी राम को मतदान कर जीताने की अपील की

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को बाइक रैली निकाल कर लोगों से जनसंपर्क के माध्यम से भाजपा प्रत्यासी बिष्णु दयाल राम के पक्ष में मतदान करने की अपील की। हुसैनाबाद विधानसभा के चुनाव प्रभारी अविनाश वर्मा, भाजपा के वरीय नेता बिनोद कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह ने झंडा दिखाकर जुलूस को रवाना किया। बाइक जुलूस हुसैनाबाद के अनुमंडलीय भाजपा कार्यालय से प्रारंभ होकर हैदरनगर, मोहम्मदगंज के कादल गांव आदि गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से भाजपा उम्मीदवार बिष्णु दयाल राम को कमल फूल छाप पर वोट देकर विजयी बनाने की अपील की गई। रैली में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। बाइक जुलूस के बाद हुसैनाबाद भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातें करते हुए विधानसभा चुनाव प्रभारी अविनाश वर्मा ने कहा कि देश की मजबूती व सर्वांगीण विकास के लिए क्षेत्र की जनता ने पुनः एक बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता के लिए गौरव की बात है कि हमारे सांसद प्रत्यासी एक पढ़े लिखे हैं और आईएएस अफसर भी रह चुके हैं। कहा कि इस बार अपार जन समर्थन से बीड़ी राम जीत कर केंद्र में मंत्री बनकर मान बढ़ायेंगें।

## देश में सिर्फ नरेंद्र मोदी की गारंटी चलेगीः ललन पांडेय



आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** खैरा विकाश मंच लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्यासी विष्णु दयाल राम का समर्थन करेगी। इसकी घोषणा मंच के संस्थापक अध्यक्ष ललन प्रसाद पांडेय ने की। वे शनिवार को विश्रामपुर में आयोजित प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विष्णु दयाल राम का 10 वर्षों का कार्यकाल विकास के नाम रहा है। सड़क निर्माण से लेकर रेल सुविधा की बहाली तक मे इनका अहम योगदान रहा है। झारखंड के अन्य सांसदों के अपेक्षा इन्होंने सबसे ज्यादा आवाज भी पलामू के बारे में उठाया है। पलामू की जनता सदन में आवाज बुलंद करने वालों को ही मौका देगी। उन्होंने कहा कि वैसे भी विपक्षी गठबंधन के वादों पर से लोगों का भरोसा उठ गया है। देश सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर ही विश्वाश ब्यक्त कर रहा है। मौके पर मंच के कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे।

## पीएम मोदी की गारंटी सिर्फ चुनावी जुमला : अमृत शुक्ला




**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के प्रादेश नेता अमृत शुक्ला ने कहा कि देश का विकास जुमलेबाजी से नहीं होने वाला। प्रधानमंत्री की गारंटी सिर्फ चुनावी जुमला है। देश का विकास संकल्प और विजन से होगा न की फर्जी गारंटी से होगा। अमृत शुक्ला विश्रामपुर विस क्षेत्र के दर्जनों पंचायतों के भ्रमण के बाद रेहला में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में भाजपा ने विकास के बजाए धर्म और संप्रदाय की राजनीत की है। समाज में कटुता फैलाने का काम किया है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी जनता का विश्वाश खो चुके हैं। श्री शुक्ला ने दावा किया कि पलामू लोस क्षेत्र से इण्डिया गठबंधन की प्रत्यासी ममता भुइंया को जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। श्रीमती भुइयां भारी अंतर के साथ चुनाव जीतेंगी। मौके पर कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर चंद्रवंशी, नागेंद्र नाथ चौबे, सुरेंद्र शुक्ला, अजब नारायण शुक्ला, मंसूर आलम, कविराज मेहता आदि मौजूद थे।

## कोल कर्मियों की समस्या को लेकर सीएमडी से वार्ता

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** ईसीएल मुख्यालय सकतोड़िया में कोल कर्मियों से संबंधित विभिन्न समस्याओं को लेकर इंटक के राष्ट्रीय संगठन सचिव व राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ के केंद्रीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र झा ने ईसीएल के सीएमडी समिरन दत्ता से मुलाकात की। अपनी मांगों को रखते हुए बताया कि मुगमा क्षेत्र के सरफेश में जो वर्षों से काम कर रहा है उसके पे स्लिप में अभी तक नाम नहीं आया है। वहीं एलएलटीसी 11 वां बेज बोर्ड के नियम के अनुसार लागू नहीं हुआ उसे देने के संबंध में वार्ता की तथा सुरक्षा प्रहरी की भारी कमी के संबंध में भी चर्चा की।

# स्पोर्ट्स



इंग्लैंड के तेज गेंदबाद जेम्स एंडरसन से टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट लेने जा रहे हैं। एंडरसन ने शनिवार को सोशल मीडिया पर सन्यान की घोषणा की। वह 10 जुलाई को आखिरी मैच खेंलेगें।

## जेम्स एंडरसन ने की रिटायरमेंट की घोषणा, लॉर्ड्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलेंगे आखिरी टेस्ट मैच

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट लेने जा रहे हैं। जेम्स एंडरसन ने शनिवार को सोशल मीडिया पर संन्यास की घोषणा की। एंडरसन 10 जुलाई को वेस्टइंडीज के खिलाफ लॉर्ड्स के मैदान पर अपना आखिरी टेस्ट मैच खेलेंगे। जुलाई में वे 42 साल के हो जाएंगे। एंडरसन ने रिटायरमेंट का फैसला इंग्लैंड के टेस्ट कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ बातचीत के बाद लिया। मैकुलम हाल ही में एंडरसन से मिलने के लिए न्यूजीलैंड से इंग्लैंड पहुंचे थे। उन्होंने इस दौरान एंडरसन को बताया कि वह अब भविष्य की ओर देख रहे हैं और 2025-26 ऐशेज की टीम तैयार करना चाहते हैं। दोनों ने इस दौरान गोल्फ भी खेला। फिलहाल एंडरसन ब्रेक पर हैं, काउंटी क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं। कहा था कि वर्कलोड मैनेजमेंट के चलते वह मई के अंत तक ही कोई काउंटी मैच खेल पाएंगे।




### जेम्स एंडरसन का रिटायरमेंट पोस्ट...

एंडरसन ने अपनी रिटायरमेंट पर लिखा, यह कहने के लिए एक नोट है कि लॉर्ड्स में समर का पहला टेस्ट मेरा आखिरी टेस्ट होगा। मेरे देश का प्रतिनिधित्व करते हुए 20 साल अविश्वसनीय रहे, वह गेम को खेलते हुए, जो मुझे बचपन से पसंद है। मैं इंग्लैंड के लिए क्रिकेट खेलना मिस करूंगा। लेकिन मैं जानता हूं कि टीम को अलविदा कहने और यंग प्लेयर्स को मौका देने के लिए यह सही समय है। डेनिएला, लोला, रूबी और मेरे माता-पिता के प्यार और समर्थन के बिना मैं यह नहीं कर पाता। उन्हें बहुत बहुत शुक्रिया, साथ ही उन खिलाड़ियों और कोचों को भी धन्यवाद जिन्होंने इसे दुनिया का सबसे बेहतरीन काम बनाया। मैं आगे आने वाली नई चुनौतियों के लिए उत्साहित हूं, साथ ही अब ज्यादा गोल्फ खेलने के लिए भी उत्सुक हूं। उन सभी को धन्यवाद जिन्होंने करियर के दौरान से मेरा साथ दिया। बतातें चलें कि एंडरसन इस साल की शुरूआत में भारत दौरे पर अपने 700 टेस्ट विकेट पूरे किए थे। एंडरसन ने साल 2003 में जिम्बाब्वे के खिलाफ लॉर्ड्स मैदान पर टेस्ट डेब्यू किया था।

## आयरलैंड ने पहली बार पाकिस्तान को हराया, पहला टी-20 5 विकेट से जीता

**डबलिन (एजेंसी)।** आयरलैंड ने 3 मैचों की सीरीज के पहले टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 5 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ आयरलैंड ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। टी-20 क्रिकेट में पाक टीम पर आयरलैंड की यह पहली जीत है। इससे पहले दोनों के बीच एक मैच 2009 में खेला गया था, तब पाकिस्तान को 39 रन से जीत मिली थी। डबलिन में शनिवार को खेले गए मैच में आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट गंवाकर 182 रन बनाए। आयरलैंड ने 182 रन के लक्ष्य को एक गेंद के शेष रहते हासिल कर लिया। वहीं, पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा रन कप्तान बाबर आजम ने बनाए। पाकिस्तान के कप्तान ने 39 गेंदों पर अपना 35वां टी-20 अर्धशतक लगाया। बाबर 15वें ओवर में 43 गेंद पर 57 रन बनाकर आउट हुए। सईम आयूब ने 29 गेंदों पर 45 रनों का योगदान दिया। आयरलैंड की ओर से क्रेग यंग ने 2 विकेट लिए। गैरेथ डेलानी और मार्क अडायर को 1-1 विकेट मिला।

**आयरलैंड एक बॉल शेष रहते जीता :** आयरलैंड की शुरूआत भी खराब रही। पॉल स्टर्लिंग 8 और फिर लोर्कन टकर 4 रन बनाकर आउट हो गए। 27 रनों पर दो विकेट गिरने के बाद एंड्रयू बलबिरनी और हैरी टेकर ने पारी को संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 77 रनों की साझेदारी हुई।

महत्वपूर्ण न्यूज

## जनता तय करे कि उसे विकास चाहिए या लोगों को धमकाने वाला : मासस



**धनसार (आजाद सिपाही)।** धनबाद लोकसभा दिलचस्प मोड़ पर पहुंच चुका है। जनता की निगाहें उक्त लोकसभा चुनाव पर टिकी है। यहां का चुनाव इस बात का निर्धारण करेगा कि देश में दबंग और कार्पोरेट वर्ग के लोग राज करेंगे या मेहनतकश आम जनता। उक्त बातें मासस के केंद्रीय सचिव सह बीसीकेयू नेता हरि प्रसाद पप्पू ने कही। वे शनिवार को बस्ताकोला लाह्बेरा मांझी मैदान में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जुमलेबाजी के सहारे जनता को ठगा है। उन्होंने मासस प्रत्यासी जगदीश रवानी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। वहीं, मासस के जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान ने कहा कि भाजपा सरकार ने सरकारी सयंत्र को निजी मालिकों के हाथों में देकर बेरोजगारी और महंगाई को चरम तक बढ़ा दिया है। धनबाद के अस्तित्व की रक्षा के लिए मासस प्रत्यासी जगदीश रवानी को भारी मतदान कर जनता विजयी बनायें। बैठक की अध्यक्षता धर्म बाउरी, संचालन सुभाष चटर्जी और धन्यबाद ज्ञापन विजय पासवान ने किया। मौके पर सुभाष सिंह, भूसन महतो, मनीष यादव, राजेश बेरवा, अखिलेश महतो, चौधरी भुईया, फूलचंद भुईया, संतोष भुईया और राकेश सिंह आदि उपर्स्थित थे।

## मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर चिरकुंडा नगर परिषद ने रैली निकाली




**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव को लेकर चिरकुंडा नगर परिषद की ओ्र से मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर शनिवार को रैली व मतदाता शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। रैली नगर परिषद कार्यालय से निकलकर शहीद चौक पहुंचा जहां पर कर्मियों व नागरिकों को मतदाता शपथ दिलाया गया। इसके बाद पुनः रैली चिरकुंडा नीचे व उपर बाजार, तालडांगा, नेहरू रोड होते हुए नगर परिषद कार्यालय आकर समाप्त हुआ। रैली के माध्यम से विभाग के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप कुमार पासवान व सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने मतदाताओं को बताया कि मतदान करना क्यों जरूरी है। मतदाताओं को निर्भीक व निष्पक्ष होकर मतदान करने की अपील की गयी। मौके पर कनिय अभियंता उत्तम कुमार, सुपरवाइजर अमर दास, अनिल साव, चिनमय बनर्जी, ओंकारनाथ श्रीवास्तव व रवि प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## अनुपमा सिंह के समर्थन में रणविजय सिंह ने किया प्रचार



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** लोकसभा अंतर्गत झरिया विधानसभा के बस्ताकोला इंडस्ट्री कोलियरी टिकिया पाड़ा में आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस प्रत्यासी अनुपमा सिंह के समर्थन में आयोजित नुक्कड़ सभा में कांग्रेस नेता सह बीजेकेएमएस के महामंत्री रणविजय सिंह भी शामिल हुए। इसल दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस बार अगर जनता ने गलत फैसला लिया तो बाघमारा विधानसभा के साथ ही धनबाद लोकसभा में भी एक आतंक का माहौल बन जाएगा। जिससे लोग प्रभावित होंगे। इसलिए मतदाता एक बार प्रत्यासी को देखकर मतदान करने जाएं। आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस प्रत्यासी अनुपमा सिंह को भारी मतों से विजय बनाकर लोकसभा भेजें।

## ढुल्लू समर्थक पूर्व मुखिया समर्थकों सहित कांग्रेस में शामिल

**महुदा (आजाद सिपाही)।** धनबाद लोकसभा सीट के लिए मतदान से पहले भाजपा प्रत्.ासी ढुल्लू महतो को शनिवार को फिर एक बार झटका लगा है। बाघमारा विधानसभा क्षेत्र स्थित तारगा पंचायत के पूर्व मुखिया परमेश्वर रवानी अपने समर्थकों के साथ शनिवार को पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हो गए। वे अपने कार्यकर्ताओं-समर्थकों के साथ जलेश्वर महतो के आवासीय कार्यालय में पहुंच कर सदस्यता ग्रहण की। वहीं जलेश्वर महतो ने सभा को फूल माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। मौके पर छोटेलाल महतो, शमीम शेख, सगीर शेख, अकबर शेख और चक्रधारी महतो आदि उपस्थित थे।

## शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण कर लिया व्यवस्था का जायजा



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुमित्रा तिर्की शनिवार को लोकसभा चुनाव के निमित्त प्राथमिक विद्यालय कमलिया, पीएस गोगना एवं मध्य विद्यालय एरिया नंबर 6 में आधारभूत संरचना की व्यवस्था देखने को लेकर एएमएफ का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सभी विद्यालय को दिशा निर्देश दिया गया कि लोकसभा चुनाव के पूर्व सभी विद्यालय अपनी व्यवस्था को दुरुस्त करें। किसी तरह की कोई शिकायत ना मिले। चुनाव के पहले प्रत्येक बूथ के अनुसार सभी विद्यालय एक बड़े घड़े की भी व्यवस्था कर दें, ताकि गर्मी में मतदान कर्मी को किसी तरह की परेशानी ना हो एवं बिजली की व्यवस्था में कोई दिक्कत न हो। पानी की पर्याप्त व्यवस्था हो। लोकसभा चुनाव को अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। निर्वाचन आयोग के पदाधिकारी 23 मई के पहले या बीच में सभी बूथों का निरीक्षण कर सकते हैं। इसे लेकर सभी स्कूल के प्रधानाध्यापक ध्यान देंगे। साथ में सीआरपीएफ भी विद्यालय का अनुसरण कर व्यवस्था की कमी को दूर करवाने में सहयोग करेंगे। मौके पर प्रधानाध्यापक उमाशंकर राम, सीआरपी पंकज कुमार सिंह, प्रबंधन शिक्षा समिति के सदस्य कृष्ण कुमार, संजय कुमार, मो अजीम अंसारी, संजय कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

### जेडीयू नेताओं ने किया ढुल्लू महतो का स्वागत, जिताने का लिया संकल्प

# मुझे वोट नहीं देनेवालों का भी नहीं छोड़ूंगा साथः ढुल्लू

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मटकुरिया स्थित कॉल कैपिटल होटल सभागार में जेडीयू के नेताओं ने शनिवार को एनडीए के भाजपा प्रत्यासी ढुल्लू महतो का भव्य स्वागत किया। जेडीयू ने ढुल्लू महतो को जिताने के लिए हर संभव प्रयास करने और मतदाताओं को जागरूक करने की बात कही। कहा कि ढुल्लू महतो को अधिक से अधिक वोट मिले इसके लिए जेडीयू घर-घर जाकर प्रचार करेगी। वहीं, ढुल्लू महतो ने भी घोषणा की कि जो उनके पक्ष में मतदान करने वालों के अलावा उनके खिलाफ भी मतदान करने वालों का साथ कभी नहीं छोड़ेंगें। हर परिस्थिति में उनका साथ देंगें। किसी से कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नारा ही है सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास। मैं भी लोगों की सेवा करने के लिए ही धनबाद लोस से चुनाव लड़ रहा हूं।



भाजपा प्रत्यासी ढुल्लू महतो का स्वागत करते जदयू के नेता-कार्यकर्ता।

# अनुपमा सिंह ने स्व. विनोद बिहारी महतो की प्रतिमा का जल और दूध से किया अभिषेक

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** आइएनडीआइए महागठबंधन की कांग्रेस प्रत्यासी अनुपमा सिंह ने शनिवार को जनसंपर्क अभियान की शुरूआत स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो चौक से की। वहां अमर विनोद बिहारी महतो जी की आदमकद प्रतिमा को गंगाजल एवं दूध से धोकर अभिषेक करने के बाद पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। कहा कि झारखंड आंदोलन के पुरोधा एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक स्व विनोद बिहारी महतो जनहित के मुद्दे को लेकर लोगों की आवाज बनकर लड़ते रहे। उन्होंने पंचेत और मैथन डैम, सिंदरी कारखाने आदि के कारण विस्थापित हुए लोगों के लिए कई बड़ी लड़ाइयां लड़ी। ऐसे महापुरुष की प्रतिमा को खंडित और अपमानित किए जाने की मैं कड़े शब्दों में निंदा करती हूं। साथ ही दोषियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग करती हूं।



## संवेदनशील बूथों का बोकारो एसपी ने किया औचक निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**कसमार।** गिरिडीह लोकसभा सीट के लिए 25 मई को मतदान होना है। इसी के मद्देनजर बोकारो एसपी पूज्य प्रकाश कसमार ने शनिवार को प्रखंड के संवेदनशील बूथों एवं गांवों का निरीक्षण कर वहां सरल व सुगम मतदान को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कसमार के हिशीम, चौड़ा, केदला, लोधकियारी, त्रियोनाला आदि सुदूर पहाड़ी जंगल स्थित गांव के मतदान संवेदन व अति संवेदनशील केंद्र हैं। जहां चुनाव कराना पुलिस प्रशासन के लिए कड़ी चुनौती की तरह है। वहां के लोग पूर्व में नक्सलियों के डर से मतदान करने अपने घरों से ही नहीं निकलते थे। पर इस बार हालात काफी बदल गए हैं। एक ओर पुलिस की चौकसी बढ़ी है तो दूसरी ओर नक्सली भी नरम पड़े हुए हैं। फिर भी वहां के बूथों पर कोई अनहोनी ना हो इसके लिए पुलिस प्रशासन को अलर्ट मोड़ में रखा गया है। बोकारो एसपी ने उक्त गांवों में पड़ने वाले विभिन्न बूथों का निरीक्षण करते हुए कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो को आवश्यक निर्देश दिया। वहीं, थाना प्रभारी ने कहा चुनाव के वक्त पुलिस को लाने लेजाने, ठहरने एवं भोजन पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर तैयारी संबंधी बातचीत हुई। साथ ही पुलिस कप्तान ने झारखंड-बंगाल अंतर्राज्यीय सीमा पिरगुल चौक पर बने चेकनाके पर तैनात एसएसआई निरंजन महतो को जरूरी निर्देश देते हुए चौकस रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव कराना हमारी प्राथमिकता और जिम्मेवारी है। हम यह व्यवस्था देने का हर संभव प्रयास करेंगे, ताकि लोग निर्भीक होकर मतदान करें। लोकतंत्र की मजबूती ही हमारी शान है।

## राष्ट्रहित में मतदान अवश्य करेंः सांसद दिलीप सैकिया



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** बस्ताकोला स्थित गायत्री मंदिर में शनिवार को असम के सांसद दिलीप सैकिया पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने गायत्री परिवार के साधकों से संवाद किया और सभी से राष्ट्रहित में मतदान करने की अपील की। कहा कि राष्ट्र से बड़ा कुछ नहीं है। इसके अलावा वे इंदिरा आवास स्थित दलित बस्तियों में जनसंपर्क भी किये। यहां की समस्याओं से रूबरू हुए। दलित समाज की महिलाओं व पुरुषों से मतदान करने की अपील की। कहा कि भाजपा राष्ट्रहित की पार्टी है। इसलिए भाजपा को जिताएं। वहीं लोगों ने कहा कि यहां से प्रत्याशी जीत कर जाते हैं लेकिन पांच साल में कभी नहीं आते हैं। जिस कारण यहां पानी, बिजली की समस्या आज भी जस की तस है। इंदिरा आवास का कभी रेपैरींग तक नहीं हुआ। इस पर दिलीप सैकिया ने कहा कि ढुल्लू महतो यहां की समस्याओं का निदान करेंगे। मौके पर राजकुमार अग्रवाल, योगेंद्र यादव, राजकिशोर जेना आदि थे।

### प्रत्याशी मथुरा महतो ने चलाया जनसंपर्क अभियान

# जीता तो गिरिडीह लोस क्षेत्र का करूंगा कायाकल्पः मथुरा महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**फुसरो/बेरमो।** आइएनडीआइए गठबंधन के झामुमो प्रत्यासी मथुरा प्रसाद महतो ने शनिवार को फुसरो नगर परिषद क्षेत्र में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ सिंहनगर-फुसरो स्टेशन से जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की। इसके बाद राजाबेड़ा, भेदमुक्का, पटेल नगर, सिंगारबेड़ा, घुठियांतांड कॉलोनी, नोनिया पट्टी आदि इलाकों में मतदाताओं के घर-घर जाकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। कहा कि मतदाता सोच समझ कर अपने मत का प्रयोग करें, अन्यथा फिर से पांच साल इंतजार करना पड़ेगा। भाजपा पर हमलावर मथुरा महतो ने कहा कि साल 2014 में देश की जनता से बड़े-बड़े वादे करने वाले नरेंद्र मोदी ने इन 10 वर्षों में केवल छलावा ही किया है। उन्होंने कोई भी विकालमूलक कार्य नहीं किया है। यही कारण है कि इस बार चुनाव में उनके पास कोई मुद्दा नहीं है। एनडीए समर्थित आजसू पर जुबानी हमला करते हुए कहा कि साल 2019 में मोदी जी के कहने पर जनता ने केला छाप पर वोट देकर सांसद चुना, जो जीतने के बाद अपने लोस क्षेत्र से नदारद रहे। इस बार भी फिर से वही सांसद उम्मीदवार बनाकर आप लोगों के बीच आए हैं। मतदाताओं से आग्रह है कि इस बार वे आइएनडीआइए गठबंधन के प्रत्यासी को वोट दें, तभी देश का विकास होगा। कहा कि गिरिडीह औद्योगिक क्षेत्र है। पर यहां कई समस्याएं हैं। टुंडी विधानसभा में जिस जमीन पर खेती नहीं हो रहा है वहां हम उत्तम खेती करवा कर इसका लाभ लाभुकों को दजे रहे हैं। यही मॉडल पूरे गिरिडीह लोकसभा में लायेंगें। मौके पर जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी, जिला सचिव जयनारायण महतो, भोलू खान, घुनु हसदा, पानबाबू केवट, दीपक महतो, अनिल रजवार, बनवीर मिश्रा और कुंती देवी आदि उपस्थित थे।

## ऐतिहासिक होगा प्रधानमंत्री का कार्यक्रम : योगश्वर महतो



### भाजपा कार्यसमिति की बैठक में 14 को गिरिडीह में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**जैनामोड़/बेरमो।** जरीडीह प्रखंड में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक शनिवार को बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल के आवासीय परिसर में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जरीडीह प्रखंड भाजपा अध्यक्ष मनोज कुमार ठाकुर और संचालन सुनील कुमार मंडल ने किया। बैठक में बोकारो जिला भाजपा अध्यक्ष भरत यादव में शामिल थे। उन्होंने 14 मई को गिरिडीह लोकसभा केंद्र के प्रत्यासी चंद्रप्रकाश चौधरी के समर्थन में प्रचार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी आ रहे हैं। उक्त कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया जायेगा। पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने कहा कि एनडीए प्रत्यासी चंद्रप्रकाश चौधरी को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाने के लिए गिरिडीह जिला अंतर्गत बिरनी प्रखंड स्थित अरोड़ा मैदान में भव्य जनसभा होने जा रही है। जनसभा में भाजपा के राज्य एवं केंद्र सरकार के मंत्री, सांसद, राज्यसभा सदस्य, विधायक और मंत्री उपस्थित होंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में जरीडीह प्रखंड से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगें। मौके पर भाजपा नेत्री एंजिला सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य सुभाष चंद्र प्रजापति, झारखंड प्रदेश किसान मोर्चा के महामंत्री अर्जुन सिंह, जगतपति सिंह, झारखंड प्रदेश अनुसूचित जनजाति मोर्चा के शंकर रजक, केदार महतो और पूर्व जरीडीह प्रखंड उप प्रमुख सुनील कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

## ठेका मजदूरों को मिला बायोमेट्रिक आरएफआइडी कार्ड

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट के गैर-संकार्य क्षेत्र में ठेका मजदूरों को बायोमेट्रिक आरएफआईडी कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराने की श्रृंखला में शनिवार को नगर प्रशासन के जन स्वास्थ्य विभाग के ठेका श्रमिकों को बायोमेट्रिक आरएफआईडी कार्ड प्रदान करने की शुरूआत की गई। मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) हरि मोहन झा और मुख्य महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) कुंदन कुमार ने जन स्वास्थ्य के ठेका श्रमिकों के बीच कार्ड का वितरण किया।


चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**समाहरणालय, गढ़वा (जिला निर्वाचन शाखा)**
(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

**आम–सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या ECI/PN/23/2024 दिनांक 16.03.2024 के आलोक में 13–पलामू (अ0जा0) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि दिनांक 13.05.2024 को प्रातः 7:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक निर्धारित है। गढ़वा जिला का सम्पूर्ण भाग 13–पलामू (अ0जा0) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत आता है।

Criminal Procedure Code, 1973 (CrPC) की धारा 144 के तहत् मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व यानि दिनांक 11.05.2024 को अपराह्न 5:00 बजे के बाद से दिनांक 14.05.2024 तक के लिए गढ़वा जिला अंतर्गत किसी भी प्रकार की सार्वजनिक सभा/बैठक आयोजित करने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाता है। उक्त अवधि के दौरान 5 से अधिक व्यक्तियों के एक साथ इकट्ठा होने/आने–जाने की अनुमति नहीं होगी। यद्यपि घर–घर प्रचार के सिलसिले में मतदान समाप्ति के नियत समय से पूर्व 48 घंटे के दौरान घर–घर प्रचार–प्रसार पर प्रतिबंध नहीं रहेगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, गढ़वा।

PR.NO.324690Election(24-25):D



चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**समाहरणालय, गढ़वा (जिला निर्वाचन शाखा)**
(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

**आम–सूचना**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी –सह– सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक 2965 दिनांक 06.05.2024 के द्वारा 13–पलामू (अ0जा0) संसदीय निर्वाचन क्षेत्रान्तर्गत गढ़वा जिला के प्रशासनिक क्षेत्र में अवस्थित 76–डाल्टनगंज (पार्ट भण्डरिया एवं बड़गड़ प्रखण्ड) के 04 मतदान केन्द्रों के Relocation संबंधी इस कार्यालय के पत्रांक 1125 दिनांक 03.05.2024 द्वारा प्रेशित प्रस्ताव पर भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 64/ES-I/JKD-HP/2024 दिनांक 06.05.2024 के द्वारा सहमति प्रदान किये जाने की सूचना संसूचित की गई है।

अनुमोदित Relocated मतदान केन्द्रों की विवरणी निम्नवत् है:–

| क0 | विधानसभा क्षेत्र | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र का संख्या एवं नाम | मतदान केन्द्र का नाम जहॉं Relocate किया गया है |
|---|---|---|---|
| 1 | 076–डाल्टनगंज (पार्ट भण्डरिया एवं बड़गड़ प्रखण्ड | 372. उत्कमित मध्य विद्यालय, हरता | उत्कमित मध्य विद्यालय, बिजका |
| 2 | | 421. रा0 प्रा0 वि0 तुरेर | उ0 उच्च विद्यालय, मदगड़ी "च" |
| 3 | | 425. उत्कमित प्रा0 वि0, कुटकू | उ0 उच्च विद्यालय, मदगड़ी "च" |
| 4 | | 426. उत्कमित प्रा0 वि0 खटाई टोला, सनेया | उ0 उच्च विद्यालय, मदगड़ी "च" |

एतद् द्वारा उक्त क्षेत्र के सभी मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि मतदान दिवस दिनांक 13.05.2024 को प्रातः 7:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे के बीच Relocated मतदान केन्द्र पर उपस्थित होकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, गढ़वा।

PR 324687Election(24-25)#D



**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय,लोहरदगा**
**(ई०डी०सी०/पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग)**

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**आम सूचना**

लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित लोकसभा क्षेत्रवार डाक मतपत्र के माध्यम से VED (Voters on Election Duty) के मतदाताओं को मतदान कराने हेतु निम्नलिखित तिथि निर्धारित करते हुए तदनुसार सुविधा केन्द्र (Facilitation Centre) गठित की जाती है जिसकी विवरणी निम्नवत है :–

**सुविधा केन्द्र हेतु प्रतिनियुक्ति**

समयः– 9.00 बजे पूर्वाहन से 5.00 बजे अपराहन तक।

| क0 सं0 | सुविधा केन्द्र का स्थान/तिथि | लोकसभा क्षेत्र का नाम | प्रारूप 13क सत्यापन हेतु राजपत्रित पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम (as incharge of FC) | नामित मतदान पदाधिकारी | सुविधा केन्द्र पर प्रतिनियुक्ति मतदान कर्मी का नाम/पदनाम/कार्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Facilitation Centre समाहरणालय परिसर, लोहरदगा। 16.05.2024 से 17.05.2024 तक | चतरा/कोडरमा/हजारीबाग/धनबाद/गिरिडीह/जमशेदपुर/रांची। | श्री जयपाल सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा, 7488617977 | Polling Officer 1 | श्री सुशील कुमार भगत, पंचायत सचिव, किस्को, 7903103297 |
| | | | | Polling Officer 2 | श्री सुनिल चन्द्र कुॅवर, जनसेवक, कुडू, 7250958988 |
| | | | | Polling Officer 3 | श्री अवध किशोर प्रसाद, जनसेवक, कुडू, 7903365754 |
| 2 | Facilitation Centre समाहरणालय परिसर, लोहरदगा। 21.05.2024 से 22.05.2024 तक | धनबाद/गिरीडीह/जमशेदपुर/रॉंची/राजमहल/गोड्डा/दुमका | अनुरंजन झा, परीक्ष्यमान उपसमाहर्त्ता, लोहरदगा 9430753543, 6207212250 | Polling Officer 1 | कृष्णा यादव, सहायक शिक्षक, मो0 9334232319 |
| | | | | Polling Officer 2 | भिखराम भगत, सहायक शिक्षक, मो0 9123289262 |
| | | | | Polling Officer 3 | विजय बैठा, सहायक शिक्षक, मो0 9386609699 |
| 3 | Facilitation Centre समाहरणालय परिसर, लोहरदगा। 24.05.2024 से 25.05.2024 तक | राजमहल/गोड्डा/दुमका | विजय रंजन तिर्की, परीक्ष्यमान उपसमाहर्त्ता, लोहरदगा, 9931570766 | Polling Officer 1 | मो0 मेराजूल हक, सहायक शिक्षक, मो0 9693815411 |
| | | | | Polling Officer 2 | अजीत कुमार भारती, सहायक शिक्षक, मो0 8210768108 |
| | | | | Polling Officer 3 | शिव कुमार प्रजापति, सहायक शिक्षक, मो0 7277988092 |

वैसे पदाधिकारी/कर्मी जिन्होने Form-12 भरा है, डाक मतपत्र से मतदान कर सकेंगे।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लोहरदगा

PR 324704 Lohardaga(24-25).D

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 12 मई, 2024
www.azadsipahi.in



# कांग्रेस 50 सीटों से नीचे सिमटेगी : मोदी

## प्रधानमंत्री ने पद्मश्री पूर्णमासी जानी के छुए पैर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ओड़िशा के कंधमाल, बोलांगीर और बरगढ़ में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने ओड़िशा के सीएम नवीन पटनायक को चुनौती देते हुए कहा कि नवीन बाबू लंबे समय से ओड़िशा के मुख्यमंत्री हैं। मैं उन्हें चैलेंज करता हूं कि वे ओड़िशा के सभी जिलों का नाम बिना कुछ देखे बतायें।

प्रधानमंत्री ने कंधमाल की रैली में कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस 50 सीटों से नीचे सिमटने वाली है। 4 जून को पार्टी देश के संसद में विपक्ष भी नहीं बन पायेगी। मैं कांग्रेस को दो टूक कहूंगा कि वो इस भरोसे में न रहें कि भारत का मुसलमान इधर-उधर नहीं जायेगा। लोगों ने एनडीए को 400 के पार पहुंचाने का मन बना लिया है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस कहती है कि संभल के चलो, पाकिस्तान के पास एटम बम है। पाकिस्तान की हालत ऐसी है कि उन्हें बम संभालना भी नहीं आता। वे अपने बम बेचने के लिए खरीदार की तलाश कर रहे हैं, लेकिन कोई उनसे खरीदना नहीं चाहता। लोग उनके सामान की क्वालिटी के बारे में जानते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 26 साल पहले आज के दिन अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था। एक वह दिन था, जब भारत ने दुनिया को अपने सामर्थ्य का परिचय करवाया था और दूसरी ओर कांग्रेस है, जो बार-बार लोगों को डराने की कोशिश करती है।

कंधमाल में प्रधानमंत्री ने स्टेज पर पद्मश्री विजेता पूर्णमासी जानी के पैर छुए। पूर्णमासी एक कवयित्री और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। उन्हें 2021 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

# कल ओड़िशा के चार संसदीय क्षेत्रों में मतदान



- 62 लाख से ज्यादा मतदाता करेंगे मतदान
- पहले चरण के चुनाव से पहले मुख्य निर्वाचन अधिकारी की प्रेस मीट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** प्रदेश में पहले चरण और देश में चौथे चरण की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। ओड़िशा के 4 संसदीय क्षेत्रों कलाहांडी, कोरापुट, नबरंगपुर और ब्रह्मपुर और इसके अंतर्गत आने वाले 28 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 13 मई को चुनाव होंगे।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी निकुंज बिहारी धला ने इसकी जानकारी दी। राज्य में पहले चरण के चुनाव को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। 13 मई को 4 संसदीय क्षेत्रों और 28 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। निस्तारण की प्रक्रिया शनिवार से शुरू हो गयी है। कुल 62 लाख 87 हजार मतदाता मतदान करेंगे। इनमें 30 लाख 97 हजार पुरुष, 31 लाख 89 हजार महिलाएं, 1 लाख 75 हजार युवा और 14 लाख 68 हजार 20 से 29 साल के मतदाता हैं। 13 मई को 7,333 केंद्रों पर मतदाता वोट डालेंगे। 14 अतिरिक्त मतदान केंद्र बनाये गये हैं। कोरापुट संसदीय क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या सबसे कम है और कलाहांडी में मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक है। यहां 1294 शतायु मतदाता हैं। मतदान से पहले 3 हजार 636 मतदाताओं ने घर बैठे मतदान किया।

## आम सूचना

मैं मनोज कुमार पिता बाबुराम महतो, ग्राम हुटुप, पोस्ट इरबा, थाना ओरमांझी, जिला रांची (रांची लोकसभा) का निवासी एवं बहुजन समाज पार्टी का उम्मीदवार हूं। मेरे विरूद्ध देश के किसी भी थाना में किसी भी प्रकार की प्राथमिकी-मुकदमा दर्ज नहीं है।

# मोदी के कार्यक्रम की तैयारी को लेकर लक्ष्मीकांत वाजपेयी पहुंचे राजधनवार

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



राजधनवार में लक्ष्मीकांत वाजपेयी को बुके देकर स्वागत करते लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनवार।** आगामी 14 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिरनी प्रखंड के ग्राम पेशम में आयोजित कार्यक्रम का जायजा लेने भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी पहुंचे। इस दौरान वे राजधनवार के भाजपा कार्यलय में भी पहुंचे। उन्होंने तैयारियों का जयजा भी लिया। भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह और झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा ने उनका स्वागत किया। पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर श्री वाजपेयी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को कई अहम निर्देश भी दिये।

# उद्यमिता और नवाचार प्रबंधन केंद्र का उद्घाटन



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड यूनिवर्सिटी ने कृषि और पशु चिकित्सा विज्ञान के छात्रों को आत्मनिर्भर और उद्यमी बनने के लिए प्रशिक्षित करने के लिए एक केंद्र स्थापित किया है। सोआ उपाध्यक्ष शाश्वती दास द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में उद्यमिता और नवाचार प्रबंधन के नये केंद्र का उद्घाटन किया गया। श्रीमती दास ने कहा कि इसके माध्यम से कृषि एवं पशु चिकित्सा विज्ञान की पढ़ाई करने वाले छात्र स्वरोजगार पाने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर सोआ के कुलपति प्रोफेसर प्रदिप्त कुमार नंद उपस्थित थे। केंद्र के प्रमुख प्रोफेसर समरेंद्र महांति ने कहा कि आइएएस और आइवीएसएच के छात्रों को अपने-अपने संस्थानों में सिद्धांत और व्यावहारिक दोनों पाठ्यक्रमों को सीखने के बाद आत्मनिर्भर उद्यमी बनने, नवाचार करने और व्यवसाय चलाने के बारे में प्रशिक्षित किया जायेगा। सोआ के प्रो-चांसलर और रजिस्ट्रार प्रो विभूति भूषण प्रधान, आइएएस के डीन प्रो संतोष कुमार राउत, आइवीएसएच के डीन प्रो ब्रह्मदेव पटनायक और डीन प्रो ज्योति रंजन दास आदि उपस्थित थे।

NEW SONI JEWELLERS
50% Off on Making Charge
भारी छूट
आकर्षक उपहार
GOLD • SILVER • DIAMOND
Opp. Nirwachan Aayog (Election Commission) Ratu Road, Chowk, Ranchi - 01
91 9955526560
91 9431143722

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION
Certified with
Franchise Benefit
All Computer Courses
Vocational Courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate
Yearly Career Guidance
Seminar in your City
FREE FRANCHISE
For More Details Visit Now Just Call Us : 9835502908
Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com
Registered office : 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908
Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045
Cooperate office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546

YBN UNIVERSITY
Established by the Jharkhand Act of 15, 2017 Gazette Notification No. 505 dated 17th July 2017, Published by Govt. of Jharkhand as per Section 2(f) of UGC Act 1956
Rajaulatu, Namkum, Ranchi-834010
APPROVALS
12 MAY International Nurse Day
TRIBAL COLLEGE OF NURSING
MAA KALAWATI INSTITUTE OF HEALTH EDUCATION & RESEARCH CENTRE
Tata Road, PO, Namkum, Sidrol, Jharkhand 834010
Constituent College of YBN University
NURSING
B.Sc. Nursing
Post Basic B.Sc. Nursing
G.N.M. ♦ A.N.M.
Sri Ramjee Yadav
Chairman
अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
9570600500, 9431104112,7061261557, 8882451992
Helpline : ybnuniversity2017@gmail.com • Website : www.ybnu.ac.in




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. RN/249/2019-21